फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 11 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 23, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कतर में दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस लांच 14

फिल्म बड़े घर की बेटी में अंजना और यामिनी 13

ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई कार, पिथौरागढ़ के तीन की मौत

संवाददाता, संसारपुर (लखीमपुर खीरी)

अमृत विचार: लखीमपुर खीरी के मैलानी इलाके में रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार एक्सयूवी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में पिथौरागढ़ के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर घायल हो गए। ये सभी लोग रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर एक्सयूवी एक वैगनआर कार से टकरा गई, जिससे उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी सातों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ निवासी पांच लोग एक्सयूवी कार यूके 05 डी- 5885 से रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे थे। मैलानी क्षेत्र में गोला-खुटार हाईवे पर ग्राम नौवाखेड़ा के समीप एक्सयूवी कार ईंटों भरी ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराई। इसके बाद अनियंत्रित हुई एक्सयूवी सामने से आ रही वैगनआर से भिड़ गई।

हादसा इतना जबरदस्त था कि एक्सयूवी के परखच्चे उड़ गए और वैगनआर कार खाई में जा गिरी। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी गोला पहुंचाया जहां डॉक्टर ने एक्सयूवी सवार जचल सिंह (30), कुंदन सिंह (35) और प्रतीक शर्मा (30) को मृत घोषित कर दिया। नरेंद्र सिंह पुत्र मोहन सिंह (31) व अनिकेत (30) पुत्र दीपक सिंह गंभीर घायल हैं।

जबकि वैगनआर सवार सहकारी गन्ना समिति गोला में लिपिक दिलीप सिंह पलिया दवा लेने जा रहे थे। उनके साथ कार में उनकी पत्नी रंजना, बेटा अनुज के अलावा जीआरपी लखीमपुर चौकी प्रभारी शिवम, उनकी पत्नी पूजा सवार थे। ये लोग भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे में क्षतिग्रस्त हुई एक्सयूवी कार। ● अमृत विचार

▸▸ **अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे लोग लखीमपुर खीरी में हुआ हादसा एक्सयूवी बाद में वैगनआर से टकराई सात लोग गंभीर रूप से घायल**

> सुबह करीब 5 : 20 बजे हादसे की सूचना मिली। दोनों कारों में सवार सभी 10 लोगों को सीएचसी गोला भेजा गया, जिनमें तीन को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दो लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है।
>
> – मोहित पुंडीर, चौकी प्रभारी संसारपुर

कूनो में जन्में पांच चीता शावक

भोपाल, एजेंसी

मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता गामिनी ने रविवार को पांच शावकों को जन्म दिया, जिसके साथ देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई।

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने एक्स पर पोस्ट किया कि पांच शावक, कूनो! दक्षिण अफ्रीका के त्वालु कालाहारी रिजर्व से लाई गई लगभग पांच वर्ष की मादा चीता गामिनी ने आज पांच शावकों को जन्म दिया। मंत्री ने कहा कि भारत में पैदा होने वाले चीते के शावकों की संख्या अब 13 हो गई है। यह चौथी बार है जब भारत में किसी चीता ने शावकों को जन्म दिया है।

जबकि दक्षिण अफ्रीका से लाए गए किसी चीता ने पहली बार शावकों को जन्म दिया है। केन्द्रीय मंत्री ने वन अधिकारियों की टीम, पशुचिकित्सकों और अन्य कर्मियों को बधाई दी है। महत्वाकांक्षी चीता पुनः परिचय परियोजना के तहत 17 सितंबर 2022 को आठ नामीबियाई चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ा गया था, जिनमें पांच मादा और तीन नर चीते थे। फरवरी 2023 में अन्य 12 चीतों को दक्षिण अफ्रीका से लाया गया जिसमें गामिनी भी शामिल है।

▸▸ **भारत में पैदा होने वाले चीते के शावकों की संख्या अब हो गई है 13, 26 हो चुकी है अब तक देश में कुल चीतों की संख्या**

एक नजर

आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ सात आईईडी बरामद

जम्मू। सुरक्षा बलों ने रविवार को जम्मू कश्मीर में पुंछ जिले के एक जंगल में आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया और सात आईईडी बरादम किए तथा एक वायरलेस सेट जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि यह ठिकाना सुरनकोट इलाके में दारा सांगला में एक गुफा के अंदर था। पुलिस और सेना के संयुक्त खोज दल ने इसका भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि ठिकाने से कंबल और कुछ अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं।

सीआईएसएफ को स्थापना दिवस की पीएम ने दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को उसके स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा में उनका समर्पण और सतर्कता अद्वितीय है। भारत के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में शामिल सीआईएसएफ की स्थापना 1969 में की गई थी तथा इसे अहम सरकारी तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट पर लिखा– केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को गौरवशाली स्थापना दिवस की बधाई।

न्यायमूर्ति खानविलकर बने लोकपाल अध्यक्ष

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अजय माणिकराव खानविलकर को रविवार को राष्ट्रपति भवन में लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति खानविलकर (66) ने 13 मई, 2016 से 29 जुलाई, 2022 तक शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में सेवा दी हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश को दिया 8275.51 करोड़ की 122 योजनाओं का तोहफा

आचार संहिता लगने से पहले ताबड़तोड़ योजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्य सेवक सदन में 17 सरकारी विभागों की 8,275.51 करोड़ की 122 विकास योजनाओं का डिजिटली लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें 11 विभागों की 1,048.15 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण एवं 15 विभागों की 7,227.36 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास हुआ है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग की 2,027 करोड़ की प्रीपेड मीटर योजना का भी शिलान्यास किया। साथ ही पंजीकृत श्रमिकों को टूल किट भी वितरित किए।

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ बनाना है जिसका असर भी देखने को मिल रहा है। आज 8000 करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया है। ये सभी योजनाएं उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाएंगीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरलीकरण, समाधान और संतुष्टि के मंत्र से नई कार्य संस्कृति का वातावरण बना है। इससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। हमारा काम बोले इसका भी प्रयास रहता है। मातृशक्ति एवं नौजवानों को रोजगार, स्वरोजगार के लिये नियोजन से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि टनकपुर से भी अब देहरादून के लिये ट्रेन संचालित हो गई है। अयोध्या सहित अन्य स्थानों के लिए भी ट्रेन की सुविधा मिल रही है। पिछले वर्ष चारधाम यात्रा में 56 लाख श्रद्धालु आये जबकि पूर्णागिरी मेले में भी 50 लाख श्रद्धालु पहुंचे। वर्ष भर धार्मिक पर्यटन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रदेश की जीएसडीपी को पांच वर्षों में दोगुना करने का है। प्रत्येक जिले में 2025 तक बेस्ट प्रेक्टिस व नवाचार के रूप में पहल को लेकर कार्य योजना बनाई जा रही है। जीएसटी संग्रहण 23 प्रतिशत पहुंच गया है। प्रतिवर्ष लिए जाने वाले ऋण में भी कमी आई है। कार्यक्रम में ऊर्जा सचिव एवं एमडी पिटकुल पीसी ध्यानी ने 5 करोड़ का लाभांश का चेक मुख्यमंत्री धामी को दिया। वहीं सीएम ने विभिन्न उद्यमियों को सौर ऊर्जा परियोजनाओं के आवंटन पत्र व मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के आवंटन पत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल व धन सिंह रावत, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, नियोजन सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम, सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, विधायक विनोद चमोली, सरिता आर्या, दुर्गेश्वर लाल, शक्ति लाल शाह, मोहन सिंह बिष्ट, संजय डोभाल, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, शैलेश बगोली, सचिन कुर्वे, डॉ. आर राजेश कुमार, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान मौजूद रहे।

देहरादून में मंच से विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व अन्य नेतागण। ● अमृत विचार

2,027

करोड़ की प्रीपेड मीटर योजना का भी किया गया शिलान्यास

हल्द्वानी में ऑनलाइन सट्टे का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

पुलिस की हिरासत में पकड़े गए सटोरिए। ● अमृत विचार

15.1

लाख रुपये, 11 मोबाइल और 1 लैपटॉप हुआ बरामद, पुलिस और एसओजी की टीम ने सट्टे का किया खुलासा अपने ही घर में सट्टा कारोबार चला रहा था सरगना मनोज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पुलिस ने ऑनलाइन व ऑफलाइन सट्टा लगाने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गैंग के सरगना समेत पांच सटोरियों को गिरफ्तार किया है। उनसे 15.01 लाख नगदी, 11 मोबाइल, 1 लैपटॉप, हिसाब-किताब के तीन रजिस्टर बरामद किए हैं। सट्टे में यह अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी मानी जा रही है।

रविवार को पुलिस बहुद्देश्यीय भवन में हुई प्रेस वार्ता में एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि पुलिस को एक एप के जरिए ऑनलाइन व ऑफलाइन सट्टे की सूचना मिली। इस पर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने शनिवार की देर रात रामपुर रोड गली नंबर-9 में मनोज गुप्ता पुत्र गंगाशरण गुप्ता के घर छापेमारी की। टीम ने मौके से मनोज, अभिषेक अग्रवाल पुत्र ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी सतीश कालोनी हीरानगर, मो. कामिल पुत्र नाजिम खां निवासी लाइन नंबर 18 बनभूलपुरा, विशाल गुप्ता पुत्र मुकेश गुप्ता निवासी गली नंबर 9, रोहित गुप्ता पुत्र धर्मपाल गुप्ता निवासी धान मिल बरेली रोड को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि सभी से 15,01,640 रुपये, 11 मोबाइल, एक लैपटॉप, हिसाब किताब के तीन रजिस्टर, 1 कैलकुलेटर बरामद हुए हैं। तीनों के खिलाफ जुआ एक्ट की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। एसपी सिटी चंद्र ने बताया कि मनोज गुप्ता इस गैंग का सरगना है, वह बेटिंग असिस्टेंट आई बुक एप के जरिए सट्टा लगवाता है। वह अपने घर में ही सट्टा खिलवाता है। उसके खिलाफ एनडीपीएस में मुकदमा दर्ज है।

लालू यादव के करीबी सुभाष को ईडी ने किया गिरफ्तार

पटना, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में अवैध रेत खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जुड़े सुभाष यादव को पटना से गिरफ्तार किया है। सुभाष यादव को राजद प्रमुख लालू यादव का करीबी बताया जाता है।

केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार को राज्य की राजधानी में यादव और उनके सहयोगियों के आधा दर्जन परिसरों पर छापे मारे। यादव को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया और जिन विभिन्न परिसरों पर छापेमारी की गई, वहां से लगभग 2.3 करोड़ नकद और कई कागजात जब्त किए। रेत खनन गिरोह के अहम सिंडिकेट सदस्य होने के आरोपी यादव को सोमवार को पटना में धन शोधन निवारण अधिनियम मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत में पेश करने की संभावना है।

● **अवैध रेत खनन केस में दर्जनों जगह पर हुई छापेमारी**

रेल रोको आंदोलन, पटरियों पर बैठे किसान

चंडीगढ़, एजेंसी

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को पूरा करने को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर 'रेल रोको' आंदोलन के तहत रविवार को पंजाब के विभिन्न इलाकों में किसान रेल पटरियों पर धरने पर बैठे। किसानों ने अपनी मांग पूरी नहीं करने पर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। ट्रेन सेवाएं बाधित होने की वजह से यात्रियों को असुविधा हुई। धरना-प्रदर्शन दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक चला।

पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 27 दिन से अपनी मांगों को लेकर डटे किसानों ने देश भर में रेल रोको आंदोलन चलाया। पंजाब में 52 और हरियाणा में तीन स्थानों पर ट्रेनों को रोका गया। हरियाणा के सिरसा में रेलवे ट्रैक को बाधित करने जा रहे तकरीबन 45 किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पंजाब में किसानों ने 22 जिलों में 52 स्थानों पर रेल पटरियों पर धरना दिया।

रेल रोको आंदोलन के दौरान प्रदर्शन करते किसान।

● **ट्रेनों के चक्के थमने से स्टेशनों पर यात्री रहे परेशान हरियाणा में किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया**

11 से 13 तक बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट

हल्द्वानी, अमृत विचार : उत्तराखंड में एक बार फिर से मौसम करवट ले रहा है। मौसम विभाग ने 11 से 13 मार्च तक प्रदेश में बारिश और ओलावृष्टि को लेकर अलर्ट जारी किया है।

मार्च के पहले पखवाड़े में बारिश और ओलावृष्टि हुई थी। अब फिर से इसी तरह का मौसम बन रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 11 से 13 मार्च तक पहाड़ी जिलों में और 12 से 13 मार्च तक मैदानी इलाकों में बारिश होने की संभावना है। पहाड़ और मैदान दोनों ही जगह कहीं-कहीं ओलावृष्टि हो सकती है। पहाड़ों में सोमवार से ही पिथौरागढ़, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और चमोली जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, हल्द्वानी में रविवार की शाम से मौसम बदलने लगा था। हल्की हवाएं चलने लगी थीं। हल्द्वानी में चटक धूप निकल रही है तो रात में मौसम ठंडा रह। मौसम विज्ञानी डॉ. आरके सिंह के अनुसार 11 से 13 मार्च के दौरान तापमान में गिरावट आएगी।

▸▸ **पिथौरागढ़, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और चमोली में आज हो सकती है बारिश**

टीएमसी ने घोषित किए उम्मीदवार

कोलकाता, एजेंसी

▸▸ **पश्चिम बंगाल में 42 सीट के लिए प्रत्याशियों में शामिल हैं नए चेहरे, सात सांसदों के टिकट कटे, पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान भी चुनावी मैदान में**

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट के लिए पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी ने सात सांसदों को टिकट नहीं दिया है और कुछ नए चेहरों को मैदान में उतारा है जिनमें पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान का नाम भी शामिल है।

तृणमूल कांग्रेस ने पुराने नेताओं और अगली पीढ़ी के नेताओं के बीच जारी कथित सत्ता संघर्ष के बीच अनुभवी नेताओं और नई प्रतिभा का सामंजस्य बनाए रखा। अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को असानसोल से फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। सिन्हा ने पिछला चुनाव भी आसनसोल से जीता था। बसीरहाट लोकसभा सीट से पार्टी ने पूर्व सांसद हाजी नुरुल इस्लाम को मैदान में उतारा है और यहां से सांसद नुसरत जहां को टिकट नहीं मिला है। हाल ही में चर्चा में रहा संदेशखालि इसी लोकसभा क्षेत्र में स्थित है। पार्टी ने 23 सांसदों में से 16 पर भरोसा जताया है। तृणमूल कांग्रेस ने सात मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं दिया है जिनमें बैरकपुर से सांसद अर्जुन सिंह भी शामिल हैं जो दो साल पहले भाजपा छोड़कर सत्तारूढ़ दल में शामिल हो गये थे। नए चेहरों में 12 महिला और 26 पुरुष शामिल हैं, जिनमें मौजूदा सांसद और पिछले दावेदार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पश्चिम बंगाल कैबिनेट के दो मंत्रियों -पार्थ भौमिक और बिप्लब मित्रा- सहित नौ विधायकों को लोकसभा का

कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में जनजन सभा रैली के दौरान पार्टी उम्मीदवारों के साथ चलती तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ● एजेंसी

विज्ञान जरूरी | जीबी पंत विवि में किसान मेले को पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी किया संबोधित, कहा– वैज्ञानिक नई तकनीक करें विकसित

जीआई टैगिंग पर खास ध्यान दें वैज्ञानिक : कोश्यारी

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: पूर्व सीएम और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने जीबी पंत विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से अपनी सोच को दूरगामी रखकर नई तकनीकों को विकसित करने को कहा, ताकि किसानों का पलायन रोका जा सके। उन्होंने जीआई टैगिंग के बारे में बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे किसानों को उचित मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने वैज्ञानिकों को ऋषि की संज्ञा देते हुए कहा कि ऋषि अर्थात वैज्ञानिक के बिना कृषि संभव नहीं है।

रविवार को मुख्य अतिथि पूर्व सीएम और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल कोश्यारी ने जीबी पंत विश्वविद्यालय के 115वें अखिल भारतीय किसान मेले एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर कहा कि विश्वविद्यालय से उनका संबंध स्थापना से ही रहा है। देश की आजादी के बाद आधी से ज्यादा आबादी गरीबी रेखा से नीचे थी और मध्यकाल में ऐसा समय भी आया था जिसमें खाने के लिए अमेरिका का पीएल 480 का सड़ा गेहूं उपयोग में लाया जाता था। विश्वविद्यालय की स्थापना के तीन-चार वर्षों बाद वैज्ञानिकों एवं किसानों के अथक प्रयासों से विश्वविद्यालय में एक नई हरित क्रांति का जन्म हुआ जिसने भुखमरी को समाप्त किया।

उन्होंने कहा कि किसान एवं विज्ञान इन दोनों के सहयोग से आज हमारा देश खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर ही नहीं अपितु आज के समय में विभिन्न देशों में भी खाद्यान्न का निर्यात कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 2047 तक हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा खाद्यान्न भंडारण गृह होगा और विश्वभर में खाद्यान्न की आपूर्ति करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वैज्ञानिक और किसानों के भरोसे से ही यह संकल्प लिया है।

जीबी पंत विवि में मेले को संबोधित करते पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री धामी ने किया सौंदर्यीकरण का शिलान्यास, श्रद्धालुओं को मिलेंगी सुविधाएं

भवाली में 28 करोड़ से संवरेगा कैंची धाम

संवाददाता, हल्द्वानी/नैनीताल

अमृत विचार : धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के मकसद से प्रसिद्ध बाबा नीब करौरी महाराज का कैंची धाम आश्रम का 28 करोड़ से सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने पहली किस्त जारी कर दी है। वहीं, नगर पालिका प्रशासन ने निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत भवाली के कैंची धाम मंदिर के सौंदर्यीकरण की घोषणा की थी। इसके बाद स्थानीय प्रशासन ने 28 करोड़ा का प्रस्ताव बनाया था। इधर, रविवार को मुख्यमंत्री धामी ने मंदिर के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास किया। इस सौंदर्यीकरण के अंतर्गत कैंची धाम में पार्किंग की समस्या को देखते हुए मल्टीलेवल पार्किंग, बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के रहने के लिए विजिटर सेंटर, पैदल पाथ, वर्तमान पुल के नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण होगा और एक नया पुल बनाया जाएगा। ताकि भविष्य में श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं हो।

नीब करौरी महाराज का कैंची धाम आश्रम। ● अमृत विचार

भवाली के निवर्तमान चेयरमैन संजय वर्मा ने बताया कि सौंदर्यीकरण के लिए पहली किस्त जारी कर दी है। इसके लिए नगर पालिका प्रशासन ने निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी है। निविदा होती ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व सांसद अजय भट्ट से इसका उद्घाटन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर के विकसित होने से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय लोगों व सरकार की आय में भी वृद्धि होगी।

रोहिणी, एजुकेशन और स्पाईकर ने जीते मैच

नैनीताल : डीएसए मैदान में चल रही स्व. एनके आर्या क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत रविवार को तीन नॉकआउट मैच खेले गए। जिसमें रोहिणी, एजुकेशन और स्पाईकर ने अपने-अपने मैच जीत कर अगले चक्र में प्रवेश किया। आयोजन सचिव मोहित कुमार ने बताया पहला मैच नो नेम एवं रोहिणी इलेवन के मध्य खेला गया। जिसमें रोहिणी ने चार विकेट खोकर जीत दर्ज की। दूसरा मैच नैंसी स्ट्राइकर एवं एजुकेशन के मध्य खेला गया। जिसमें एजुकेशन की टीम ने 5 विकेट होकर लक्ष्य हासिल किया। तीसरा मैच स्पाईकर एवं आरबीएस के मध्य खेला गया। जिसमें स्पाईकर ने 2 विकेट शेष रहते मैच में जीत दर्ज की। संचालन अभिषेक आर्या ने किया। स्कोरर मोहित बिष्ट रहे।

गांव में सड़क नहीं तो वोट नहीं

- जंगलियागांव के ग्रामीणों ने किया चुनाव बहिष्कार का ऐलान
- सीएम और डीएम को भेजा पत्र शीघ्र कार्रवाई की लगाई गुहार

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : विकास खंड भीमताल के ग्राम जंगलियागांव के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग पूरी न होने पर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया है। उन्होंने मांग से संबंधित पत्र सीएम और डीएम को भेजकर शीघ्र कार्रवाई की गुहार लगाई है।

क्षेत्र के सैमधार और सिमाला के ग्रामीण वर्ष 2015 से गांव में सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। वह प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर सीएम स्तर तक कई बार पत्र भेज चुके हैं, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। पूर्व में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने सड़क निर्माण के संबंध में संबंधित विभाग को आदेश दिए थे। जिसके बाद डीएम ने अधिकारियों को गांव में भेजकर बैठक भी कराई, उसके बावजूद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाई है। ग्राम प्रधान राधा कुलियाल व समाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुलियाल ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के सचिव को ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराने के बाद भी समस्या का कोई हल नहीं निकल पाया है। सड़क निर्माण न होने पर सभी ग्रामीणों ने आगामी लोकसभा चुनाव में वोट नहीं डालने का निर्णय लिया है। उन्होंने सीएम और डीएम को पत्र भेजकर शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की है। मांग करने वालों में सुरेश चंद्र, पुष्पा देवी, किशोरी लाल, बीरबल कुमार, पनी राम, शंकर राम, जीवन राम आदि शामिल रहे।

ग्रामीणों की मांग जायज है। सड़क की नितांत आवश्यकता है। कई बार मांग करने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। इसलिए चुनाव बहिष्कार ही एक मात्र रास्ता बचा है। – **राधा कुलियाल**, ग्राम प्रधान

सड़क की हालत बेहद खराब है। अब तक पांच लोग दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। ऐसे में ग्रामीण यदि सड़क की मांग कर रहे हैं तो कुछ गलत नहीं है। हम सब साथ हैं। – **प्रेम कुलियाल**, सामाजिक कार्यकर्ता

नगारी गांव में प्रवेश द्वार का लोकार्पण करते ब्लॉक प्रमुख डॉ. बिष्ट। ● अमृत विचार

नगारी गांव में प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया

- ब्लॉक प्रमुख ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट ने रविवार को भीमताल विकास खंड के ग्राम नगारी में तीन लाख रुपये की लागत से बने मुख्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण लंबे समय से प्रवेश द्वार की मांग कर रहे थे। द्वार के निर्माण से अब गांव की पहचान करने में आसानी होगी। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख डॉ. बिष्ट ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों में हीलाहवाली का मुद्दा उठाया।

बताया कि कार्य के दौरान सड़क जगह-जगह खोद दी गई है, जिससे मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया है। जिस पर प्रमुख ने विभागीय अधिकारियों को फोन से समस्या का शीघ्र निराकरण करने को कहा। इस दौरान ब्लाक प्रमुख ने गांव के लिए टीन शेड और शौचालय निर्माण की भी घोषणा की। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान विनोद कुमार, कमल गोस्वामी, प्रधान हेमा आर्य, लक्ष्मण गंगोला, अनिता आर्य, संजीव भगत आदि मौजूद रहे।

पांचों सीटों पर भारी जीत हासिल करेगी भाजपा

सांसद उम्मीदवार अजय भट्ट का जगह-जगह हुआ स्वागत, कमल के फूल का बटन दबाकर मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील

संवाददाता, हल्द्वानी/कालाढूंगी

अमृत विचार : नैनीताल संसदीय सीट से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद हल्द्वानी पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। भाजयुमो ने बाइक रैली भी निकाली।

रविवार को सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट सबसे पहले दाबका पुल पहुंचे, जहां विधायक बंशीधर भगत ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ उनका स्वागत किया। यहां से बैलपड़ाव, कालाढूंगी, आम्रपाली कॉलेज के पास गुरुद्वारा, लामाचौड़ चौराहे पर भव्य स्वागत हुआ। इसके बाद कुसुमखेड़ा और मुखानी से भट्ट का रोड शो और भाजयुमो ने बाइक रैली निकाली। यह रैली कालाढूंगी रोड, नैनीताल रोड होते हुए शहीद चंद्रशेखर मिश्रा पार्क निकट जजी परिसर तक गई। यहां सांसद भट्ट ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वह निरंतर क्षेत्र की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। हर कार्यकर्ता के कामों को सहज और जनता के कामों के प्रति समर्पित भाव से लगातार पूर्ण करने के प्रयास करेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, राजेंद्र सिंह बिष्ट, साकेत अग्रवाल, सुरेश भट्ट, जोगिंदर पाल सिंह रौतेला, मजहर नईम नवाब, गजराज सिंह बिष्ट, समीर आर्या, शशांक रावत, प्रदीप बिष्ट, कार्तिक हर्बोला मौजूद रहे। इधर, बैलपड़ाव में स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की पांचों सीटों पर भारी मतों से जीत हालिस करेगी। जनता भाजपा के साथ है। सांसद प्रत्याशी भट्ट ने कहा केंद्र की मोदी सरकार देश का चहुंमुखी विकास कर रही है। जिससे आज हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में कमल के फूल का बटन दबाकर मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल के नेतृत्व में कोटाबाग ब्लॉक के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों व लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

बैलपड़ाव में सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट का फूलमाला पहनाकर स्वागत करते विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

काले झंडे दिखाने जाते ग्रामीणों को पुलिस ने रोका

कालाढूंगी : चकलुवा क्षेत्र में लग रहे एथेनॉल प्लांट के विरोध में ग्रामीणों का धरना-प्रदर्शन जारी है। रविवार को पं. दीनदयाल पार्क में गांव बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों ने कालाढूंगी पहुंचे भाजपा सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट का जमकर विरोध किया। स्वागत समारोह के समापन के बाद हल्द्वानी जाते समय सांसद प्रत्याशी भट्ट के धरनास्थल पर न रूकने से ग्रामीणों का पारा चढ़ गया। वह हाथों में बैनर और काले झंडे लेकर सड़क पर उतर आये। उन्होंने जमकर नारे लगाते हुए भट्ट का विरोध किया। इससे पुलिस-प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर ग्रामीणों को रोक लिया। इस दौरान अली हुसैन, पप्पू कन्याल, गुड्ड चौहान, रवि दिगारी, देव सिंह, दीपक सिंह, दीपू बुधलाकोटी, पुष्कर सिंह, इंद्र सिंह, धरम सिंह आदि मौजूद रहे।

सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट का विरोध करने जाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

सदस्य नियुक्त होने पर मनोज ने जताया आभार

मनोज जोशी।

नैनीताल : श्रम आयुक्त दीप्ति सिंह ने 57 अनुसूचित नियोजनों में निर्धारित न्यूनतम मजदूरी की दरों के पुनरीक्षण को लेकर न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के तहत टीम का गठन किया है। जिसमें नैनीताल से पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष व निवर्तमान सभासद मनोज जोशी को सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके लिए मनोज जोशी ने मुख्यमंत्री धामी और श्रम आयुक्त का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वह पूरी ईमानदारी से अपने कार्य का निर्वहन करेंगे और मजदूरों को न्याय दिलायेंगे। मनोज के सदस्य बनने पर मंडी परिषद अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर, सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, विमल बिष्ट, आनंद बिष्ट, नितिन कार्की, विकास जोशी, कविता गंगोला, विमला अधिकारी ने बधाई दी है।

सैनिक अस्पताल ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे पूर्व सैनिक व उनके परिजन।

भीमताल : सैनिक अस्पताल रानीखेत की ओर से भीमताल स्थित लीलावती पंत इंटर कॉलेज परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें पूर्व सैनिकों और उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य की जांच की गई। पूर्व सैनिक लीग के घनश्याम सिंह खड़का ने बताया कि शिविर में आए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद उन्हें दवाएं भी वितरित की गईं। सैनिक अस्पताल के कमान अधिकारी कर्नल प्रभाकर गुप्ता ने शिविर का निरीक्षण कर पूर्व सैनिकों व उनके परिवार जनों से मुलाकात की। इस दौरान लीग के संरक्षक नंदाबल्लभ जोशी, संदीप गोरखा, गोपाल सिंह पडियार, कृपाल रौतेला, घनश्याम सिंह खड़का, सुशील खड़का, केएस जलाल, लवेन्द्र रौतेला आदि मौजूद रहे।

विधायक कैड़ा ने किया डिजिटल एक्स-रे का उद्घाटन

डिजिटल एक्सरे मशीन का उद्घाटन करते विधायक कैड़ा।

भीमताल : विधायक राम सिंह कैड़ा ने तल्लीताल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे डिजिटल मशीन का उद्घाटन किया। विधायक कैड़ा ने बताया कि नगरवासी लंबे समय से सीएचसी में डिजिटल एक्स-रे की मांग कर रहे थे। डिजिटल एक्स रे के लिए नगर वासियों को हल्द्वानी जाना पड़ता था इसमें उनका समय व धन दोनों व्यय होते थे। अब मशीन के लगने से मरीजों को सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि सरकार पहाड़ में स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त करने के लिए लगातार तत्पर है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, योगेश तिवारी, कमल जोशी, गौतम मटियाली, शिल्पा जोशी, पंकज उप्रेती, कोमल आदि मौजूद रहे।

दिल्ली में ट्रेड यूनियनों के प्रदर्शन में शामिल होंगे माले कार्यकर्ता

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : दिल्ली रामलीला मैदान में प्रस्तावित किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियनों के संयुक्त प्रदर्शन में शामिल होने के लिए भाकपा माले कार्यकर्ता 14 मार्च को दिल्ली कूच करेंगे। रैली के माध्यम से एमएसपी गारंटी कानून बनाने, श्रम कोड वापस लेने और श्रम कानून बहाल करने समेत विभिन्न मांगों पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा जाएगा।

रविवार को काररोड बिंदुखत्ता स्थित माले कार्यालय में बैठक के दौरान जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडे ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी मोर्चे पर विफल रही है। इसलिए जनता का ध्यान बांटने के लिए भाजपा बागजाला गौलापार, पुछड़ी रामनगर, बनभूलपुरा समेत राज्य के तमाम हिस्सों में अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर वन भूमि, नजूल, पट्टे की भूमि पर बसे गरीबों को उजाड़ने की मुहिम चला रही है। अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद नेगी ने कहा कि 14 मार्च को दिल्ली में प्रस्तावित किसान व ट्रेड यूनियनों के संयुक्त प्रदर्शन में तराई भावर से भी किसान सभा व माले कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या शिरकत करेंगे। बैठक में विमला रौथाण, नैन सिंह कोरंगा, निर्मला शाही, जोगेंद्र लाल, धीरज कुमार, मनोज आर्य, धन सिंह, कमल जोशी, वीर भद्र भंडारी, आनंद दानू आदि मौजूद रहे।

बैठक में चर्चा करते भाकपा माले कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

साइकिल रैली निकाली

हल्द्वानी, अमृत विचार : यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की नैनीताल इकाई ने शिवालिक ट्रेल्स-2 का हल्द्वानी से वाया फतेहपुर-बसानी होते हुए बाना गांव तक साइकिल रैली निकाली। उन्होंने रैली के माध्यम से लोगों को पर्यावरण को बचाने और नशा छोड़ने का संदेश दिया। जिला क्रीड़ाधिकारी जानकी कार्की, आइटीबीपी के कमांडेंट अनिल कुमार, वाईएचएआई के जिला सचिव डा. एचएस बिष्ट व उद्यमी विजय सिसौदिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

बिंदुखत्ता में सहभोज समरसता कार्यक्रम आज

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : बिंदुखत्ता तिवारी नगर में सोमवार (आज) को सहभोज कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट समेत भाजपा के कई दिग्गज नेता शिरकत करेंगे।

वरिष्ठ भाजपा नेता दीपेंद्र कोश्यारी ने प्रेस वार्ता में बताया कि कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा। जिसका उद्देश्य सभी जाति वर्ग के लोगों के साथ सामूहिक रूप से भोज करना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में लालकुआं विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, भीमताल राम सिंह कैड़ा, नैनीताल सरिता आर्या, मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनिल डब्बू, भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट और किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला सहित कई लोग शामिल रहेंगे। वार्ता के दौरान अर्चित डाबर, नवीन पपोला, बॉबी संभल, संजय अरोड़ा, कार्तिक रजवार, किशन सुयाल, राज किरण सेतिया, सचिन फुलारा, रोहन चौधरी, दानू सिंह बिष्ट, अनूप शर्मा, तौफीक उमर मौजूद रहे।

वीकेंड पर उमड़ी पर्यटकों की भीड़

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : मैदानी क्षेत्रों में पड़ रही गर्मी और लंबे वीकेंड से पर्यटक स्थल गुलजार होने लगे हैं। रविवार को बड़ी संख्या में पर्यटक नैनीताल समेत आसपास के पर्यटक स्थलों का दीदार करने पहुंचे।

जिससे नैनीताल शहर के सभी पर्यटक स्थल गुलजार रहे। नैनीताल पहुंचे पर्यटक हिमालय दर्शन, चिड़ियाघर, स्नोव्यू, केव गार्डन समेत अन्य पर्यटक स्थलों का दीदार कर रहे है। इधर नैनीताल आने वाले पर्यटकों को शहर में कार पार्किंग न होने के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बीते लंबे समय से वीरान पर्यटक स्थलों में पर्यटकों की भीड़ बढ़ने से कारोबारियों के चेहरे भी खिल उठे हैं।

तीन दिन की छुट्टी लेकर परिवार के साथ घूमने आए हैं। नैनीताल, मुक्तेश्वर, भीमताल समेत आसपास के पर्यटक स्थलों में जमकर मस्ती की। नोएडा में अभी से गर्मी पड़ने लगी है, जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। – **श्रेया बिश्नोई**, पर्यटक नोएडा

लंबे वीकेंड में परिवार और दोस्तों के साथ नैनीताल घूमने पहुंचे हैं। नैनीताल का मौसम सुहावना है। दिल्ली समेत आसपास के क्षेत्र में गर्मी पड़ने लगी है। अगर यही हाल रहा तो मई-जून में हालत और खराब होगी। – **सार्थक त्रिपाठी**, पर्यटक

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084
डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

एक नजर

पुलिस से उलझे युवकों को चालान काटकर छोड़ा

नैनीताल : मल्लीताल मस्जिद तिराहे पर गलत दिशा से वाहन चलाकर आ रहे युवकों को जब पुलिस ने रोका तो वह पुलिस से ही भिड़ गए। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ने युवकों को कोतवाली आने को कहा तो वह अपनी ऊंची पहुंच की अकड़ दिखाने लगे। बाद में पुलिस युवकों को पकड़कर कोतवाली ले आई। बाद में चालान काटकर उन्हें छोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक रविवार दोपहर मस्जिद तिराहे पर एक पुलिस कर्मी व एक होमगार्ड ड्यूटी पर तैनात थे। इस दौरान मेट्रोपोल मार्ग से एक कार गलत दिशा में आती दिखाई दी। पुलिस ने जब चालक को वनवे होने की जानकारी देते हुए वाहन घुमाकर ले जाने को कहा तो वह वाहन से उतरकर पुलिस कर्मियों से भिड़ने लगे। विवाद बढ़ा तो पुलिसकर्मी युवकों को कोतवाली ले आये। जहां एसएसआई पीएस मेहरा ने युवकों को कड़ी फटकार लगाई। बाद में एमवी एक्ट में चालान काटकर छोड़ दिया।

हल्द्वानी उपकारागार में खुलने जा रही है बेकरी, बंदी और कैदी मिलकर बनाएंगे उत्पाद, पुलिस मुख्यालय ने दिया बजट और उपकरण

जेल के केक से मनाइए हैप्पी बर्थडे, बाजार में बिकेंगे उत्पाद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जेल की रोटी का नाम लेकर एक समय लोगों को डराया जाता था, लेकिन अब न तो जेल की रोटी कड़क है और न दाल में पानी। अब तो बंदी और कैदी भी घी वाली दाल खा रहे हैं। कुछ ही समय में आम लोग जेल में बने केक से हैप्पी बर्थडे मना सकेंगे। जेल प्रशासन ने इसकी कार्य योजना तैयार कर ली है और जेल बेकरी का निर्माण शुरू होने वाला है। इस बेकरी में केक के साथ वह सभी उत्पाद बनाए और बेचे जाएंगे, जो बाजार की बेकरी में बनाए जाते हैं।

बता दें कि हल्द्वानी उपकारागार में पहले से ही बहुत सारे उत्पाद बनते हैं, जिन्हें खुले बाजार में उतारने की तैयारी है। इन उत्पादों में पेंटिंग से लेकर बेड, कुर्सी, गमला स्टैंड आदि शामिल हैं। इस ओर जेल प्रशासन ने एक कदम और आगे बढ़ाया है। जेल के भीतर जेल बेकरी के निर्माण की तैयारी चल रही है। इस बेकरी में बनने वाला ब्रेड, केक, पेटीज व अन्य उत्पाद खुले बाजार में बेचे जाएंगे। यह जेल का अपना ब्रांड होगा। पुलिस मुख्यालय ने हल्द्वानी उपकारागार को बेकरी खोलने के लिए बजट और उपकरण दे दिए हैं। जल्द ही बेकरी उपकरण जेल में लगा दिए जाएंगे।

जेल अधीक्षक प्रमोद पांडेय की पहल पर बेकरी को उद्योग के तौर पर शुरू किया जा रहा है। इस बेकरी में काम करने वाले सभी बंदी और कैदी होंगे। बता दें कि उप कारागार में हमेशा बंदियों और कैदियों की संख्या 1500 से ऊपर होती है। जेल अधीक्षक ने बताया कि जेल में बनने वाले बेकरी उत्पादों में क्वालिटी का विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही सफाई और उत्पादों की गुणवत्ता भी बाजार से अच्छी रखी जाएगी। बंदी, कैदियों को बेकरी उत्पाद बनाने के लिए ट्रेनिंग भी दी जाएगी। इसके लिए हल्द्वानी की बेकरी से संपर्क किया जा रहा है।

आत्मनिर्भर बनेंगे बंदी और कैदी, सरकार को मिलेगा राजस्व

हल्द्वानी : बेकरी के जरिये जहां जेल में बंद कैदियों और बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने की योजना है। वहीं सरकार को भी राजस्व देने की तैयारी है। जेल अधीक्षक प्रमोद पांडे ने बताया कि जेल मुख्यालय ने बेकरी उत्पाद बनाने के लिए मशीन और सामान खरीदने के लिए बजट जारी कर दिया है। एक-दो दिन में मशीन हल्द्वानी जेल पहुंच जाएंगी। इसे एक कमरे में स्थापित किया जाएगा। जिसके बाद जेल अपना ब्रांड बनाएगा। इसी ब्रांड के तहत बेकरी उत्पाद बाजार में बेचे जाएंगे।

अपराध छोड़ खुद का हुनर तराश रहे अपराधी

हल्द्वानी : उप कारागार में सजायाफ्ता कैदियों और बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई तरह की ट्रेनिंग क्लासेस चल रही हैं। ये ट्रेनिंग रोजगार के मद्देनजर दी जा रही हैं, ताकि जेल से रिहाई के बाद कैदी और बंदी अपना व्यवसाय शुरू कर सकें। जेल में कंप्यूटर शिक्षा के साथ फर्नीचर बनाना, लोहे के उत्पाद बनाना, पेंटिंग बनाना, कपड़े सिलना जैसे कई काम सिखाए जा रहे हैं। जेल प्रशासन का प्रयास है कि बेकरी के साथ इन उत्पादों को भी खुला बाजार उपलब्ध कराया जाए।

नलकूप ठीक न होने से गहराया पेयजल संकट

हल्द्वानी, अमृत विचार : बीते पांच दिनों से मंडी परिसर का नलकूप खराब पड़ा है। जिस कारण पूरे क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मचा है। नलकूप की मरम्मत न होने के कारण लोगों को टैंकरों से पानी मंगवाकर प्यास बुझानी पड़ रही है।

उनका कहना है कि विभागीय अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद अब तक नलकूप ठीक नहीं हो पाया है। जिससे लोगों में विभाग के प्रति भारी आक्रोश पनप रहा है। उन्होंने कि अगर शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं हुई तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इधर, विभाग के सहायक अभियंता प्रमोद पांडेय ने बताया कि नलकूप मरम्मत का काम चल रहा है। जल्द ही इलाके में पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

काले सोने ने कर दिया था कंगाल, ई-बुक ने बनाया मालामाल

सट्टे के ऑनलाइन कारोबार में कूदने से पहले सट्टा किंग मनोज गुप्ता ने चरस बेचकर की थी भाग्य आजमाने की कोशिश

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर के सट्टा किंग बन चुके मनोज गुप्ता ने बड़ा आदमी बनने के लिए बहुत हाथ-पैर चलाए, लेकिन हमेशा गलत रास्ता चुना। इसका खामियाजा भी उसे भुगतना पड़ा और जल्द अमीर बनने की चाह उसे जेल की सलाखों के पीछे तक ले गई, लेकिन वह सुधरा नहीं। बल्कि जेल जाने के बाद उसने एक और गलत रास्ता चुना। इस बार उसका दांव सही तो पड़ा, लेकिन जेल फिर से उसका ठिकाना बन गई।

रामपुर रोड गली नंबर 9 में रहने वाले मनोज गुप्ता ने आर्थिक तंगी को दूर करने के लिए करीब 8 साल पहले चरस का धंधा शुरू किया था। पहाड़ से आने वाली चरस की छोटी-छोटी खेप खरीदकर मनोज उसे फुटकर में बेचने लगा, लेकिन हर किसी से चरस की डीलिंग उसे भारी पड़ गई। चरस के धंधे की भनक पुलिस को लग गई और वर्ष 2020 में वह बनभूलपुरा पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

पुलिस ने उसे चरस के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया और न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया। बताया जाता है कि जेल में उसकी मुलाकात कुछ सटोरियों से हुई। सटोरियों से उसने सट्टे का कारोबार सिखाया और जेल से निकलने के बाद चरस के व्यापार से तौबा कर उसने सट्टा पर्ची का धंधा शुरू कर दिया। हालांकि ये काम भी जोखिम भरा था, लेकिन कमाई हो रही थी। इसी बीच राष्ट्रीय स्तर पर चलने वाले कुछ बेटिंग ऐप ने उसे नया आइडिया सुझाया। उसने इस धंधे की बारीकियां भी सीखी और दिल्ली में रहने वाले अंकित मक्कड़ के संपर्क में आया। अंकित उसे 9 हजार रुपये में बेटिंग असिस्टेंड ई-बुक एप बेचा।

मनोज पहले जिन लोगों को सट्टा पर्ची खिलाता था, उन्हीं लोगों को ऑनलाइन सट्टे के कारोबार का हिस्सा बना लिया। एक वक्त यह आया कि इस ऐप में लिमिट बनवाने के लिए लोग हजारों और लाखों रुपये मनोज को देने लगे। महज पांच साल में मनोज ने ऑनलाइन बेटिंग ऐप को न सिर्फ पूरे उत्तराखंड में फैला दिया, बल्कि अपने जैसे और बेटिंग ऐप चलाने वालों को भी साथ जोड़ लिया।

सफलता पाने वाली पुलिस टीम में मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश जोशी, एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़, हेड कांस्टेबल ललित कुमार, कांस्टेबल चन्दन नेगी, कांस्टेबल सन्तोष बिष्ट, हितेन्द्र वर्मा आदि शामिल रहे।

हल्द्वानी में ऑनलाइन सट्टे का खुलासा करते एसपी सिटी प्रकाश चंद्र। ● अमृत विचार

सफलता

- चरस के कारोबार में हुआ नुकसान और जेल भी जाना पड़ा
- पहले सट्टा पर्ची, फिर शुरू किया सट्टे का ऑनलाइन कारोबार

आई बुक ऐप बेचने वाला दिल्ली का अंकित रडार पर

पुलिस की पूछताछ में मनोज ने कई राज उगले हैं। उसने पुलिस को बताया कि वह जिस आई बुक ऐप पर सट्टे का काराबोर चला रहा था, वह ऐप उसने दिल्ली में रहने वाले अंकित मक्कड़ से सिर्फ 9 हजार रुपये में खरीदा था। मात्र कुछ हजार रुपये में खरीदे इस ऐप के जरिये मनोज ने करोड़ों रुपये के वारे-न्यारे कर डाले। माना जा रहा है कि ऐप बेचने वाला अंकित भी इस धंधे में पूरी तरह लिप्त है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अंकित भी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

सफेदपोशों में पैठ, रह चुका है एसोसिएशन का अध्यक्ष

मनोज की सफेदपोश लोगों में अच्छी खासी पैठ है। हाल ही में वह कुछ सफेदपोशों के कार्यक्रम में बुलाया गया और उसने सफेदपोशों के साथ फोटो भी खिंचवाई। जानकारी यह भी मिली है कि मनोज के प्रभाव को देखते हुए उसे कुछ समय पहले परिवहन से जुड़ी एक एसोसिशएन का अध्यक्ष भी बनाया गया था। मनोज के मोबाइल में कुछ नंबर मिले हैं जो मनोज की तरह सट्टा लगवाते हैं और मनोज इनके ऐप के जरिये भी लोगों के पैसे लगवाता था।

सिर्फ एक मैच में दांव पर लग गए थे 19 लाख रुपये

पुलिस ने बताया कि मनोज लोगों को ग्राहक बनाने के लिए पहले उनकी लिमिट बनाता था। यह लिमिट ऐप में बनाई जाती थी और इसका पैसा कैश लिया जाता था। शनिवार को जब पुलिस ने मनोज के घर पर दबिश दी तो श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच क्रिकेट मैच चल रहा था। पुलिस ने मौके से 15 लाख बरामद किए, लेकिन इस मैच पर 19 लाख रुपये से अधिक दांव पर लगे थे। ये छोटा मैच था और इसके बावजूद सिर्फ एक ही मैच में इतनी बड़ी रकम दांव पर लग गई थी।

सट्टे के कारोबार से जुड़े हैं कई रसूखदारों के नाम

पुलिस ने मौके से मिले लैपटॉप और कुछ रजिस्टर को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि बरामद रजिस्टर में दो सौ से अधिक लोगों के नाम और मोबाइल नंबर दर्ज हैं। यह वह लोग हैं जो मनोज गुप्ता के नियमित ग्राहक हैं और लगभग सभी मैच पर सट्टा लगाते हैं। पुलिस रजिस्टर और लैपटॉप खंगाल रही है, लेकिन माना जा रहा है कि मनोज ने सट्टा कारोबार का नेटवर्क पूरे उत्तराखंड में फैला लिया था। इसमें कुछ बड़े नाम सामने आने की उम्मीद है।

जहर खाने से महिला की मौत पति पर लगाया हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जहर खाने की वजह से एक महिला की मौत हो गई। खबर मायके वालों को लगी तो उन्होंने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम हाउस में हंगामा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया। जिसके बाद मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पोस्टमार्टम हुआ।

नायब तहसीलदार युगल किशोर ने बताया कि चौधरी कॉलोनी वार्ड 59 बनभूलपुरा निवासी अनुज गुप्ता की पांच साल पहले हेमा गुप्ता से शादी हुई थी। बीती सात मार्च को संदिग्ध परिस्थितियों में जहर की वजह से हेमा की हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में ससुराली उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर पर मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए। पोस्टमार्टम हाउस में उन्होंने पति व ससुरालियों पर बेटी को जहर देकर मारने का आरोप लगाया। साथ ही बनभूलपुरा पुलिस से मौखिक शिकायत भी की। एसओ बनभूलपुरा ने बताया कि मायके वालों ने मौखिक शिकायत की है। लिखित शिकायत मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

मामला

- मायके पक्ष के लोगों ने पोस्टमार्टम में किया हंगामा
- दहेज के लिए बहू को जहर देकर मारने का आरोप

कालाढूंगी में 70 लाख रुपये से बनेंगी सड़कें

हल्द्वानी: विधायक प्रतिनिधि विकास भगत ने कोटाबाग के पतलिया हसतानावड़ व गुरूनी नाले से सेल्सिया डिग्री कॉलेज को जाने वाली सड़कों का शिलान्यास किया। यह सड़कें करीब 70 लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही हैं। भगत ने कहा कि विधायक बंशीधर भगत के प्रयासों और मुख्यमंत्री धामी के कार्यकाल में कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में 40 करोड़ की लागत से सड़कों का निर्माण हुआ है। कहा कि मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी में दंगा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की है। सरकार ने दंगे को नियंत्रित करने के लिए दंगा नियंत्रण कानून बनाया है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष जोगा मेहरा, प्रधान दीप तिवारी, जगदीश कुमार, नवीन गर्जोला, विनोद बधानी, भरत त्रिपाठी, भूपेंद्र मनराल, बिशन नगरकोटि, डूंगर मेहरा, पूरन बुडलाकोटी, शोभा टम्टा मौजूद रहे।

फुटपाथ पर नहीं लगेंगे फड़-ठेले

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बदहाल होती ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर एसपी क्राइम/ट्रैफिक हरबंस सिंह ने अधीनस्थों के साथ बैठक की और सख्त निर्देश दिए। उन्होंने फुटपाथ से फड़ और ठेलों को हटाने के लिए कहा। साथ ही अधीनस्थों को लापरवाही बरतने पर कार्रवाई के लिए चेताया।

कोतवाली सभागार में बैठक के दौरान एसपी ने कहा कि रामपुर रोड, नैनीताल रोड, बरेली और कालाढूंगी रोड पर दिन के समय ड्यूटी पर रहने वाले पुलिस व ट्रैफिक कर्मी सक्रिय रहें। नेशनल हाइवे और महिला अस्पताल के आस-पास सड़क किनारे लगने वाले फड़-ठेलों को हटा जाए और चेतावनी के बाद भी न मानने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि मंगलपड़ाव क्षेत्र में यातायात का दबाव होने के दौरान मालवाहनों को प्रतिबंधित किया जाये। कालाढूंगी रोड में हॉक मोबाइल की मदद से यातायात व्यवस्था मजबूत की जाए। अत्यधिक दबाव होने पर नारीमन और तीनपानी से यातायात डाइवर्जन किया जाए। बारातों के सीजन में स्थानीय थाना पुलिस के साथ मिलकर जाम की स्थितिसे निपटाजाए। बैठक में प्रभारी यातायात निरीक्षक शिवराज सिंह, सीपीयू प्रभारी जगदीश राम कोहली, टीएसआई योगेश सक्सेना व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कोतवाली सभागार में यातायात को लेकर बैठक करते एसपी ट्रैफिक हरबंस सिंह।

हल्दूचौड़ में खुला श्रमिक सुविधा केंद्र

लालकुआं : ग्राम बिंदुखत्ता, हल्दूचौड़ व मोटाहल्दू के भवन व अन्य संन्निनिर्माण श्रमिकों को अब हल्द्वानी लेबर कोर्ट में पंजीकरण व नवीनीकरण करने की लंबी लाइन में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। यह बात क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने हल्दूचौड़ में श्रमिक सुविधा केंद्र का उद्घाटन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लालकुआं विधानसभा क्षेत्र के असंगठित श्रमिकों को हल्द्वानी लेबर कोर्ट में लंबी लाइन लगानी पड़ती थी। कभी-कभी तो उन्हें बिना काम हुए ही वापस लौटना पड़ता था। मजदूरों की परेशानी को देखते हुए एवरग्रीन स्कूल के समीप ही श्रमिक सुविधा केंद्र शुरू किया गया है। जिसमें प्रतिदिन कार्य किया जाएगा।

14.36 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

शुभारंभ

- हल्द्वानी में बिछेंगी पेयजल और सीवर लाइनें
- मुख्यमंत्री धामी ने वर्चुअली किया शिलान्यास

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर में पेयजल और सीवर की 14.36 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास रविवार हो गया। वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें डीएम कैंप कार्यालय से अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

एडीबी वित्तपोषित परियोजना में 3 पैकेज में काम होना है। जिसमें 14 नये पेयजल टैंक, 8 ट्यूबवेल, 800 किमी. पेयजल लाइन, 124 किमी. सीवर लाइन, 10.5 एमएलडी क्षमता का एसटीपी (सीवर ट्रीटमेंट प्लांट) और वर्षा जल नालियां आदि बनायी जाएंगी। लगभग 23 वार्डों में पेयजल लाइन और सीवरेज योजना का काम 17 वार्डों में किया जाएगा।

पेयजल योजना में लगभग 40 हजार घरों में कनेक्शन और सीवरेज में लगभग 11 हजार घरों को जोड़ा जाएगा। इन कार्यों के पूरा होने से क्षेत्र के लोगों काफी राहत मिलेगी। इस मौके पर डीएम वंदना सिंह, सीडीओ अशोक पांडेय, निर्वतमान मेयर डॉ. जोगेन्द्र रौतेला, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, यूयूएसडीए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कुलदीप सिंह मौजूद रहे।

पेयजल व सीवर शिलान्यास कार्यक्रम में मौजूद डीएम, विधायक, निवर्तमान मेयर और अन्य अधिकारी।

बदहाली | जिला खनिज न्यास निधि से कोविड काल में हुआ था निर्माण, स्टाफ न होने की वजह से धूल फांक रहे 13 वेंटिलेटर

ढाई करोड़ रुपये फूंके फिर भी आईसीयू में ताला

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बेस अस्पताल में आईसीयू और पीआईसीयू संचालित करने का सपना अभी भी सपना ही है। आईसीयू और पीआईसीयू के उद्घाटन को तीन साल हो गए, लेकिन स्टाफ न होने की वजह से इसमें ताला लगा पड़ा है। करीब ढाई करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद आईसीयू और पीआईसीयू में रखे वेंटिलेटर्स का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है।

कोरोना की पहली लहर के दौरान वर्ष 2020 में बेस अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए आईसीयू बनाया गया था। जिला खनिज न्यास निधि से रुपयों का इंतजाम किया गया। करीब दो करोड़ की लागत से आईसीयू बनकर तैयार हुआ। इसमें नौ बेड रखे गए। साथ ही बच्चों के उपचार के लिए चार बेड का पीआईसीयू भी बनाया गया। इसमें करीब 70 लाख रुपये खर्च हुए।

ढाई करोड़ की लागत से आइसीयू और पीआईसीयू को तैयार किया गया। उम्मीद थी कि अब गंभीर मरीजों का उपचार बेस अस्पताल में हो पाएगा और सुशीला तिवारी अस्पताल पर बोझ कम होगा। लेकिन स्टाफ न होने के कारण उम्मीद पर पानी फिर गया। जिस कारण वेंटिलेटर धूल फांक रहे हैं। सरकार ने जल्दबाजी में आईसीयू और पीआईसीयू तो बना दिए, लेकिन इनको चलाने के लिए अब तक जरूरी स्टाफ की व्यवस्था नहीं हो पाई।

बेस अस्पताल में बंद पड़ा पीआईसीयू।

आईसीयू के लिए चाहिए इतना स्टाफ

1 दो एनेस्थिसियोलॉजिस्ट
2 4 क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट डॉक्टर
3 42 नर्सेज
4 6 वार्ड बॉय

तीन पीएमएस बदले, लेकिन स्थिति वही

बेस अस्पताल में आईसीयू स्थापित होने के बाद तीन पीएमएस बदल गए हैं। पूर्व पीएमएस डॉ. हरीश लाल के समय आईसीयू बनाया गया था। उसके बाद पीएमएस पद की जिम्मेदारी डॉ. सविता हयांकी ने संभाली। अब डॉ. केके गुप्ता पीएमएस का पद संभाल रहे हैं। हर पीएमएस ने अपने कार्यकाल में स्टाफ के लिए शासन को पत्र लिखा है, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। इसी तरह डीएम सविन बंसल के कार्यकाल में आईसीयू और पीआईसीयू का निर्माण हुआ था। उनके बाद धीराज गर्ब्याल डीएम रहे। अब वंदना डीएम हैं।

गधेरे में मिला युवक का कंकाल आधा खा गए जंगली जानवर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : काठगोदाम थाना क्षेत्र के जंगल से गुजरे एक गधेरे में युवक का शव मिला है। शव को जानवर नोच कर खा गए थे। कमर से नीचे का हिस्सा कंकाल हो चुका था और एक हाथ गायब था। जिसकी हड्डियां पास ही पड़ी थी। पुलिस शव की शिना ख्त नहीं कर सकी। यह भी साफ नहीं है कि मौत की किन परिस्थितियों में हुई है।

पुलिस के मुताबिक नैनीताल रोड स्थित गुलाबघाटी से करीब ढाई किलो मीटर ऊपर जंगल से गुजरे गधेरे में कुछ लोगों ने एक युवक का शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन शव की हालत इतनी बिगड़ चुकी थी कि उसकी शिनाख्त नहीं हुई।

तलाशी में भी पहचान लायक कुछ नहीं मिला। गधेरे में शव औंधे मुंह पड़ा था। कमर से ऊपर का हिस्सा लगभग सड़ चुका था।

दाहिना हाथ धड़ से अलग सिर्फ हड्डियों में मिला। जबकि कमर के नीचे का हिस्सा भी धड़ से अलग था। माना जा रहा है कि जंगली जानवरों ने शव को नोंच कर खाया और जानवरों की खींचतान में शव के टुकड़े हो गए। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। मृतक की उम्र 22 वर्ष के करीब है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर, शव के मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल है।

घटना

- एक हाथ और कमर के नीचे मिली सिर्फ हड्डियां
- कई दिन पुरानी है लाश, नहीं हो सकी शिनाख्त

अब न खेलूं तुमसे होरी ओ बंशी वाले...

महिलाओं ने होली गीतों पर जमकर लगाए ठुमके, एक-दूसरे को अबीर-गुलाल भी लगाया

होली

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पूर्व जिला पंचायत सदस्य रेनू जोशी के ऊंचापुल स्थित आवास पर रविवार को महिला होली गायन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं ने एक से बढ़कर एक शानदार होली गीत गाए और जमकर ठुमके लगाए।

तुम सिद्धि करो महाराज होलिन के दिन...गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद कुमाऊंनी होली गीत ऐजा सुवा रे होली खेलूनो तेरा दगड़ा और कैसी ये होली मचाई आज मोसे कुंवर कन्हाई पर महिलाएं नाचती-झूमती नजर आईं। कार्यक्रम में अब न खेलूं तुमसे होरी ओ बंशी वाले.., रंग डालूंगी मैं नंद जी के लालन में आदि होली गीतों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मीनू जोशी ने रसिया नगर बनाऊंगी, रेनू जोशी ने पनघट पै बनवारी आदि होली गीतों का सुंदर गायन किया। इस मौके पर डॉ. ज्योति पांडे, मंजू जोशी, कनिका, आभा भट्ट, लीला, अदिति, ललिता, अनीता, हेमा, बीना पाठक, बीना कांडपाल, रेनू पंत, छवि बोरा आदि मौजूद रहे।

ऊंचापुल स्थित पूर्व जिला पंचायत सदस्य के घर में आयोजित होली कार्यक्रम में गीत गाती महिलाएं। ● अमृत विचार

दमुवाढूंगा स्थित पनचक्की के पास रेस्टोरेंट में आयोजित होली कार्यक्रम में मौजूद लायनेस क्लब की महिलाएं।

लायनेस क्लब ने ढोल-नगाड़े के साथ गाई होली

हल्द्वानी : दो नहरिया स्थित एक लॉज में रविवार को लायनेस क्लब ने होली खेली। कार्यक्रम में महिलाओं ने ढोल नगाड़े के साथ होली गीतों पर शानदार नृत्य किया। कार्यक्रम का आयोजन तनुजा जोशी और प्रिया अग्रवाल ने किया। इस मौके पर विभिन्न खेलों भी खेले गए। कार्यक्रम में अध्यक्ष रीता अग्रवाल, सचिव ऊषा कुमार, संगीता टंडन, कृष्णा अग्रवाल, कामिनी पाल, नीलम, अलका, राधा, संगीता, अनीता, हेमा, प्रीति आदि मौजूद रहीं।

कुछ नया करके दिखा तू इस होली में, अपने को...

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हरफनमौला साहित्यिक संस्था की ओर से रविवार को रामपुर रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में विराट कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें कवियों ने प्रेम, हास्य-व्यंग्य की कविताएं सुनाईं।

कवि सम्मेलन का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल, डेंटिस्ट डॉ. स्वाति सिंघल, फिजियोथेरिपिस्ट डॉ. नवीन लोहनी, नालंदा स्कूल के प्रधानाचार्य मुकेश रॉय, रोटरी क्लब के सचिव आशीष दुम्का ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कवि वेद प्रकाश अंकुर ने सुनाया कि कुछ नया करके दिखा तू इस होली में, अपने को आईना तो दिखा तू इस होली में, रुद्रपुर के डॉ. संजीव सारस्वत तपन ने महल झोपड़ी नगर, डगर में, वन में राम मिलेंगे।

गदरपुर से आए सुबोध शर्मा ने सुनाया कि करो कुछ तुम ऐसा, धरा पर नाम कर जाओ, स्वयं को हैं सभी जीते, भला कुछ काम कर जाओ। मनीष पंत ने कहा-गुजरी बीती बातों का मरघट सुलझाए बैठा था, काजी ऐसे मेरा मुस्तकविल उलझाए बैठा था।

योगेश बहुगुणा योगी ने प्रेम का कामिल खजाना चाहता हूं, घर तेरे दिल में बनाना चाहता हूं सुनाया। दिनेशपुर से आए किशोर मनी ने सुनाया कि शादी के गुजरे थे कुछ ही महीने, बीवी के खौफ ने गंजा बना दिया। करन आर्या ने कहा-ये कितना नादां है इश्क मेरा सुना कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रामपुर रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित कवि सम्मेलन में मौजूद अतिथि।

सार-संक्षेप

सुंदरखाल में जनसभा को संबोधित करतीं वक्ता। ● अमृत विचार

महिला एकता मंच ने मनाया महिला अधिकार दिवस

रामनगर : महिला एकता मंच ने सुंदरखाल में महिला दिवस को लेकर महिला अधिकार सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले श्रद्धांजलि भी दी गई। मंच की कौशल्या ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि आज महिलाओं को सार्विक मताधिकार तथा जो भी नाम मात्र के अधिकार मिले हैं वह पूर्वज महिलाओं के संघर्षों की ही देन हैं। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त नहीं बनाया जाएगा तब तक महिलाओं की बराबरी के बारे में बातें करना निरर्थक साबित होता रहेगा। कार्यक्रम में गौरा देवी, दीपा देवी, गिरीश आर्या, किशन शर्मा ने भी विचार रखे।

स्वच्छता अभियान चलातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

स्वयंसेवियों ने की शिविर स्थल पर साफ-सफाई

रामनगर : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवियो ने योग, श्रमदान और शिविर स्थल की साफ-सफाई की। बौद्धिक सत्र के प्रथम चरण में राजकीय इंटर कॉलेज कालाढूंगी की प्रवक्ता डॉ. चन्द्रा जोशी ने स्वयं सेविकाओं को उत्तराखंड के लोक संगीत विषय पर संगीत की उत्पत्ति, सुगम संगीत और शास्त्रीय संगीत के बारे में बताया। साथ ही मातृ भाषा और संस्कृति के संरक्षण पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता भदोला जोशी ने किया। इस दौरान आशा, कविता, गीतांजलि, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

प्राध्यापक मूलचन्द्र को डॉक्टरेट की उपाधित देते अतिथि। ● अमृत विचार

प्राध्यापक मूलचन्द्र को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

रामनगर : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर मूलचन्द्र शुक्ल को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, शिक्षा मंत्री व कुलाधिपति धर्मेन्द्र प्रधान तथा कुलपति प्रोफे. श्रीनिवास वरखेड़ी रहे। डॉ. मूलचन्द्र शुक्ल ने केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय गंगानाथ झा परिसर प्रयागराज के निदेशक प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में संस्कृत विषय पर अपना शोधकार्य पूर्ण किया है। जिसके अंतर्गत 1970 से लेकर आज तक के संस्कृत की गीत विधा पर लिखित रचनाओं का साहित्य एवं व्याकरण के पक्षों के दृष्टिगत उनके वैशिष्ट्य और अनुशीलन आदि पर विहंगम शोध प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता, गुरुजनों, भाइयों, पत्नी आदि को दिया है। डॉ. मूलचन्द्र को उपाधि मिलने पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे, चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर आरडी सिंह, प्रोफेसर एसएस मौर्य, प्रोफेसर जेएस नेगी व डॉ. डीएन जोशी ने बधाई दी।

होली के रंगों से सराबोर हुई सरोवर नगरी, गीतों पर झूमे महिला होल्यार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : लेक सिटी क्लब ने रविवार को महिला होली का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि एसडीएम प्रमोद कुमार ने देहरादून की महिला होल्यार लक्ष्मी अग्रवाल, रामनगर की अमिता लोहनी, अल्मोड़ा की शीला पंत, नैनीताल की मंजू रौतेला, हल्द्वानी की रेनू जोशी एवं क्लब की लीला जोशी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में भवाली, अल्मोड़ा, ज्योलीकोट, भीमताल तथा नैनीताल की टीमों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली के गीतों पर जमकर नृत्य किया।

अल्मोड़ा से आई लोक गायिका लता पांडे ने आओ-आओ ऋतुराज खेलें होली से कार्यक्रम की शुरुआत की। समूह की महिलाओं ने काहे भिगोया मेरा चीर कन्हैया तुझे जाने न दूंगी, ऐसी बंसी बजाई घनश्याम ने, होली खेलने कैसे जाऊं सखी री आदि होली गीतों पर जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष मीनू बुधलाकोटी, सचिव रमा भट्ट, कार्यक्रम संयोजक दीपा पांडे, सहसंयोजक हेमा भट्ट, अमिता साह, रानी साह, जीवंती भट्ट, सीमा सेठ, आभा साह, कविता त्रिपाठी, रमा तिवारी, दीपिका बिनवाल, प्रेमा अधिकारी, सोनू शाह, प्रगति जैन, तनु सिंह, सविता कुलोरा, कंचन जोशी, दया कुंवर, गीता साह, पल्लवी गहतोड़ी, सरिता त्रिपाठी आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

नैनीताल में होली महोत्सव में झूमतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

सतीश जिलाध्यक्ष, प्रदीप जिला सचिव बने

निर्वाचन

- लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन की नई जिला कार्यकारिणी गठित
- अधिवेशन में विभिन्न मांगों को लेकर भी मुखर हुए टेक्नीशियन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन के जिला सम्मेलन में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। सम्मेलन में टेक्नीशियनों ने अपनी मांगों को भी रखा।

रविवार को बेस अस्पताल के सभागार में संगठन का द्विवार्षिक सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके कांडपाल व विशिष्ठ अतिथि एसोसिएशन के सलाहकार चन्द्रशेखर शर्मा रहे। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी का चुनाव कराया गया। जिसमें सतीश पाठक को जिलाध्यक्ष और प्रदीप सिंह राणा को जिला सचिव चुना गया। इसके अलावा देवेश सिंह कार्की कोषाध्यक्ष, रजनीश मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनीता चौहान महिला उपाध्यक्ष, रीता गोस्वामी संप्रेक्षक, कुबेर मेवाड़ी प्रवक्ता, मनोज कुमार जोशी उपाध्यक्ष चुने गए। सभी नए पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। कार्यकारिणी ने कैडर पुनर्गठन व जोखिम भत्ते की मांग को उठाने की बात कही। कहा कि टेक्नीशियनों की मांगों को सरकार को मानना होगा।

सरकार की उदासीनता के चलते लैब टेक्नीशियनों का उत्पीड़न हो रहा है। चुनाव अधिकारी की भूमिका नंदन गिरी गोस्वामी ने निभाई। इस दौरान प्रदेश कोषाध्यक्ष दलवीर राणा, मंडलीय सचिव जोगा सिंह, उमेश, रवीना, वेद प्रकाश, पुनीत शर्मा, महेश बचखेती, प्रभाकर, कंचन, बसंत बल्लभ लोहनी, मनोज पाल, सीपी रावत, महिपाल मौजूद रहे।

बेस अस्पताल के सभागार में आयोजित उत्तराखंड मेडिकल लैब टैक्नीशियन एसोसिएशन के अधिवेशन में उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी।

युकां ने युवाओं से किए न्याय गारंटी के पांच वादे

संवाददाता, रामनगर

राजनीति

- कांग्रेस के सरकार में आने पर 30 लाख सरकारी पदों पर भर्ती, पेपर लीक से मुक्ति की गारंटी समेत पांच वादों को किया जाएगा पूरा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को रिझाने के लिए वादे करने शुरू कर दिए हैं।

रविवार को युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि आज देश व प्रदेश का युवा रोजगार को लेकर दर-दर की ठोकरे खा रहा है, लेकिन युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र व राज्य की सरकारों ने युवाओं को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। चुनाव से पहले रोजगार देने के वादे किए, लेकिन सत्ता में आसीन होने के बाद वादों को भूल गई। कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने युवाओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए इस बार देश में सरकार बनने पर युवाओं को युवा न्याय गारंटी के तहत पांच वादे किए हैं। जिसमें 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थाई नियुक्ति की गारंटी, पेपर लीक से मुक्ति की गारंटी भी दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कि इस पहल से देश-प्रदेश का युवा कांग्रेस में अपना विश्वास जताते हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करेगा। इस बार देश में जनता भाजपा के खिलाफ वोट कर कांग्रेस को मजबूत करेगी।

रामनगर बार ने काशीपुर बार को नौ विकेट से हराया

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : बार एसोसिएशन रामनगर ने सद्भावना क्रिकेट मैच में काशीपुर बार एसोसिएशन को 9 विकेट से हराया। एमपी हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित मैच में काशीपुर बार एसोसिएशन क्रिकेट टीम के कप्तान मुजीब अहमद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया।

टीम ने 20 ओवर में 178 रन बनाए। रामनगर बार की टीम ने एक विकेट खोकर 178 के लक्ष्य को प्राप्त कर काशीपुर की टीम को 9 विकेट से हरा दिया। काशीपुर के पूर्व अध्यक्ष उमेश जोशी व रामनगर बार सचिव सुखदेव सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया।

सभी विजेता तथा उपविजेता खिलाड़ियों को रामनगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन सिंह चौहान ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अंपायर अरमान मंसूरी, मोहित ठाकुर, स्कोरर अदनान रजा, लोकेश पांडे, मैनेजर प्रभात ध्यानी, एडवोकेट गणेश कुमार गगन, अतुल अग्रवाल, जसविंदर सिंह जस्सा, भोपाल रावत, अक्षय भारद्वाज, विवेक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

सावित्रीबाई फुले की जयंती पर हुए रंगारंग कार्यक्रम

रामनगर : भारतीय समाज की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 127वीं जयंती पर सावित्रीबाई फुले सांयकालीन स्कूल पटरानी में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्कूल की संचालिका रेखा बाराकोटी ने सावित्रीबाई फुले के जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई का उद्देश्य विधवा विवाह, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना था। कार्यक्रम में बच्चों के बीच विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं भी हुईं। नवेंदु मठपाल ने बच्चों को पुरुस्कृत वितरित किए।

रामनगर में बनाया जाए हाईकोर्ट

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : रामनगर में हाईकोर्ट की स्थापना करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। रविवार को जन मंच ने पत्रकार वार्ता कर विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के लोगों से हाईकोर्ट की स्थापना की मांग में भागीदारी करने की अपील की।

अधिवक्ता अतुल अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में हाईकोर्ट का निर्माण हल्द्वानी में प्रस्तावित हुआ था, लेकिन जिस स्थान पर हाईकोर्ट की स्थापना होनी थी वहां केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने वन भूमि होने का हवाला देते हुए इस पर आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के लिए रामनगर सबसे उपयुक्त स्थान है। यह कुमाऊं और गढ़वाल के साथ ही तराई का भी प्रवेश द्वार है तथा रामनगर में बेहतर सड़कों के साथ ही रेल का संचालन भी पर्याप्त है।

उन्होंने कहा कि रामनगर के ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र में आम पोखरा तथा धनपुर गुंसाई इलाके में राजस्व विभाग की 35 एकड़ भूमि है, जिसमें हाईकोर्ट की स्थापना हो सकती है। सरकार को इस स्थान पर हाईकोर्ट बनाने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार रामनगर में बड़ी रेल लाइन लाइनों को लेकर एक बड़ा आंदोलन कई वर्षों पहले किया गया था। उसी प्रकार सभी के सहयोग से एक बार फिर हाईकोर्ट रामनगर में बनाए जाने को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वार्ता के दौरान आंनद नेगी, अनिल अग्रवाल मौजूद रहे।

पत्रकार वार्ता में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

एक नजर

फिजियोथेरेपी से गहन रोगों का इलाज संभव

हल्द्वानी : केसरवानी महिला समिति की ओर से खंडेलवाल भवन में फिजियोथेरेपी को लेकर कार्यशाला हुई। फिजियोथेरेपी डॉ. मनीषा गुप्ता ने बताया कि गर्दन दर्द, जकड़न, मांसपेशियों में खिंचाव, कमर से पंजे तक दर्द, नस दबना, हाथों में झनझनाहट आदि रोग फिजियोथेरेपी से ठीक हो सकते हैं। इस दौरान अध्यक्ष गीतू केसरवानी, सचिव बबिता केसरवानी आदि रहे।

कोरम के अभाव में पर्वतीय सभा की बैठक स्थगित

रामनगर : पर्वतीय सभा की 10 मार्च को आयोजित वार्षिक बैठक कोरम के अभाव में अध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने स्थगित कर दी। सभा के महामंत्री हेम चन्द्र पांडे ने बताया कि अगली बैठक 17 मार्च को सुबह 11 बजे से सभा भवन में आयोजित होगी। इस बैठक में विगत वर्ष में सभा के किये गए कार्यों का विवरण तथा आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही त्रैवार्षिक कार्यकारिणी के चुनाव की तिथि निर्धारण पर भी चर्चा की जाएगी।

प्ले स्कूल के वार्षिक समारोह में बच्चों ने मचाई धूम

रामनगर : किड्स किंगडम प्ले स्कूल के वार्षिक समारोह में बच्चों ने नाटक, नृत्य, गायन व कई कलाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य मीना पाथंरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि जितेंद्र पपनै, गायत्री देवी और दिनेश चंद्र ध्यानी रहे। समारोह में नर्सरी के छात्रों ने स्वागत गीत से प्रस्तुत किया। इसके बाद महात्मा गांधी, मदर टेरेसा, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, लक्ष्मीबाई, सुभाष चंद्र बोस, इंदिरा गांधी, नरेंद्र मोदी, योगी आदित्यनाथ के प्रतिरूप धारण कर कार्यक्रम पेश किया। छात्रों ने उत्तराखंड की लोक संस्कृति को दिखाने के लिए पारंपरिक परिधान पहनकर गुलाबी शरारा में लोक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को आनंदित कर दिया। वही नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने दादा के प्रति प्रेम प्रदर्शन करने के लिए दादाजी की छड़ी हूं मैं गीत में नृत्य किया। जिससे प्रांगण में बैठे सभी लोग भाव-विभोर हो गए।कार्यक्रम में ईशान अग्रवाल, तनय अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, रिशी अग्रवाल और अनमोल शर्मा को गैलेक्सी अवार्ड दिया गया। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

कांग्रेस के पास उम्मीदवार ही नहीं : बहुगुणा

संभाग कार्यालय में भाजपा के कुमाऊं क्लस्टर प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विपक्ष पर कसा तंज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भाजपा ने नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट के लोकसभा चुनाव प्रबंधन को लेकर बैठक की। इसमें कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं।

रविवार को मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में हुई बैठक में कुमाऊं क्लस्टर प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के पास कोई भी उम्मीदवार नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। भाजपा पांचों संसदीय सीटें भारी अंतर से जीतेगी।

भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव लड़ाना जानता है बस जरूरत है संगठन व सरकार के बीच समन्वय बनाने की। आचार संहिता लागू होते ही प्रदेश में स्टार प्रचारकों की रैलियां भी होगी। सह प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। आगामी 50 दिनों तक सभी कार्यकर्ता निष्ठा, अनुभव एवं ऊर्जा शक्ति से भाजपा को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

लोकसभा प्रभारी बलवंत सिंह भौर्याल ने कहा कि विकसित भारत के लिए भाजपा 400 पार का नारा साकार करना है। कार्यकर्ता गांव-गांव शहर-शहर जनसंपर्क कर राम मंदिर, अनुच्छे 370 व 35 ए, समान नागरिक संहिता विधेयक आदि को जन-जन तक पहुंचाएंगे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं सांसद उम्मीदवार अजय भट्ट कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की बदौलत शून्य से शिखर तक पहुंची है। प्रधानमंत्री विकसित भारत के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं, उनका सपना आगामी पांच सालों में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में खड़ा करना है।

इस सपने को साकार करने में कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी चन्दन बिष्ट, रंजन बर्गली, अमित नारंग, विन्देश गुप्ता, विकास गुप्ता, कमल नयन जोशी, प्रदीप जनौटी आदि मौजूद रहे।

मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में हुई बैठक में मंचासीन कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा व अन्य। ● अमृत विचार

ये जिम्मेदारियां सौंपी गईं

बैठक में कार्यकर्ताओं को चुनाव कार्यालय, प्रचार अभियान, मीडिया प्रबंधन, युवा महिला लाभार्थी संपर्क अभियान, रैली प्रमुख, न्यायिक समन्वय, घोषणा पत्र, नामांकन, मतगणना, हाई-टेक चुनाव प्रचार समेत कुल 39 प्रबन्ध समितियों की जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में हुई बैठक में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता।

वृद्धाश्रम के उद्घाटन पर महिलाएं सम्मानित

महिलाओं को सम्मानित करते निर्वतमान मेयर जोगेंद्र रौतेला व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हेल्पिंग हैंड चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से गौलापार के गंगापुर में वृद्धाश्रम का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वाली करीब 50 महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। वृद्धाश्रम का उद्घाटन निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला ने किया। ट्रस्ट के निदेशक विशाल शर्मा व शशि सिंह ने बताया कि ट्रस्ट समाज को बेहतर बनाने के लिए निरंतर काम कर रहा है। कार्यक्रम में हेमचंद्र भट्ट, कौस्तुभ जोशी, रूपेंद्र नागर, हरीश पांडे, कौस्तुभ चंदोला, प्रकाश बिष्ट, नारायण बडोला, गिरीश सत्यवाली, विक्रम बर्गली, दीप्ति जोशी, दीपिका यादव, योगिता बनोला, निर्मला आर्य, आरती पोखरियाल, लता जोशी आदि मौजूद रहे।

20.41 करोड़ से यूओयू में बनेगा आधुनिक परीक्षा भवन

▸▸ **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल किया शिलान्यास**

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) में 20.41 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक परीक्षा भवन बनाया जाएगा। इसका रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने देहरादून से वर्चुअल माध्यम से यूओयू के परीक्षा भवन के निर्माण को हरी झंडी दी। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने कहा कि वर्तमान में परीक्षा भवन न होने से यूओयू के विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए दूसरे महाविद्यालयों पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने बताया कि परीक्षा भवन बनने के बाद यह समस्या दूर हो जाएगी।

यूओयू में चार मंजिला परीक्षा भवन बनाया जाएगा। जिसमें एक साथ 2 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा दे सकेंगे। साथ ही परीक्षार्थी ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों तरह से परीक्षा दे पाएंगे। कार्यक्रम का संचालन कुलसचिव प्रो. पीडी पंत ने किया।

इस मौके पर प्रो. गिरिजा पांडे, प्रो. रेनू प्रकाश, प्रो. जितेन्द्र पांडे, शिक्षक, कर्मचारी व कार्यदायी संस्था उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड के अधिकारी मौजूद रहे।

यूओयू में परीक्षा भवन के शिलान्यास पर उपस्थित कुलपति और अन्य। ● अमृत विचार

लोगों तक योजनाएं पहुंचाने का संकल्प

रामनगर : मिशन मोदी पीएम अगेन कार्यशाला में मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल काका मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने व आमजन से मोदी मिशन से जुड़ने की अपील की।

कार्यक्रम में राज्य मंत्री मुकेश कुमार, काशीपुर नगर निगम की निवर्तमान मेयर उषा चौधरी, मिशन की लखनऊ महानगर प्रभारी ममता जिंदल, अयोध्या प्रभारी नीलम मिश्रा विशिष्ट अतिथि रहे। इस दौरान मिशन के प्रदेश प्रभारी एवं महामंत्री डॉ. गिरीश घुगत्याल, जिलाध्यक्ष नैनीताल राजेश शर्मा, जिलाध्यक्ष अल्मोड़ा कुंदन बिष्ट, जिला महामंत्री अल्मोड़ा दिनेश नेगी, जिलाध्यक्ष पौड़ी गढ़वाल गिरीश डोबरियाल, संजय राय, वसीम रजा, नवीन नैलवाल आदि मौजूद रहे।

सालों से लटका सीवर का काम

▸▸ **वार्ड-8 जय दुर्गा कॉलोनी में रसूखदारों के गली को अपना बताने से नहीं डल पाई सीवर लाइन**

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : 100-150 मीटर सीवर लाइन डलवाने के लिए जय दुर्गा कॉलोनी वार्ड-8 के लोग सालों से जल संस्थान, नगर निगम, जिलाधिकारी और कुमाऊं आयुक्त के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

स्थानीय निवासी चंद्रावती रमौला ने बताया कि वर्ष 2019 से कॉलोनी में सीवर लाइन स्वीकृत है, इसके बावजूद आज तक कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। धना देवी ने कहा कि जल संस्थान ने डेढ़ साल पहले सीवर लाइन डालने का काम शुरू किया था, लेकिन कुछ रसूखदारों ने गली की जमीन को अपना बताते हुए विरोध किया और ठेकेदार को काम नहीं करने दिया। इसके बाद जल संस्थान ने कार्य रोक दिया और नगर निगम जाकर विवाद वाली जमीन की तस्दीक कराने को कहा। तब से लेकर अब तक दफ्तरों के चक्कर ही काट रहे हैं, लेकिन काम नहीं हो पाया।

मदन सिंह चौहान ने बताया कि रसूखदारों को नगर निगम की ओर से नोटिस भी दिया गया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। उन्होंने कहा कि विवाद सिर्फ 5 से 10 मीटर जगह को लेकर है, लेकिन इससे 25-30 परिवार प्रभावित हो रहे हैं। कहा कि सीवर लाइन के अभाव में लोगों को गड्ढा खोदना पड़ता है, लेकिन गड्ढा भर जाने पर उसे खाली कराने में दिक्कतें होती हैं। कॉलोनी की गलियां संकरी होने के कारण कूड़ा गाड़ी अंदर नहीं आ पाती है।

रोज ऑफिसों में जा रहे हैं, अधिकारियों से आश्वासन भी मिल रहे हैं, लेकिन काम नहीं हो पा रहा है।
– **हेमा वारियाल**, निवासी वार्ड-8

जल संस्थान वाले कहते हैं कि नगर निगम जाइए। निगम वाले तहसील भेज देते हैं। काम कहीं से नहीं हो रहा है।
– **आरती रौतेला**, निवासी वार्ड-8

जो रसूखदार सीवर लाइन का विरोध कर रहे हैं, उन्होंने ही कॉलोनी की गली में अवैध कब्जा कर रखा है।
– **कौस्तुभ मिश्रा**, निवासी वार्ड-8

रोहित, पुष्कर, प्रियंका और उमा जीते

विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करतीं सहायक खेल निदेशक रशिका सिद्दीकी।

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : खेल निदेशालय की ओर से रविवार को गौलापार स्टेडियम में अनुसूचित जाति बालक-बालिका की मंडल स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कोटाबाग, चंपावत, हल्द्वानी, रामनगर, टनकपुर से करीब 56 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग की 100 मीटर रेस में रोहित कुमार, 400 मीटर में विकास आर्या, लान्ग जंप में रोहित कुमार, 1500 मीटर में पुष्कर राम, 200 मीटर में विकास आर्या, 800 मीटर में अभिषेक कुमार, डिस्कस व शॉट फुट में स्वामी और आयुष विजेता बने। महिला वर्ग में 100 मीटर एवं 400 में प्रियंका आर्य, लान्ग जंप में अंजू आर्या, 800 मीटर में खुशी आर्या, 200 मीटर में टीना, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो और शॉट थ्रो में उमा ने बाजी मारी। सभी विजेता खिलाड़ियों को सहायक खेल निदेशक रशिका सिद्दीकी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर महेश बिष्ट, राजेंद्र नेगी, किशोर पाल, किरन काव्या आदि मौजूद रहे।

जीएनजी एरिना ने जीता फाइनल मुकाबला

हल्द्वानी : जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित कुमाऊं कप अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में रविवार को कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी को जीएनजी एरिना ने 70 रन से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जीएनजी एरिना की टीम ने 5 विकेट खोकर 275 रन बनाये। टीम के लिए लक्ष्य राय चंदानी ने 131 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी की टीम सभी विकेट खोकर 205 रन ही बना पाई। जीएनजी एरिना ने 70 रन से मुकाबला अपने नाम किया। लक्ष्य को मैन ऑफ द मैच और हर्षल गहतोड़ी को फाइटर ऑफ द मैच दिया। इस मौके पर हिमांशु चतुर्वेदी, खुशाल बिष्ट, मनोज तिवारी मौजूद रहे।

ट्रॉफी के साथ फाइनल मुकाबले की विजेता टीम। ● अमृत विचार

पानी की समस्या को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

इंदिरा नगर में पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : इंदिरानगर स्थित दुर्गा मंदिर के पास महिलाओं ने पानी की समस्या को लेकर जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

महिलाओं ने कहा कि क्षेत्र में एक माह से पेयजल की समस्या बनी हुई है। जल संस्थान के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। पानी के लिए निजी टैंकरों से काम चलाना पड़ रहा हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं हुई तो क्षेत्रवासी जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों का घेराव करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में शकील अहमद सलमानी, मुनीफा, यासमीन, विमला, मुनीफा समेत कई महिलाएं शामिल रहीं।

सार-संक्षेप

मिस्टर हल्द्वानी बने वैभव

हल्द्वानी : उत्तराखंड बॉडी बिल्डिंग एवं फिटनेस एसोसिएशन की ओर से रविवार को टैगौर पब्लिक स्कूल में बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के आयोजक मुकेश पाल ने बताया कि मिस्टर उत्तराखंड भूपेश सामंत, मिस्टर हल्द्वानी वैभव मेहरा और मिस्टर कुमाऊं नितिन राठौर चुने गए।

चिकित्सा सुविधा न मिलने पर करेंगे चुनाव बहिष्कार

हल्द्वानी : गवर्नमेंट पेंशनर्स संगठन ने रविवार को अरुणोदय धर्मशाला में बैठक की। जिसमें संगठन के मासिक आय-व्यय और वार्षिक बजट की समीक्षा की गई। बैठक में पेंशनर्स ने पेंशन से एसजीएचएस के तहत उचित चिकित्सा सुविधा न मिलने पर असंतोष व्यक्त किया। कहा कि पेंशनर्स की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समय पर समाधान नहीं हुआ तो संगठन प्रांतीय स्तर पर चुनाव बहिष्कार करेगा। चिकित्सा सुविधा की जांच के लिए एक पांच सदस्य कमेटी गठित की गई, जो बुधवार को अस्पतालों और बैंकों में जाकर पेंशनर्स सहित संबंधी काम करेंगी। बैठक में डॉ. निर्मला जोशी, गंगा मेहता, जगत सिंह मेवाड़ी, लीलाधर पांडे और नवीन चंद जोशी ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर रमेश पांडे, आरएस कैड़ा, बीडी पाठक, केडी उप्रेती, उमाकांत भट्ट, एमसी जोशी, दिनेश चंद्र पंतोला, योगेंद्र पांडे मौजूद रहे।

अरुणोदय धर्मशाला में आयोजित पेंशनर्स की बैठक में उपस्थित लोग।

आयोजन | दक्षिण अफ्रीका, चीन, जर्मनी, यूएस, हंगरी आदि से शोध पत्र शामिल होंगे

आठ विषयों पर पेश होंगे शोधपत्र

▸▸ **एमआईईटी में आज से शुरू होगी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस**

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लामाचौड़ स्थित एमआईईटी में सोमवार (आज) से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस शुरू होने जा रही है। कांफ्रेंस का आयोजन यूकास्ट और यूसर्क की ओर से किया जा रहा है। जिसमें कुमाऊं यूनिवर्सिटी नैनीताल, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी, स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज दिल्ली, उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड और एसीआईसी देवभूमि फाउंडेशन भी सहयोगी हैं।

रविवार को रामपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में एमआईईटी कुमाऊं कॉलेज की ओर से प्रेस वार्ता की गई। जिसमें संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. तरुण सक्सेना, प्रबंध निदेशक डॉ. बीएस बिष्ट, एसीआईसी देवभूमि फाउंडेशन के सीईओ डॉ. कमल रावत और मीडिया हेड अजय चौधरी ने बताया कि दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का विषय सतत विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी है। कार्यक्रम में 8 विषयों पर 250 से अधिक शोधार्थी अपने शोध को प्रस्तुत करेंगे। जिसमें दक्षिण अफ्रीका, चीन, जर्मनी, यूनाइटेड स्टेट, हंगरी आदि विदेश से शोध पत्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, कुमाऊं विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. डीएस रावत, यूओयू के वाइस चांसलर प्रो.ओपीएस नेगी और उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक सीडी सूंठा आदि मौजूद रहेंगे।

एमआईईटी में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के संबंध में प्रेस वार्ता करते हुए।

संघर्षों में महिला मजदूरों की भी अहम भागीदारी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रगतिशील महिला एकता केंद्र, प्रगतिशील भोजनमाता संगठन और क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन ने रविवार को सयुंक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक महिला दिवस मनाया।

कार्यक्रम में प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की आरती ने 8 मार्च का इतिहास बताया। वर्तमान में महिला मजदूरों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बताते हुए भोजनमाता यूनियन की भावना ने कहा कि महिला मजदूरों ने इतिहास में पुरुष मजदूरों के साथ राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संघर्षों में कंधे से कंधा मिलाकर भागीदारी की। गौलापार की दीपा ने कहा कि महिला मजदूरों ने मजदूर वर्ग का शासन लाने के लिए हुए संघर्षों में बढ़ चढ़कर भागीदारी की।

क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के मोहन मटियाली ने कहा कि भारत में आजादी से लेकर वर्तमान सरकार तक सभी पूंजीपतियों के पक्ष में नीतियां बनाकर मजदूर वर्ग का निर्मम शोषण करने में आगे रहीं हैं।

भोजनमाता यूनियन की महामंत्री रजनी जोशी ने कहा कि सरकार महिला, मजदूर, किसान समेत सभी गरीबों के अधिकार खत्म कर रही है। इस मौके पर टीका राम पांडे, उमेश, चंदन, पुष्पादेवी, मौनी, गीता, विमला, बीना, पार्वती, बंसती देवी, मनीषा, आशा, चंदा देवी आदि शामिल रहे।

जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अफसर करें निरीक्षण

समीक्षा बैठक में मौजूद जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिला प्रशासन ने लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने हल्द्वानी विधानसभा-59 के जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। रविवार को नगर निगम सभागार में हुई बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट वाजपेयी ने कहा कि कभी भी चुनावी कार्यक्रम की घोषणा हो सकती है।

सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा होते ही विधानसभा के अंतर्गत मतदान केंद्रों की संवेदनशीलता जांचने के लिए निरंतर भ्रमण करें तथा निर्धारित प्रारूप पर समय पर आख्या उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि सभी मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए भी निरीक्षण किया जाए।

उन्होंने जिन मतदान केंद्रों पर विगत निर्वाचनों में कम मतदान प्रतिशत वोटिंग हुई है, उनमें मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बूथ अवेयरनेस ग्रुप के साथ मिलकर स्वीप एक्टिविटी को बढ़ाने तथा ऐसे क्षेत्र, वार्ड, समुदाय, वर्गों जो मतदान में रुचि नहीं लेते हैं उन्हें चिन्हित करने निर्देश दिए।। वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए निरंतर सामान्य नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए भी निर्देशित किया। इस दौरान तहसीलदार सचिन कुमार मौजूद रहे।

गदरपुर में बरीराई पेयजल योजना का लोकार्पण

सीएम धामी ने वर्चुअल माध्यम से किया 9.03 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली योजना का लोकार्पण

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन देहरादून से वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के कुल 8275.51 करोड़ की 122 विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें गदरपुर में केंद्र पोषित जल जीवन मिशन योजना के तहत 9.03 करोड़ की लागत से बनने वाली बरीराई पेयजल योजना का लोकार्पण शामिल है।

रविवार को एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि आज से पहले इतनी बड़ी धनराशि का लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम नहीं हुआ। इसके लिए उन्होंने प्रशासन व जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में किये गये विकास कार्यों के शिलान्यास व लोकार्पण उत्तराखंड के विकास को नई उड़ान देंगे व मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना हमारा लक्ष्य है। इसके लिए सरकार दिन रात कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश को सक्षम, मजबूत व आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। प्रदेश के विकास में अपना योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि टनकपुर से देहरादून रेल सेवा प्रारंभ की है जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणा एवं सहयोग से उत्तराखंड स्वर्णिम विकास किया जा रहा है। मोदी सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इसके लिए उन्होंने मोदी सरकार का आभार व्यक्त किया।

सीएम धामी के वर्चुअल संबोधन को सुनते डीएम उदयराज सिंह और अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

ब्याज मुक्त ऋण के चेक वितरित किए

रुद्रपुर। जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर डॉ.आशुतोष पंत, सहकारिता विभाग ने दिनेशपुर सहकारी समिति की ओर से देवेंद्र कौर व दलविंदर सिंह को केसीसी डेयरी के तहत 1.60-1.60 लाख, बाजपुर सहकारी समिति के बृजेश को पोल्ट्री वैली योजना के तहत 1 लाख तथा अभिषेक को दीनदयाल डेयरी योजना के तहत 1 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण के चेक वितरित किये गये। कहा कि ऋण का सदुपयोग होना चाहिए।

यह लोग रहे बैठक में मौजूद

मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, उपजिलाधिकारी गौरव पांडे, परियोजना निदेशक अजय सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, डीएसटीओ नफील जमील, एसीएमओ डॉ. राजेश आर्या, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, डीपीओ व्योमा जैन, अधिशासी अभियंता पेयजल ज्योति पालनी, जल संस्थान तरुण शर्मा, पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट, सहायक निदेशक डेयरी राजेंद्र चौहान, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल समेत कई अधिकारी व लाभार्थी मौजूद थे।

धूमधाम से मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

काशीपुर। रामनगर रोड स्थित भोगपुर अंबेडकर पार्क में 14 अप्रैल को अंबेडकर पार्क जन कल्याण सेवा समिति की तरफ से भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह मनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

अंबेडकर पार्क जन कल्याण सेवा समिति अध्यक्ष चंद्रहास गौतम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अंबेडकर जयंती भव्यता के साथ मनाये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जयंती समारोह के लिए दस सदस्यों की कमेटी गठित की जाएगी। अध्यक्ष ने बताया कि काशीपुर समेत आसपास के सभी ग्राम प्रधानों को अंबेडकर जयंती में आमंत्रित किया जाएगा। अंबेडकर जयंती में लोगों के बैठने एवं खाने-पीने की उचित व्यवस्था को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। बताया कि 14 अप्रैल का आयोजित कार्यक्रम में मशहूर गायक को भी बुलाया जाएगा। इस अवसर पर अंबेडकर पार्क जन कल्याण सेवा समिति अध्यक्ष चंद्रहास गौतम, उपाध्यक्ष बीना आर्या, कोषाध्यक्ष पंकज गौतम, महासचिव अशोक कुमार, राम सिंह, ऋषिपाल, मोहनी आर्या, नरेश कुमार, रमेश बौद्ध, अमरीश, राम प्रसाद, दानवीर, ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार, कपिल, भोपाल सिंह, हरी प्रसाद, ज्ञान चंद व जितेंद्र देवांतक आदि उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

आदर्श इंदिरा बंगाली में निवर्तमान मेयर को लड्डुओं से तोलते स्थानीय लोग।

निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह को लड्डुओं से तोला

रुद्रपुर। नजूल भूमि पर मालिकाना हक मिलने पर आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी के लोगों ने निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह को एक कार्यक्रम में लड्डुओं से तोल कर सम्मानित किया और आभार जताया। इसके साथ ही मौके पर मौजूद भाजपा नेताओं और निवर्तमान पार्षदों का फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी में कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान मेयर ने कहा कि लम्बे संघर्ष के बाद रुद्रपुर के लोगों को नजूल भूमि पर मालिकाना हक की सौगात मिली है। सरकार ने गरीबों को नि:शुल्क मालिकाना हक देकर ऐतिहासिक काम किया है। यह सब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की गरीब के कल्याण की सोच की बदौलत ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के ध्येय पर काम कर रही है। नजूल भूमि पर मालिकाना हक इसका प्रमाण है। रामपाल सिंह ने कहा कि दशकों पुरानी नजूल भूमि पर मालिकाना हक की मांग को लेकर उन्होंने पांच वर्ष के कार्यकाल में कोई कसर नहीं छोड़ी।

भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय का हवन यज्ञ कर उद्घाटन करते भाजपाई।

भाजपा के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

काशीपुर। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के घोषित प्रत्याशियों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। जिसको लेकर रविवार को नैनीताल-ऊधमसिंह नगर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के लोकसभा चुनाव कार्यालय का रेलवे स्टेशन रोड पर हवन यज्ञ कर शुभारंभ किया गया। रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, गुरविंदर सिंह चंडोक, खिलेंद्र चौधरी, राम मेहरोत्रा व दीपक बाली के माध्यम से रेलवे स्टेशन रोड पर राधेश्याम बिल्डिंग के पास अजय भट्ट के लोकसभा चुनाव कार्यालय का हवन यज्ञ कर उद्घाटन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति देश की जनता का पूर्ण समर्थन है और अबकी बार 400 पार का नारे के साकार करते हुए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। वही प्रधानमंत्री जी की सभी योजनाएं धरातल पर उतरी है। आज नैनीताल-ऊधमसिंह नगर के लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के चुनावी कार्यालय का काशीपुर में उद्घाटन किया गया है। उन्हें उम्मीद है कि क्षेत्र की जनता अजय भट्ट को पिछली बार से अधिक मतों से विजयी बनाएगी।

बिजली बिल वसूलने गई टीम पर हमला, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, किच्छा

दुस्साहस

▸▸ **पिता-पुत्र पर लाइनमैन को पोल से खींचकर जमीन पर गिराने का आरोप**

अमृत विचार: पुलभट्टा थाना क्षेत्र में बिजली बिल का बकाया वसूली करने गई टीम के साथ पिता- पुत्रों ने गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। घटना में एक कर्मचारी घायल हो गया। इस दौरान टीम को वापस लौटना पड़ा। विभाग की लिखित शिकायत के बाद पुलभट्टा पुलिस ने आरोपी पिता पुत्रों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिजली विभाग द्वारा बड़े बकायेदारों से बिल की वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विभागीय कर्मचारी सुमित शर्मा, रविंद्र पाल सिंह, उपनल कर्मी रूपचंद शेर सिंह, ठेका कर्मी वीरेंद्र कुमार, तारक विश्वास एवं सुमित कुमार की टीम ग्राम बरा निवासी शंकर लाल के निवास पर पहुंची। विद्युत कर्मचारी के अनुसार ग्राम बरा निवासी शंकर लाल ने कई महीने से विद्युत बिल का भुगतान नहीं किया है। उन पर बिल का 17931 का बकाया है। पुलिस को दी शिकायत में बिजली कर्मचारी रूपचंद पाल ने बताया कि बकाया बिल के वसूली के लिए विभागीय टीम विद्युत उपभोक्ता शंकर लाल के निवास पर पहुंची थी तथा बिल का भुगतान न करने पर कनेक्शन काटने के लिए लाइनमैन जब बिजली के पोल पर चढ़ा तो आरोपी शंकर लाल व उसके पुत्र अखिलेश एवं मुकेश ने गाली गलौज कर पोल पर चढ़े लाइनमैन को खींचकर नीचे गिरा दिया, जिसके चलते लाइनमैन घायल हो गया।

घटना के बाद पुलभट्टा थाने पहुंची विद्युत विभाग की टीम ने आरोपियों के विरुद्ध लिखित शिकायत दी। पुलभट्टा थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। उपखंड अधिकारी डीसी गुरुरानी ने बताया कि विद्युत बकाया बिल की वसूली के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटने के साथ ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बाजारों में 10 मिनट के लिए बंद कराईं दुकानें

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने संबंधी शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की मुहिम को समर्थन देने के लिए एकम सनातन भारत दल के आह्वान पर यहां दुकानदारों ने 10 मिनट के लिए अपने प्रतिष्ठान बंद रखे।

रविवार को एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ता प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन के नेतृत्व में कार्यकर्ता मुख्य बाजार पहुंचे। जहां उन्होंने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के आह्वान पर 10 मिनट के लिए दुकान बंद रखने का अनुराध व्यापारियों से किया। इस पर कई व्यापारियों ने 10 मिनट अपनी दुकानें बंद रखीं। शंकराचार्य ने केंद्र सरकार से मांग की है कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए व गौ हत्या पर रोक को कठोर कानून बनाया जाए। इस मौके पर डॉ. आरके महाजन, जिला अध्यक्ष हरचरण सिंह चन्ना, नगर अध्यक्ष अमित ढींगरा, राजकुमार नैयर रहे।

गदरपुर एकम सनातन भारत दल की कार्यकर्ता बाजार बंद कराते। ● अमृत विचार

काशीपुर में 10 मिनट के लिए बंद कराईं कई दुकानें

काशीपुर। एकम सनातन भारत दल की ओर से 10 मिनट भारत बंद कार्यक्रम को लेकर दुकानों को बंद कराया। साथ ही अतीन प्रमुख मांगों को पूरा करने की मांग की। एकम सनातन भारत दल ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के आह्वान पर क्षेत्र के हिन्दू समाज से रविवार को 10 बजे 10 मिनट के लिए अपने व्यवसाय बंद रखने की अपील की। दल के सदस्यों ने दुकानें बंद कराकर कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास किया। एकम सनातन भारत दल की तीन मांगों में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, काशीपुर चैती मेले को सरकार के दायरे से मुक्त करने तथा भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करना शामिल है। इस दौरान वेद प्रकाश विद्यार्थी, वीना शर्मा, रमा शर्मा, पुष्पा चतुर्वेदी आदि रहे।

गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग

शांतिपुरी। शांतिपुरी नंबर दो मुख्य बाजार में रविवार को जवाहरनगर व शांतिपुरी क्षेत्र के ग्रामीणों ने गाय को राष्ट्र माता घोषित करने एवं लावारिस गोवंश की सुरक्षा के लिए गौशालाओं का निर्माण करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर कुछ देर के लिए दुकानें बंद कराईं। इस मौके पर गौ रक्षक उमेश चंद्र जोशी, कैप्टन देवेंद्र सिंह कोरंगा एवं प्रमोद जोशी ने कहा कि 2018 में उत्तराखंड सरकार ने गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। जिस पर अभी तक कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार को तहसील एवं न्याय पंचायती स्तर पर गौशालाओं का निर्माण करना चाहिए।

बाजपुर में दुकानें बंद रख सांकेतिक प्रदर्शन किया

बाजपुर। गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग कर रहे ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के आह्वान पर एकम सनातन भारत दल से जुड़े व्यापारी कार्यकर्ताओं ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सांकेतिक प्रदर्शन व नारेबाजी की। रविवार को संस्था से जुड़े क्षेत्र के कुछ कार्यकर्ता ग्राम पंचायत टांडा डालचंद के अंतर्गत अपने प्रतिष्ठान के समक्ष एकत्र हुए और गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने व गौहत्या के विरुद्ध कठौर कानून बनाने की मांग को लेकर दुकानें बंद रखकर नारेबाजी की गई। इस मौके पर शंकर शर्मा, नेमपाल दिवाकर, राजेश दिवाकर, सनी सिंही, वंश शर्मा, गुड्डू दिवाकर रहे।

रामबाग मेले में महिलाओं ने की जमकर खरीदारी

दिनेशपुर। प्राचीन शिव मंदिर रामबाग का प् मेला पारंपरिक तो है ही, बुक्सा जनजाति की लोक संस्कृति का परिचायक भी है। ऐतिहासिक मेला चरम पर है। बाजार में भी खूब रौनक देखी गई। रविवार को श्रद्धालुओं ने देवाधिदेव के दर्शन कर पूजा- अर्चना की। इस दौरान बाजार में खूब रौनक रही, विवाहिताओं ने श्रृंगार व अन्य चीजों की जमकर खरीदारी की। उन्होंने मेला में लगे फास्ट फूड, गोलगप्पे, चार्ट व हलुवा- पुरी का आनंद लिया। शाम ढलते ही मेले में काफी भीड़ बढ़ गई। मेला चौकी प्रभारी एसआई नवीन चंद्र सुयाल व एसआई संतोष उप्रेती फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से गस्त करते रहे। मेले की व्यवस्था में मेला प्रबंधक राकेश सिंह व नित्यानंद मंडल, बुक्सा जनजाति कल्याण समिति अध्यक्ष बाबू सिंह तोमर, मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया, पुजारन मंतो देवी, प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा रहे।

पांच सौ मीटर दौड़ में कल्पना ने मारी बाजी

किच्छा। नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति फिटनेस दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर 500 मीटर दौड़ में महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। चीनी मिल खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की शिक्षिका अंजू सक्सेना, वरिष्ठ नेत्री पुष्पा रावत एवं राधा बिष्ट ने शिरकत कर बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा समन्वयक आशीष पाल, अर्जुन यादव, प्रतीक कुमार, निकिता एवं प्रियंका का विशेष योगदान रहा। दौड़ में कल्पना प्रथम, काजल द्वितीय व आंचल तृतीय स्थान पर रहे। अतिथियों ने विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, माय भारत ब्रांडेड टी-शर्ट, आदि भेंट कर सम्मानित किया।

शांतिपुरी में महिला दिवस पर हुए रंगारंग कार्यक्रम

शांतिपुरी। शांतिपुरी नंबर दो उत्तरायणी मैदान में महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक जन जागरूकता से संबंधित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि ब्लॉक प्रमुख ममता जल्होत्रा, प्रधान संघ अध्यक्ष दीपा ललित कांडपाल, प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा व महिला समूह की अध्यक्ष कविता तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि महिलाएं देश व समाज के विकास के लिए आगे आएं। इस मौके पर महिला समूहों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संचालन इन्द्रा रौतेला, कविता तिवारी व किरन मेहता ने किया। यहां प्रधान संघ अध्यक्ष दीपा कांडपाल, दुग्ध संघ निर्देशक इंद्र मेहता, अजय तिवारी आदि रहे।

युकां चलाएगी युवा न्याय कार्यक्रम

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि शिक्षित बेरोजगार को न्याय दिलाने के लिए राहुल गांधी के आदेश पर यूथ कांग्रेस देश भर में युवा न्याय कार्यक्रम संचालित करेगी। इसके लिए अहम पांच बिंदुओं को लेकर प्रचार प्रसार किया जाएगा।

रविवार को पत्रकार वार्ता में भुल्लर ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव को लेकर सबसे ज्यादा युवाओं के हित के बारे में सोचा है। यही कारण है कि लोकसभा चुनाव में युवाओं के लिए पांच गारंटी घोषणा पत्र में शामिल है। जिसमें केंद्र में सत्ता आने पर 30 लाख नौकरी की गारंटी देने, पहली नौकरी पक्की यानी 25 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक डिप्लोमा धारक, कॉलेज स्नातक को निजी या फिर सार्वजनिक कंपनी के साथ एक साल की प्रशिक्षुता प्रदान कर नये प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम बनाकर प्रत्येक प्रशिक्षु को साढ़े आठ हजार रुपये देने, पेपर लीक से मुक्ति को नया कानून बनाने को लेकर मुहिम चलाएगी।

इसके अलावा हर साल रोजगार तलाशने वाले लाखों युवाओं को बेहतर कामकाजी परिस्थितियां व सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की गारंटी देने के साथ ही युवा रोशनी कार्यक्रम के तहत पांच साल की अवधि में पांच हजार करोड़ का कोष बनाया जाएगा। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष रंजीत राणा, फैजल सिद्दीकी, सुमित शर्मा, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आजाद बहादुर आदि मौजूद रहे।

वार्ता करते प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर।

शार्टसर्किट से युवक झुलसा

खटीमा। मझोला निवासी राजाराम संजय मार्केट में एक दुकान पर बिजली का काम कर रहा था। उसी दौरान प्लास से प्लस-माइनस के तारों के टकरा जाने से तारों में आग लग गई, जिससे उसका चेहरा झुलस गया। घायल को तत्काल नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। राजाराम ने बताया कि आंखों पर चश्मा होने के चलते उसकी आंखें क्षतिग्रस्त होने से बच गईं।

खुशी | पिछले कई सालों से जर्जर हालत में थी सड़कें, चार सड़कों का कार्य पूर्ण

सड़कें बनाने पर विधायक बेहड़ का स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार:-किच्छा विधानसभा में पड़ने वाली वार्ड-एक की जर्जर सड़कों का कार्य पूर्ण होने पर स्थानीय लोगों ने विधायक तिलक राज बेहड़ का जोरदार स्वागत किया और सड़कें बनने पर हर्ष जताया। लोगों का कहना था कि जर्जर सड़क हादसों का सबब बन रही थी। सड़क बनने के बाद लोगों को काफी सुविधा होगी।

रविवार की शाम को वार्ड-एक के पार्षद सुरेश गौरी की मौजूदगी में विधायक तिलकराज बेहड़ का स्वागत समारोह हुआ। इस दौरान विधायक बेहड़ ने कहा कि किच्छा का विधायक बनने के बाद ही सबसे पहले जर्जर सड़कों का जीर्णोद्धार करने का निर्णय लिया और विधायक निधि से दो करोड़ रुपये स्वीकृत कराएं गए। इसमें जनपथ रोड, वनखंडी मंदिर रोड समेत चार सड़क के अलावा चारदीवारी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गेट का निर्माण किया जाएगा। पिछले कई सालों से स्थानीय लोग सड़क का मुद्दा उठा रहे थे। पार्षद सुरेश गौरी ने बताया कि वार्ड-एक का आधा हिस्सा किच्छा विधानसभा में आता है। जिस कारण सड़कों का कार्य अधूरा पड़ा हुआ था। मगर बेहड़ के विधायक बने ही विकास कार्य तेजी से शुरू होने लगे है। इस मौके पर पूर्व प्रधान रणजीत सिंह, उप प्रधान अनिल शर्मा, शारदानंद, दीवान राय, संजय सिंह, राम सिंह, विवेक कुमार, भुवन कुमार, सावित्री टम्टा, दीपा देवी, मनोरमा गोस्वामी, बबीता देवी आदि मौजूद रहे।

विधायक बेहड़ का स्वागत करते कॉलोनी वासी। ● अमृत विचार

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

विधायक प्रत्याशी रहे जायसवाल ने छोड़ी आप

शक्तिफार्म। सितारगंज विधानसभा से आम आदमी पार्टी के विधायक प्रत्याशी रहे अजय जायसवाल ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को अपना त्यागपत्र भेज दिया। रविवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता में उन्होंने खुद को आम आदमी पार्टी की कार्यप्रणाली के साथ असहज बताया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में वह सितारगंज विधानसभा से आम आदमी पार्टी के विधायक प्रत्याशी रहे थे। साथ ही पार्टी ने उन्हें प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी भी सौंपी थी। पार्टी के साथ स्वयं को असहज बताते हुए उन्होंने पार्टी से इस्तीफा देने की घोषणा की।

वाहन ने मजदूरों को रौंदा एक की मौत, साथी घायल

संवाददाता, खटीमा

हादसा

- मेला देखने बनखंडी महादेव मंदिर जा रहे थे श्रमिक, हादसे में वाहन भी पलटा, चालक घायल

अमृत विचार: जगबूड़ा पुल के पास से निर्माणाधीन इंडो- नेपाल मार्ग पर निर्माण कार्य में काम करने वाले आधा दर्जन से अधिक मजदूर चकरपुर स्थित बनखंडी महादेव मंदिर में शिवरात्रि मेला देखने आ रहे थे। तभी बनबसा की ओर से आए मैजिक वाहन ने पैदल चल रहे तीन मजदूर को टक्कर मार दी और अनियंत्रित हुई मैजिक भी पलट गई।

इस दुर्घटना में विकास (24) पुत्र रामजनम निवासी चकिया जिला चंदौली वाराणसी सहित उसी गांव के अखिलेश और संदीप कुमार तथा चालक अजय कुमार निवासी मीना बाजार बनबसा घायल हो गए जबकि वाहन में बैठी एक महिला बाल-बाल बच गई। घायलों को तत्काल नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने विकास को मृत घोषित कर दिया। वहीं अखिलेश को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घायल संदीप ने बताया कि अखिलेश को बरेली ले जाया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस को परिजनों का भी इंतजार है। पोस्टमार्टम सोमवार को होगा।

कम ब्याज दर पर देता था लोगों को रुपया, सामान-परिवार सहित गायब, लोगों ने किया प्रदर्शन

ट्रांजिट कैंप में लाखों के जेवरात लेकर सुनार फरार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक सुनार द्वारा लोगों को कम ब्याज दर पर पैसा बांटने के साथ ही लाखों के जेवरात लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। सुनार के फरार होने की भनक लगते ही स्थानीय लोगों ने ज्वैलर्स की दुकान के सामने खड़े होकर प्रदर्शन किया और पुलिस से आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की।

रविवार की शाम को वार्ड-एक पार्षद सुरेश गौरी के साथ कॉलोनी की बड़ी संख्या में महिलाएं जनपथ रोड स्थित सुनार की दुकान के सामने एकत्रित हुई और प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। उनका कहना था कि जनपथ मार्ग पर पिछले डेढ़ साल से एक सुनार की दुकान है और दुकान का संचालक वहीं रहता भी है। इसके अलावा उसकी ट्रांजिट कैंप में भी ज्वैलर्स की दुकान है। उन्होंने बताया कि ज्वैलर्स लोगों को दो से डेढ़ फीसदी ब्याज दर के हिसाब से पैसा भी बांटता था और उसके बदले सोने-चांदी के आभूषण भी गिरवी में रख लेता था।

रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में ज्वैलर्स की दुकान के समक्ष आक्रोश जताते लोग। ● अमृत विचार

उन्होंने बताया कि आवश्यकतानुसार करीब 40 से 45 लोगों ने अपने आभूषण रखकर रकम ली थी। आरोप है कि शनिवार की देर रात गोपनीय तरीके से आरोपी ज्वैलर्स सारा सामान और परिवार के साथ गायब हो गया। कॉल करने पर आरोपी का फोन भी बंद मिला। इसके बाद ही लोगों को जालसाजी की भनक लगी। उन्होंने बताया कि जब पड़ताल की तो पाया कि आरोपी की दुकान व मकान दोनों ही बैंक ऋण पर संचालित है। पीड़िता का कहना था कि आरोपी द्वारा लोगों का लाखों के जेवर लेकर चंपत हो गया है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर ज्ञान देवी, पिंकी देवी, सुप्रिया शर्मा, अंजू देवी, वर्षा देवी, ओमकार सिंह, प्रमोद कुमार, राम अवतार सिंह, अरविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें वैज्ञानिक : कोश्यारी

पूर्व सीएम बोले-किसान केवल मेहनत कर सकता है, कृषि को लाभकारी बनाना वैज्ञानिकों का काम, जीबी पंत विवि के 115वें किसान मेले का उद्घाटन

किसान मेला

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: जीबी पंत विश्वविद्यालय के 115वें अखिल भारतीय किसान मेले एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व सीएम और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि कोश्यारी को मेले में लगी उद्यान प्रदर्शनी और विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों द्वारा लगायी गयी विभिन्न प्रदर्शनियों के स्टॉलों का अवलोकन कराया गया।

रविवार को उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व सीएम कोश्यानी ने कहा कि विश्वविद्यालय का बीज, पंतनगर बीज का नाम देश में विख्यात है, जिसको किसान अधिक संख्या में खरीदने के लिए इस मेले में आते हैं। किसान केवल मेहनत कर सकता है, परंतु वैज्ञानिक नई-नई तकनीकों का विकास कर किसानों के मध्य पहुंचकर उनकी आय में बढ़ोत्तरी करा सकते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती की दिशा में कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को शिक्षण कार्य से ऊपर भी सोच रखनी पड़ेगी जिससे विश्वविद्यालय को विश्वविख्यात बनाया जा सके।

कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि आप जमीन से जुड़े हुए और किसानों के प्रति बहुत लगाव रखते हैं। हमेशा अच्छी सलाह देते हैं और विश्वविद्यालय के प्रति सकारात्मक सोच रखते हैं और वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित भी करते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के बाद से ही किसानों को नई-नई प्रजातियों के बीज उपलब्ध करा रहा, जिससे किसान लाभांवित हो रहें हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों को 540 से ज्यादा उन्नत प्रजातियों के बीज उपलब्ध करा रहा है। वर्ष 2023 में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा दलहन की सात प्रजातियां एवं दो अन्य प्रजातियां विकसित की है, जो किसानों तक पहुंचाई जा रही है।

निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेन्द्र क्वात्रा ने बताया कि किसान मेले में लगभग 375 बड़े एवं छोटे स्टाल लगाये गये हैं। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डॉ.एएस नैन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस दौरान मंचासीन अतिथियों ने विभिन्न कृषि साहित्यों का विमोचन किया और उत्तराखंड के विभिन्न जिलों के कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से चयनित 9 कृषकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव, निदेशक, अधिष्ठाता, संकाय सदस्य, किसान, विद्यार्थी, वैज्ञानिक, शिक्षक, अधिकारी, विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ ही उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों के साथ-साथ अन्य प्रदेशों और नेपाल के किसान भी उपस्थित थे।

किसान मेले का फीता काटकर उद्घाटन करते पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी। ● अमृत विचार

गोष्ठी एवं प्रशिक्षण के माध्यम से पहुंचायी जा रही है नई-नई तकनीकों की जानकारी

पंतनगर। कुलपति डॉ. चौहान ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा नई-नई तकनीकों की जानकारी गोष्ठी एवं प्रशिक्षण के माध्यम से पहाड़ के दूर-दराज के किसानों तक पहुंचायी जा रही है। जिससे किसान उन तकनीकों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में किसानों की ज्यादातर मांग विश्वविद्यालय का पंतनगर बीज है, जिसका किसान उपयोग कर अधिक उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के 114वें किसान मेले में लगभग एक करोड़ के बीज का विक्रय किया गया था।

खरीफ फसलों के बीजों की हुई 9 लाख रुपये की बिक्री

पंतनगर। निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेंद्र क्वात्रा ने बताया कि मेले के दूसरे दिन फसल अनुसंधान केंद्र, प्रजनक बीज उत्पादन केंद्र, विश्वविद्यालय फार्म और एटिक द्वारा लगभग 9 लाख रुपये के विभिन्न खरीफ फसलों के बीजों की बिक्री की गयी। इसके अतिरिक्त औषधीय एवं सगंध पौध अनुसंधान केंद्र, आदर्श पुष्प वाटिका, सब्जी अनुसंधान केंद्र, उद्यान अनुसंधान केंद्र और कृषि वानिकी अनुसंधान केंद्र के स्टॉलों से लगभग 1 लाख 15 हजार रुपये के बीज व पौधों की बिक्री की गई। साथ ही प्रकाशन निदेशालय और एटिक के स्टॉल से लगभग 3600 रुपये के प्रकाशनों की बिक्री की गई। इसके अलावा अतिरिक्त मेले में लगे निजी क्षेत्र के विभिन्न स्टालों द्वारा भी विभिन्न प्रकार के बीजों एवं पौधों की बिक्री की गयी।

बछिया की नीलामी को दो हजार ने कराया पंजीकरण

पंतनगर। निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेन्द्र क्वात्रा ने बताया कि मेले के दौरान शैक्षणिक पशुधन प्रक्षेत्र पर संकर बछियों की नीलामी में किसानों ने प्रतिभाग किया। अब तक करीब दो हजार से अधिक किसानों ने अपना पंजीकरण कराया। इसके अतिरिक्त दो हजार से अधिक अपंजीकृत किसानों द्वारा मेले का भ्रमण किये जाने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि भ्रमण कार्यक्रम के तहत करीब 250 काश्तकारों को उद्यान केंद्र, औषधीय केंद्र और ट्रीट केंद्र, डेयरी व अन्य अनुसंधान केंद्रों पर भ्रमण भी कराया गया।

समीर के संकर बछियों की लगी 66 हजार रुपये बोली

पंतनगर। जीबी पंत विश्वविद्यालय में आयोजित मेले में शैक्षणिक डेयरी फार्म पर दो संकर एवं साहीवाल बछियों और भैंस की कटियों की नीलामी हुई। संकर बछियों की अधिकतम 66 हजार रुपये की बोली बिलासपुर निवासी समीर और भैंस के कटियों की अधिकतम 79 हजार रुपये की बोली बिजनौर निवासी डॉ. सत्यपाल की लगी। नीलामी में चार पशु 2 लाख 79 हजार में नीलाम हुए। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक शैक्षणिक डेरी फार्म डॉ. एसके सिंह, सहायक निदेशक डॉ. सुनील कुमार, प्राध्यापक पशुधन उत्पादन प्रबंध विभाग डॉ. शिव कुमार समेत कई किसान मौजूद रहे।

ठेका श्रमिकों ने उठाई जायडस कंपनी को खोलने की मांग

सितारगंज। जायडस वैलनेस कंपनी के ठेका मजदूरों ने कंपनी की अवैध बंदी को खोलने की मांग को लेकर एक बार फिर हुंकार भरी। इस आसय नगर के रामलीला मैदान में जन सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जन सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे ने कहा कि, जिस सपनों को साकार करने के लिए सिडकुल की स्थापना की गई, वह सपना साकार नहीं हो सका। आज सरकार की गलत नीतियों के कारण उद्योग लगातार बंद हो रहे हैं, हजारों मजदूरों का रोजगार छिन जाने से, आर्थिक स्थिति दयनीय हो चुकी है। ट्रेड यूनियन एक्टू के प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने कहा कि भाजपा सरकार में मजदूरों का शोषण चरम पर है। मजदूर यूनियन की नेता अनीता अन्ना ने कहा कि सरकार कंपनी के ठेका मजदूरों को न्याय नहीं दिला पाई। भाकपा (माले) के जिला सचिव ललित मटियाली ने कहा कि मुख्यमंत्री का गृह जिला होने के बावजूद मजदूरों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को न्याय दिलाने की इस लड़ाई में भाकपा हमेशा मजदूरों के साथ खड़ी रहेगी। इस मौके पर अनीता देवी, सूरज भंडारी, तन्नू, रेशमा अहमद, मोहम्मद राशिद, धर्मानंद जोशी, प्रताप सिंह, मनोज रस्तोगी, सोहेल, रोहित, मनजीत सिंह आदि रहे।

फिल्म की शूटिंग को लेकर हंगामा

संवाददाता, किच्छा

विरोध

- शूटिंग के दौरान मार्ग बंद करने से भड़के व्यापारी, बाद में हो गया समझौता

अमृत विचार: यहां मुख्य बाजार में फिल्म की शूटिंग के दौरान व्यापारियों ने जोरदार हंगामा किया। हंगामे के चलते दो घंटे तक फिल्म की शूटिंग को रोकना पड़ा। हंगामे की सूचना पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी सहित तमाम व्यापारी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच कर व्यापारियों को शांत कराया। व्यापारियों से वार्ता के बाद विवाद निपट गया और फिल्म की शूटिंग पुनः प्रारंभ कर दी गई।

नगर स्थित शास्त्री मार्केट में एक हिंदी फिल्म की शूटिंग की जा रही है। जिसके चलते मुंबई से आई टीम एवं फिल्म के कलाकारों द्वारा प्रशासन से अनुमति से नगर स्थित शास्त्री मार्केट में रविवार की सुबह शूटिंग शुरू की गई। शूटिंग के चलते मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिसके चलते करीब दो दर्जन व्यापारियों का कामकाज पूरी तरह से प्रभावित हो गया। शास्त्री मार्केट के व्यापारियों ने आरोप लगाया कि शूटिंग के चलते शास्त्री मार्केट में जाम की स्थिति पैदा हो गई है तथा दोनों ओर से बैरिकेडिंग लगाने तथा मार्ग को अवरुद्ध कर देने से उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है तथा अगले 5 दिनों तक शूटिंग कार्य के कारण उनका कामकाज पूरी तरह से ठप हो जाएगा। स्थानीय व्यापारियों के विरोध के चलते मुंबई से आई शूटिंग टीम को काम बीच में ही रोकना पड़ा। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि फिल्म की शूटिंग कर रहे निर्माता निर्देशक द्वारा शास्त्री मार्केट के कुछ व्यापारियों को व्यापार के नुकसान की एवज में सहायता राशि दी गई है जबकि छोटे व्यापारियों को कोई मदद नहीं दी गई। हंगामे की सूचना पर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला तमाम व्यापारियों के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से वार्ता की। व्यापारी नेता नितिन फुटेला के हस्तक्षेप के बाद फिल्म निर्माता द्वारा छोटे व्यापारियों को भी आर्थिक मदद देने के बाद विवाद का पटाक्षेप हो गया। इसी बीच व्यापार मंडल महामंत्री विजय अरोड़ा ने मौके पर पहुंचकर व्यापारियों से सहयोग की अपील की।

युवती से मारपीट कर दुष्कर्म की कोशिश

रुद्रपुर। रंपुरा चौकी इलाके की रहने वाली एक युवती के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़िता ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

रंपुरा चौकी इलाके के प्रीत विहार कालोनी की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 7 मार्च की रात आठ बजे वह अपनी बेटी के साथ सामान लेकर वापस घर लौट रही थी। अचानक एक युवक आया और बेटी से अश्लील हरकतें करने लगा। आरोप था कि युवक हाथापाई कर युवती को जबरन नजदीक के एक कमरे में ले गया और दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। शोर-शराबा सुनकर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़िता की मां ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

40 महिलाओं को उत्तराखंड नारी गौरव सम्मान

कार्यक्रम

- रामपुर विधायक आकाश और रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ
- मोनाल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर मोनाल वेलफेयर सोसायटी की ओर से उत्तराखंड नारी गौरव सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश की चालीस ऐसी महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है।

रविवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित समारोह का शुभारंभ रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, रामपुर यूपी विधायक आकाश सक्सेना, आईपीएस प्रशिक्षु एवं सीओ सदर निहारिका तोमर, कुमाऊं विवि के क्रीड़ाधिकारी नागेंद्र शर्मा, जिंदगी जिंदाबाद के संस्थापक कमलजीत सिंह चानना ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस दौरान आयोजकों ने 40 सशक्त महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में समाजसेवी, चिकित्सक, पर्यावरण संरक्षण, बिजनेशमैन, लीडरशिप सहित कई क्षेत्रों में अपनी मेहनत के दम पर गौरवान्वित करने वाली महिलाएं शामिल हैं। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि सोसायटी द्वारा महिलाओं को सम्मानित करना गौरव की बात है। इससे में महिलाओं को प्रोत्साहन मिलेगा और महिलाओं को स्वावलंबी और सशक्तिकरण मनाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि यूपी और उत्तराखंड की भाजपा सरकार भी लगातार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। सोसाइटी की डायरेक्टर डॉ.नीता सक्सेना ने बताया कि सोसायटी सामाजिक कार्यों के प्रति सजग रहती है। इस अवसर पर अधिवक्ता आरपी सिंह, पूरन जोशी, अंतरराष्ट्रीय धावक विजय चौधरी, देवेंद्र सक्सेना, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा भाजपा भावना बोहरा, हरविंदर सिंह चुघ, डॉ.नीरज सक्सेना, विजय सिंह, अभय सक्सेना, निशा सक्सेना, संगीता सक्सेना, प्रियाशील सक्सेना, इशांत सक्सेना आदि मौजूद रहे।

महिलाओं को सम्मानित करते विधायक शिव अरोरा और रामपुर विधायक आकाश सक्सेना।

बैठक समाजवादी पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लोकसभा प्रत्याशी सहित आठ प्रस्ताव पास

गठबंधन हुआ तो नैनीताल व हरिद्वार से लड़ेगी सपा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तराखंड समाजवादी पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल और प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने स्व. मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी सहित आठ प्रस्ताव पारित किए गए।

रविवार को रुद्रपुर में आयोजित एक बैठक में प्रदेश कार्यसमिति के साथ मंथन कर प्रदेश अध्यक्ष पोखरियाल ने बताया कि यदि प्रदेश में कांग्रेस और सपा का गठबंधन होता है तो हरिद्वार और नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर सपा अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेगी, दस दिनों में कार्य समिति का गठन कर सदस्यता शुल्क जमा करने, प्रदेश अध्यक्ष के आदर्शों का निस्वार्थ भाव से पालन करने, सोशल मीडिया में अनावश्यक टिप्पणी नहीं करने, कार्यकर्ता को जोड़ने और हटाने का अधिकार प्राप्त व्यक्ति के पास होने, प्रदेश एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी प्रदेश का भ्रमण कर कार्यकारिणी का गठन करने, सपा की अन्य संगठन अपनी कार्यकारिणी बनाकर प्रदेश अध्यक्ष सूची भेजने का प्रस्ताव पारित किया गया है।

प्रदेश प्रभारी सिद्दीकी ने कहा कि देश में भाजपा दमनकारी नीति अपनाकर राजनीतिक दलों का शोषण कर रही है। सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग खुलेआम हो रहा है। धर्म की राजनीति कर सरकार बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और अफसरशाही को संरक्षण दे रही है। वर्तमान में देश की जनता भाजपा के दोहरे चरित्र को समझ चुकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठित होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव व जिला प्रभारी अरविंद यादव, जिला अध्यक्ष रवि छाबड़ा, प्रदेश महासचिव संजय सिंह, अमित कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर सिंह यादव, महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष हेमा बोरा, गुलफाम अली, जय ठाकुर, अमरदीप सिंह सिद्धू, शीश पाल सिंह यादव रहे।

रुद्रपुर में सपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में मंचासीन प्रांतीय पदाधिकारी। ● अमृत विचार

प्रचार वैनों को चुघ ने किया रवाना

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: भाजपा के मीडिया प्रचार-प्रसार वैन को भाजपा प्रचार वैन के प्रदेश सह प्रभारी भारत भूषण चुघ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वैन विधानसभा क्षेत्रों में लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देगा। साथ ही उनका सुझाव भी लेगा। इस दौरान 12 प्रचार वैन को रवाना किया गया।

रविवार को किच्छा रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय से भाजपा प्रचार वैन को रवाना करने के दौरान सह प्रभारी चुघ ने कहा कि प्रदेश में पहाड़ी क्षेत्रों में दो विधानसभा में एक व मैदानी क्षेत्र में तीन विधानसभा क्षेत्रों में एक वाहन लोगों के घर तक पहुंचेगा। केंद्र की मोदी सरकार और उत्तराखंड की धामी सरकार गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारियों के लिए तमाम योजनाएं चला रही है, लेकिन जानकारी के अभाव में लोगों को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्हें फायदा पहुंचाने के लिए मीडिया प्रचार वाहन घर-घर भेजे जा रहे हैं। लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चौमुखी विकास हुआ है। भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस बार भाजपा 400 पार का नारा सार्थक होगा। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रामपाल, अनिल चौहान, मयंक कक्कड़, गजेंद्र प्रजापति, पुष्कर बिष्ट, धर्म सिंह कोली, राज कोली, सुनील ठुकराल, शिवकुमार, ममता रहे।

भाजपा प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्रदेश सह प्रभारी चुघ।

एक नजर

कच्ची शराब बनाते एक गिरफ्तार, साथी फरार

दिनेशपुर। थानाध्यक्ष अनिल जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम तिलपुरी के जंगल में नाले के किनारे कच्ची शराब बनाते हुए हरज़िंदर सिंह निवासी ग्राम तोताबैरिया थाना केलाखेड़ा, उधमसिंह नगर को गिरफ्तार किया। उसका साथी फरार हो गया। पुलिस ने मौक़े से एक वाहन, एक ट्यूब के अंदर 50 लीटर तैयार कच्ची शराब व उपकरण बरामद किए। मौके पर 3000 लीटर लहन नष्ट किया गया। उसका साथी सतनाम सिंह निवासी तोता बेरिया थाना केलाखेड़ा पुलिस को देखकर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। टीम में एसआई गिरीश चंद्र पंत, कानि. श्याम सुन्दर बिष्ट आदि थे।

घर में आग लगने से हजारों का नुकसान

नानकमत्ता। क्षेत्र के विचपुरी सफलता गांव निवासी विशाल सिंह पुत्र छोटे लाल के घर में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। घर से आग की लपटें निकलती देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग से घर का रखा हजारों का सामान जलकर राख हो गया। आग से घर में रखी अलमारी, बक्सा, कपड़े, धान, गेहूं, चावल तथा घर में रखे जरूरी कागजात भी जलकर राख हो गए। पीड़ित विशाल सिंह राणा ने बताया कि आग से करीब 40 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना पटवारी को दे दी गई है।

तीन वारंटी गिरफ्तार

काशीपुर। कुंडा थाना पुलिस ने पिछले लम्बे समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटियों में ग्राम बैंतवाला निवासी गजेंन्द्र सिंह, ग्राम सरवरखेड़ा निवासी दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा व यहीं के शाहरुख शामिल हैं। उधर, पुलिस ने गश्त के दौरान ग्राम बैलजुड़ी में नूर हसन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनोहर चंद, कांस्टेबल हरीश प्रसाद व मनोज बोरा शामिल रहे।

मंदिर की भूमि को बेचने का आरोप लगाया

बाजपुर। ग्राम कनौरा स्थित प्राचीन मंदिर के पुजारी देवगिरी महाराज ने मंदिर कमेटी पर अनेक आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र प्रेषित किया है। पुजारी देव गिरि ने कहा है कि मंदिर कमेटी के कुछ लोगों द्वारा मंदिर की भूमि पर कब्जा कर उसे बिक्री किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूरे मामले की जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने व मंदिर की भूमि को खुर्द-बुर्द होने से बचाने की मांग की है।

उक्रांद के नेतृत्व में निकाली रैली, मूल निवास को लेकर निर्णायक संघर्ष करने का किया आह्वान

भू-कानून व मूल निवास को लेकर निकाली रैली

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः भू-कानून व मूल निवास को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) ने एक जन जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान यूकेडी कार्यकर्ताओं ने जल्द ही भू-कानून और मूल निवासी लागू करने की मांग की।

रविवार को उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने सैनिक कॉलोनी स्थित होली चौक से रैली चामुंडा मंदिर रोड, रामनगर रोड, चीमा चौराहा होते हुए एसडीएम कार्यालय पर आकर समाप्त हुई। रैली के दौरान महिलाओं ने भी भू-कानून व मूल निवास को लेकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पृथक राज्य की लड़ाई युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने व जल, जंगल जमीन पर स्थानीय लोगों के अधिकार को लेकर लड़ी गई थी। लेकिन सशक्त भू-कानून तथा मूल निवास 1950 नहीं होने के कारण राज्य की जमीन पर बाहरी लोगों का अधिकार हो रहा है। जबकि प्रदेश के अधिकांश लोग न तो अपने घर में अपना अधिकार पा रहे हैं और न ही बेरोजगारों को रोजगार मिल रहा है। यहां का रोजगार बाहरी प्रदेश से आये लोगो को स्थायी निवास देकर छीन लिया जा रहा है। उत्तराखंड क्रांति दल भू-कानून और मूल निवासी को लेकर निर्णायक लड़ाई लड़ेगा।

इस दौरान जिलाध्यक्ष जगदीश चन्द्र बौड़ाई व चंपावत प्रभारी शिव सिंह रावत, जिला प्रभारी हरजाप सिंह, डॉ. गोविंद्र सिंह रावत, भुवन जोशी, आनंद सिंह असगोला, जीवन सिंह नेगी, किसन सिंह बोरा, राम सिंह धामी, प्रदीप गहतोड़ी, ओंकार सिंह कार्की, जमुना दत्त जोशी, महावीर कार्की, मोहन चंद्र कांडपाल, इंदर सिंह मनराल, कैलाश भट्ट, नरेंद्र कुमार पाण्डे, प्रताप सिंह चौहान, इंदर सिंह मनराल, महिपाल सिंह नेगी, चंद्र सिंह रावत, विक्रम सिंह रावत, आनंद सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

भू-कानून व मूल निवास को लेकर रैली निकालते यूकेडी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सीएम के कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर, सीडीओ ने अफसरों को दिए निर्देश

सीडीओ ने सभा स्थल का किया निरीक्षण, भाजपा नेता भी कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे

जनसंवाद कार्यक्रम

- कल बाजपुर में लाभार्थी जनसंवाद कार्यक्रम में शिरकत करेंगे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचारः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 12 मार्च को बाजपुर में प्रस्तावित लाभार्थी जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। जनपद स्तर के अधिकारियों ने बाजपुर में डेरा डाल दिया है। सीडीओ मनीष कुमार व एडीएम पंकज उपाध्याय ने समस्त विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों का जायजा लिया और अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा कार्यक्रम में विभागीय स्तर पर जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए गए।

रविवार को बाजपुर पहुंचे दोनों अधिकारियों ने इंटर कालेज खेल मैदान में बनाए जा रहे जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। इसके पश्चात एसडीएम कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक कर अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की। सभी विभागों को किए गए कार्यों का विवरण उपलब्ध करवाने के साथ ही सीएम के कार्यक्रम की निर्धारित जिम्मेदारियों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का हेलीकॉप्टर दोपहर बाद 3 बजे नैनीताल मुख्यमार्ग स्थित रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल के मैदान में उतरेगा और वहां से कार द्वारा मुख्यमंत्री का काफिला हल्द्वानी बस अड्डे पर पहुंचेगा। यहां से सीएम रोड शो करते हुए सभा स्थल इंटर कालेज मैदान में पहुंचेंगे। वहां पर करोड़ों के विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण व स्टालों का निरीक्षण करने के उपरांत लाभार्थी योजना के तहत पीएम जनधन, आयुष्मान व लखपति दीदी के लाभार्थियों को लाभांश पत्र सौंपे जाएंगे। इसके पश्चात सीएम सभा को संबोधित करेंगे। इस मौके पर तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, सीडीपीओ रेनू यादव, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पीडी गुप्ता, मुख्य गन्ना विकास अधिकारी राजीव अरोड़ा, एसएन सिंह आदि विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी कमर कस ली है। भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा सहित भाजपाई तैयारियों की समीक्षा में जुटे हैं। इसी क्रम में सुखीजा ने अधिकारियों के साथ बैठक करने के उपरांत इंटर कालेज मैदान में चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर भाजपा नेता राजेश कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमल किशोर भट्ट, गौरव शर्मा, विकास गुप्ता, रोशन लाल तोमर आदि मौजूद थे।

बाजपुर एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेते सीडीओ मनीष कुमार। ● अमृत विचार

सीएम के कार्यक्रम में पहुंचने की अपील

काशीपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 12 मार्च को प्रस्तावित लाभार्थी सम्मेलन को लेकर महुवा खेड़ागंज में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा नेता राजेश कुमार ने नुक्कड़ सभा में कहा कि 12 मार्च को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बाजपुर आगमन पर कई लोग कांग्रेस व अन्य दल छोड़ भाजपा में शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखंड के विकास के लिए तैयार किया गया खाका अब जनता में खरा उतर रहा है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सीएम के कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। साथ ही भाजपा नेता राजेश कुमार ने महुआ खेड़ागंज में पूर्वांचल विकास समिति के कार्यालय का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्वांचल विकास समिति अध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा स्मृति चिन्ह भेट कर राजेश कुमार को सम्मानित भी किया। इस दौरान समिति अध्यक्ष मुन्ना शाह, वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष पति अब्दुल हसन, धर्मात्मा यादव, सत्येंद्र सिंह, सुभाष, दिलीप सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार, दिलीप कुशवाहा, अमर सिंह चौधरी, कुंवर पाल सिंह, अंकित सिंह, वेदपाल, आनंद प्रकाश, कुलवंत, संतोष सिंह, हाफिजुर रहमान, वेद प्रकाश, यासीन, रईस अहमद रहे।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते एसपी काशीपुर। ● अमृत विचार

शिविर में 20 लोगों ने किया रक्तदान

काशीपुर। लायंस क्लब काशीपुर डायमंड द्वारा सरकारी अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 20 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ एसपी काशीपुर अभय सिंह ने फीता काटकर किया। रविवार को एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय में लायंस क्लब काशीपुर की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ करते हुए एसपी काशीपुर अभय सिंह ने कहा कि आपके द्वारा दिया रक्त किसी व्यक्ति को समय से मिल जाए, तो उसकी जान बच सकती है। उन्होंने लायंस क्लब की भी सराहना की। लायंस क्लब के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि क्लब समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। रविवार को रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्तदान हुआ है। इस मौके पर जसपाल चड्ढा, सूरज अरोड़ा, राकेश कुमार रॉकी, कमल छाबड़ा, गुरविंदर सिंह चण्डोक, तरसेम लाल बाठला, बसंत बल्लभ भट्ट, संजय अरोरा, संजीव कालरा रहे।

राज्य में पांचों सीटों पर चुनाव लड़ेगी बसपा

लोकसभा चुनाव

- बसपा प्रदेश अध्यक्ष व प्रभारी ने कार्यककर्ताओं संग की बैठक

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तराखंड में अपनी कमर कसनी शुरू कर दी है। बहुजन समाज पार्टी के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शीशपाल व प्रदेश प्रभारी नरेश गौतम अपना कुमाऊं दौरा करते हुए काशीपुर पहुंचे। जहां बसपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

रविवार को मुरादाबाद रोड स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शीशपाल ने कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव को लेकर बैठक की। साथ ही कहा कि बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में उत्तराखंड में चुनावी बिगुल फूंक दिया गया है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी उत्तराखंड में पांचों सीटों पर अपने दम पर चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से बूथ वाइज और सेक्टर वाइज कमेटियां बनाकर पार्टी की विकास परक नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने का आह्वान भी किया। प्रदेश प्रभारी नरेश गौतम ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी कांग्रेस और भाजपा को पछाड़कर उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव में अपना परचम लहराते हुए पांचों सीटों पर कब्जा जमाएगी। उन्होंने मौजूद कार्यकर्ताओं से चुनाव को लेकर अभी से ही एकजुट हो जाने को कहा। उन्होंने कहा कि इस बार बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में बसपा, यूपी और उत्तराखंड में जोर-जोर से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि इस बार बहुजन समाज पार्टी भाजपा और कांग्रेस को कड़ी टक्कर देने वाली है। मौके पर बसपा प्रभारी सुरेश आर्य, प्रदेश महासचिव नंद गोपाल गौतम, विनोद कुमार गौतम, लोकसभा प्रभारी अख्तर अली, अफसर अली, महिपाल, महानगर अध्यक्ष एमए राहुल, मुमताज मंसूरी, तबरेज सिद्दीकी, मुस्तकीम रहे।

काशीपुर पहुंचने पर बसपा प्रदेश अध्यक्ष व प्रभारी का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सम्मेलन भाजपा के शिक्षक, सैनिक व आर्थिक प्रकोष्ठों के तत्वावधान में प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन का आयोजन

हर वर्ग के उत्थान को गंभीर हैं प्रधानमंत्री मोदी : भौर्याल

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचारः भारतीय जनता पार्टी शिक्षक, सैनिक और आर्थिक प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ लोकसभा प्रभारी एवं पूर्व कबीना मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, लोकसभा इस्तारक दिनेश, शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ. नवीन भट्ट, आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक वरुण अग्रवाल और सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक गंभीर सिंह धामी, किसान आयोग उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, ब्लाक प्रमुख रंजीत नामधारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश जोशी, जीवन धामी, मोहिनी पोखरिया, विधानसभा विस्तारक शुभ तिवारी, बिमला मुंडेला ने संयुक्त रूप से श्याम प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।

ब्लॉक सभागार में आयोजित प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में लोकसभा प्रभारी भौर्याल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा, नारी, किसान, गरीब को चार जाति मानकर उसके उत्थान की बात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति को राष्ट्र की मुख्य धारा में जोड़ने का आह्वान किया है। डॉ. नवीन भट्ट ने कहा कि भाजपा द्वारा विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए समाज के प्रबुद्ध नागरिकों से सुझाव मांगे जा रहे हैं। जिन पर चलकर भविष्य के भारत का निर्माण होगा। आर्थिक प्रकोष्ठ की ओर से प्रमुख उद्योगपति अचल शर्मा ने कहा कि आज देश की नीतियों में परिवर्तन करने के कारण भारत 5 वीं अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। पूर्व प्रधानाचार्य महेश ओली ने कहा कि भारत ने नई शिक्षा नीति को लागू कर दासता से भारत को मुक्त करने का काम किया है। सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक गंभीर सिंह धामी ने सैन्य सुरक्षा को को लेकर सुझाव दिए। सम्मेलन में वरुण अग्रवाल, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, भाजपा लोकसभा विस्तारक दिनेश आर्य ने विचार व्यक्त किए। अंत में प्रकोष्ठों की ओर से लोकसभा प्रभारी भौर्याल, दिनेश आर्य और आलोक तिवारी को शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कपिल सामंत ने किया।

खटीमा में लोकसभा प्रभारी भौर्याल को सम्मानित करते प्रकोष्ठ पदाधिकारी।

फुटबॉल में स्टेडियम ट्रेनीज विजेता

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर खेल विभाग ऊधमसिंह नगर द्वारा रविवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम काशीपुर में फुटबॉल, क्रिकेट एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें ओपन बालक की फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. आरके शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में 4 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें स्टेडियम ट्रेनीज के खिलाड़ी पीयूष के एक गोल की मदद से कुमाऊं कॉलोनी को 1-0 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालक वर्ग अंडर -13 आयु वर्ग में देव ने गोरांश को 21-13 ,21-12 से पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। ओपन बालक वर्ग में पवन ने अमोघ को 21-14, 21-12 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। ओपन बालक क्रिकेट प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स स्टेडियम काशीपुर की टीम और अनकैप इलेवन के मध्य मैच खेला गया। जिसमें स्टेडियम की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया तथा विपक्षी टीम को निर्धारित 20 ओवर में 124 के स्कोर पर रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टेडियम की टीम ने 19 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। विजेता खिलाड़ियों को सीएफओ आईआईएम काशीपुर मृणाल सजवान ने पुरस्कार बांटे।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब में पंजा साहिब के दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु।

गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में हजारों श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

नानकमत्ता। अमावस्या पर्व पर यहां ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में दूरदराज से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में स्नान कर मत्था टेका और लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने सुख-शांति के लिए अरदास भी कराई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पवित्र पंजा साहिब, अजैब घर बाऊली साहिब, गुरुद्वारा दूध वाले कुएं के भी दर्शन किये। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कविसरी जत्थों से गुरुवाणी का गुणगान सुना और लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। इस एक दिवसीय मेले के दौरान लोगों ने खरीदारी भी की। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के जनरल सैक्रेटी अमरजीत सिंह, निदेशक पृथ्वीपाल सिंह, गुरवंत सिंह, निर्मल सिंह, गुरदयाल सिंह, देवेन्दर सिंह, प्रभारी प्रबन्धक सुखवंत सिंह भुल्लर, रणजीत सिंह राणा, हरवंत सिंह चीमा आदि मौजूद रहे।

खटीमा में फ्लैग मार्च करते पुलिस व पैरामिलिट्री के जवान। ● अमृत विचार

पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया

रुद्रपुर/काशीपुर/जसपुर/खटीमा : रविवार को जसपुर व थाना कुंडा में एसपी काशीपुर अभय सिंह और रुद्रपुर में सीओ निहारिका तोमर के नेतृत्व में पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान क्षेत्र के लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की भी अपील की गयी। फ्लैग मार्च के माध्यम से आम जनता को निष्पक्ष मतदान करने के लिए आश्वस्त किया गया फ्लैग मार्च मे सभी अधिकारी व थानो का समस्त फोर्स सम्मिलित रहा। उधर पुलिस क्षेत्राधिकारी विमल रावत के नेतृत्व में कोतवाली से फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस कर्मियों के साथ ही अर्धसैनिक बल के जवानों ने सितारगंज, टनकपुर, मेलाघाट, पीलीभीत, लोहियाहेड रोड, गौटिया, इस्लामनगर और राजीवनगर में फ्लैग मार्च निकाला। इस अवसर पर कोतवाल प्रकाश दानू, झनकईया थानाध्यक्ष रवींद्र सिंह बिष्ट, एसएसआई अशोक कुमार, संदीप पिलख्वाल, किशोर पंत आदि रहे।

पेयजल पाइप लाइन कार्य का शिलान्यास करते पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते।

केशवनगर में पेयजल लाइन बिछाने के कार्य का शिलान्यास

बाजपुर। नगर के वार्ड नंबर-6 मोहल्ला केशवनगर में अब पेयजल की समस्या नहीं रहेगी। रविवार को भूप राम शर्मा के मकान से शिव मंदिर तक करीब 500 मीटर पेयजल पाइप लाइन बिछाने के कार्य का शिलान्यास पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने किया। इस दौरान मोहल्लेवासियों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शुद्ध पेयजल से वंचित वार्डवासियों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होने जा रहा है। इस मौके पर सभासद मोहम्मद आसिफ, हामिद हुसैन, साबिर शेख, विश्वजीत सिंह चौहान, सुरेंद्र सिंह त्यागी, महेंद्र यादव, अमरनाथ शर्मा, विवेक चौहान, वेदप्रकाश चौधरी, नौबहार सिंह, मोहन सिंह चौहान, आंगनलाल, अविनाश त्यागी, पीके सक्सेना, मो.हनीफ, शाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार फार्मेसिस्ट घायल

बाजपुर। नहटौर तहसील धामपुर बिजनौर उप्र निवासी फार्मेसिस्ट फैसल अनवर (33) पुत्र खुर्शीद अनवर शनिवार देर रात बाइक पर पिथौरागढ़ से अपने घर बिजनौर जा रहा था। इसी बीच नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर ग्राम पंचायत नमूना के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। हादसे में फैसल अनवर गंभीर रूप से घायल हो गया। हाइसे के बाद आरोपित चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों व राहगीरों की मदद से घायल को उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। उसकी हालत काफी नाजुक बताई जा रही है।

सट्टे की खाईबाड़ी करता युवक दबोचा

बाजपुर। दोराहा चौकी की पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते एक युवक को दबोच लिया जिसके विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से पाकेट डायरी, पेन व 2840 रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस ने ग्राम कनौरी से आने वाले रास्ते पर नेशनल हाइवे-74 के पास से आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम ग्राम हरलालपुर निवासी अकील अहमद पुत्र अमीर हसन बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक डायरी, पेन व 2840 रुपये नकद बरामद किए हैं। उधर बेरिया दौलत चौकी की पुलिस ने बीस लीटर कच्ची शराब के साथ ग्राम मडैया हट्ट निवासी अमरजीत सिंह को गडरी नदी के पास से गिरफ्तार किया है।

मील का पत्थर साबित होगा मानसखंड विज्ञान केंद्र : धामी

अल्मोड़ा के विज्ञान केंद्र का मुख्यमंत्री ने वर्चुअली किया उद्घाटन, कुमाऊं ही नहीं प्रदेश भर के छात्रों और शोधार्थियों को मिलेगा फायदा

सौगात

- प्रदेश के सबसे बड़े केंद्र में जलवायु परिवर्तन, आयुर्वेद सहित विज्ञान के कई विषयों को वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत किया

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को राज्य की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान अल्मोड़ा में करीब 20 करोड़ से बने मानस खंड विज्ञान केंद्र का भी उद्घाटन किया।

अल्मोड़ा में स्थापित यह मानसखंड विज्ञान केंद्र अब कुमाऊं ही नहीं बल्कि प्रदेश भर के छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश के सबसे बड़े मानसखंड विज्ञान केंद्र में जलवायु परिवर्तन, आयुर्वेद सहित विज्ञान के कई विषयों को वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत किया है। मानसखंड विज्ञान केंद्र के शुभारंभ पर इस केंद्र में एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। अल्मोड़ा के विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि मानस खंड विज्ञान केंद्र से विज्ञान में रुचि रखने वाले स्कूली बच्चों में विज्ञान के प्रति नई चेतना विकसित होगी। उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक दुर्गेश पंत ने कहा कि यह केंद्र कुमाऊं में विज्ञान की क्रांति लाएगा। इससे विज्ञान पर्यटन के क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में जिलाधिकारी विनीत तोमर, विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा. लक्ष्मीकांत, गोविंद बल्लभ पंत हिमालय पर्यावरण संस्थान के निदेशक डा. सुनील नौटियाल, जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, डा. आर महरोत्रा, पूर्व पालिका अध्यक्ष गिरीश पंत, प्रभारी मानस खंड विज्ञान केंद्र डा. नवीन जोशी समेत अन्य अधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मानसखंड विज्ञान केंद्र के उद्घाटन पर मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

जल्द खुलेगा ऑटोमैटेड टेस्टिंग स्टेशन

अल्मोड़ा : राज्य पोषित योजना के तहत कुमाऊं के अल्मोड़ा जिले में जल्द ही ऑटोमैटेड टेस्टिंग स्टेशन अस्तित्व में आ जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने 8.9969 करोड़ मंजूर कर दिए है। रविवार को सीएम धामी ने इसका वर्चुअल शिलान्यास कर संबंधित अधिकारियों को जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर कार्य शुरू करने के निर्देश भी दे दिए हैं। इन स्टेशनों में कई प्रकार के जरुरी टेस्टिंग के लिए ऑटोमैटिक तरीके से यांत्रिक उपकरणों का इस्तेमाल किया जाता है। मंत्रालय के इस निर्णय पर प्रदेश सरकार भी गंभीरता से कार्य कर रही है। राजधानी समेत अन्य कुछ बड़े शहरों में इन्हें स्थापित भी कर लिया गया है। जल्द ही इस इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। ताकि वाहनों को फिटनैस के लिए अन्य नगरों की दौड़ ना लगानी पड़ेगी। साथ ही सड़क हादसों के ग्राफ में भी कमी आएगी।

अल्मोड़ा को 89 करोड़ की योजनाओं की मिली सौगात

अल्मोड़ा : रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर धामी द्वारा राज्य की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास देहरादून से किया। इस मौके पर अल्मोड़ा जिले के लोगों को भी करीब 89 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात मिली। धामी ने अल्मोड़ा में बने 14, 6621 करोड़ रुपये की लागत से बने आईएसबीटी का लोकार्पण किया। इससे कुमाऊं के चार जिलों अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर और चंपावत के लोगों को अल्मोड़ा से देश के किसी भी प्रदेश में जाने के लिए बसों की सुविधा यहीं से प्राप्त हो सकेगी। सीएम ने इसके अलावा 7.7464 करोड़ की लागत से टैक्सी स्टैंड के पास बने बहुमंजिले पार्किंग, 16.5225 करोड़ की लागत बने राजकीय पॉलिटेक्निक बाड़ेछीना और 17.1755 करोड़ की लागत से बने ताकुला पालिटेक्निक के भवनों का लोकार्पण किया। इसके अलावा सीएम ने केंद्र पोषित सल्ट विधानसभा के तामाढौन गोलना मोटर मार्ग के 13.6923 करोड़ के प्रथम और 10.2678 करोड़ के द्वितीय फेज के निर्माण कार्य का भी लोकार्पण किया।

बिना फहराया झंडा। (लाल घेरे में)

तिरंगा झंडा फहराना भूल गए आयोजक

अल्मोड़ा : रविवार को स्यालीधार में स्थित मानसखंड विज्ञान केंद्र के उद्घाटन के मौके पर आयोजक कार्यक्रम से पूर्व केंद्र के परिसर में लगे तिरंगे झंडे को फहराना भूल गए। घंटों तक कार्यक्रम चलता रहा, लेकिन किसी का भी ध्यान झंडे की ओर नहीं गया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब लोग बाहर आने लगे तो उनकी नजर झंडे पर पड़ी। आयोजकों को इसकी जानकारी दी गई तो उन्होंने कार्यक्रम समाप्त होने के बाद झंडा फहराया।

सार-संक्षेप

सोलर हैंडपंप में तकनीकी खामी से ग्रामीण परेशान

अल्मोड़ा : जिले के भैंसियाछाना विकास खंड के जोगयूड़ा ग्राम सभा के ग्रामीणों ने जल संस्थान पर जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत किए गए कार्यों में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया। ग्राम सभा के तोक ढाना में कुछ समय पहले सोलर हैंडपंप की स्थापना की गई थी, लेकिन वह भी कुछ ही दिनों में खराब हो गया। जिस कारण अब ग्रामीण दूरदराज से प्राकृतिक स्रोतों से पेयजल की व्यवस्था कर रहे हैं। ग्रामीणा भुवन पांडे, बसंत बल्लभ, जीवन राम, चंद्रशेखर, रमेश पाठक, गोकुल जोशी, नीरज पांडे, चंपा देवी, हेमा देवी, गणेश राम, नरेंद्र राम, दीपा देवी, गणेश जोशी, जगदीश चंद्र, मोहन राम, गोपुली देवी आदि ने शीघ्र व्यवस्था में सुधार ना होने पर आंदोलन की धमकी दी है।

ढाना में खराब पड़ा सोलर पैनल वाला हैंडपंप।

जनता को गुमराह कर रहे हैं भाजपा नेता

बागेश्वर : कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला ने कहा कि भाजपाई अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार झूठ का पुलिंदा लेकर मैदान में आ रही है, जिसे जनता भलिभांति जानती है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता के बीच जाकर लोगों को भाजपा की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराएं। इस दौरान विनोद पाठक, प्रकाश बाछमी, गोकुल परिहार, विनोद पाठक, कवि जोशी आदि उपस्थित थे।

उद्यमिता के महत्वपूर्ण चरणों की जानकारी दी

रानीखेत : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में गतिमान 12 दिवसीय कार्यशाला के नवम दिवस पर डॉ राहुल चन्द्रा द्वारा विपणन प्रबंधन, मार्केटिंग मिक्स, ई-कॉमर्स, ई-मार्केटप्लेस बिजनेस मॉडल आदि उद्यमिता के महत्वपूर्ण चरणों के बारे में जानकारी दी गई। इसी कड़ी में डॉ. रोहित जोशी ने उद्यमिता में जीएसटी एवं लेखांकन की उपयोगिता बारे में जानकारी दी। कार्यशाला के कोऑर्डिनेटर पंकज पांडे की ओर से प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की ओर से बनाए गए बिजनेस मॉडल की समीक्षा की गई। कार्यक्रम का संचालन एवं निर्देशन डॉ. गणेश नेगी ने किया।

डेढ़ तोला सोने का मंगलसूत्र लौटाकर पेश की ईमानदारी

रानीखेत : देवभूमि उत्तराखंड को हमेशा से यहां के निवासियों की ईमानदारी के लिए जाना जाता है। ऐसा ही एक और घटना रानीखेत में देखने में आयी है, जहां एक व्यक्ति ने डेढ़ तोले सोने का मंगलसूत्र को उसके असल मालिक को ढूंढकर सौंप दिया। रानीखेत छावनी परिषद् में कार्यरत बालम सिंह जंतवाल को कुछ दिन पूर्व रास्ते में पड़ा हुआ एक मंगलसूत्र मिला। उनके द्वारा मंगलसूत्र की जांच करवाकर ईमानदारी का परिचय देते हुए उनके द्वारा इस बात की जानकारी सोशल मीडिया में साझा की गयी। जल्द ही इसके असल मालिक ग्राम पल्यूड़ा पोस्ट अमयाड़ी निवासी भगवती देवी (80 वर्ष) के परिजनों तक सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना पहुंच गयी। उसके बाद उन्हें बुलाकर मंगलसूत्र की पहचान बताने पर रविवार को उनके हवाले कर दिया गया।

महिला को मंगलसूत्र लौटाते बालम सिंह।

सार-संक्षेप

लोधिया में सड़क पर खड़ा ट्रक दुकान में घुसा

अल्मोड़ा : शनिवार की देर शाम अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर स्थित लोधिया कस्बे में खड़ा ट्रक अपने आप एक दुकान में जा घुसा। इस दौरान काउंटर पड़ा खड़े दुकान स्वामी ने भागकर अपनी जान बचाई। हादसे में दुकान को काफी नुकसान पहुंचा है। हल्द्वानी की ओर जा रहा ट्रक चालक लोधिया पुलिस बैरियर से आगे एक दुकान के पास रुका। चालक ने ट्रक को सड़क किनारे खड़ा किया, जिसके बाद चालक व परिचालक दोनों पास की दुकान में चाय पीने चले गए। बताया जा रहा है कि चालक ने ट्रक का हैंडब्रेक नहीं लगाया था। प्रेशर बढ़ने से ट्रक ढलान की ओर चल पड़ा और कुछ दूरी पर जाकर एक मिठाई की दुकान में जा घुसा। हादसे के दौरान दुकान स्वामी हल्की चोटें आई, लेकिन उसने वहां से भागकर अपनी जान बचा ली।

सीवर के लिए खोदी सड़क दो माह बाद भी ठीक नहीं

अल्मोड़ा : सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी कल्याण समिति की बैठक में संगठन के सदस्यों ने नगर में व्याप्त अनेक समस्याओं के निस्तारण के लिए कार्रवाई की मांग की। संगठन की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नगर के जाखनदेवी में सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़क दो माह बीत जाने के बाद भी ठीक नहीं हो सकी है। जिस कारण इस मोटर मार्ग से गुजरने वाले वाहनों और राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में डा. पीसी जोशी, महेश आर्या, आरपी जोशी, नारायण दत्त पांडे, चंद्रशेखर सिंह सिराड़ी, रमेश पंत, गणेश बिष्ट, एनसी जोशी आदि मौजूद रहे।

दो वाहनों की भिड़ंत में बाल-बाल बचे यात्री

अल्मोड़ा : पिथौरागढ़ अल्मोड़ा हाईवे पर धौलादेवी विकास खंड के पनुवानौला कस्बे के रतवानी बैंड पर रविवार को आमने सामने से आ रहे दो वाहनों में भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहनों में सवार यात्रियों को कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन दोनों वाहन आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद व्यापार मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह मेहता ने कहा कि दुर्घटना स्थल पर मार्ग काफी संकरा है। वहां पर तीखा मोड़ भी है। कुछ समय पहले अतिवृष्टि के कारण इस स्थान पर सुरक्षा दीवार के टूट जाने के कारण यह मार्ग और संकरा हो गया है। जिस कारण यहां पर आए दिन कोई ना कोई हादसा होते रहता है।

जनसंपर्क करते भाजपा प्रत्याशी सांसद अजय टम्टा। ● अमृत विचार

प्रत्याशी घोषित होने के बाद टम्टा ने किया जनसंपर्क

रानीखेत : प्रत्याशी घोषित होने के बाद सांसद अजय टम्टा ने रविवार को रानीखेत में जनसम्पर्क किया। नगर में पहुंचे सांसद का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सांसद ने सभी का आभार व्यक्त कर जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया। केमू स्टेशन पर पहुंचने पर सांसद का स्वागत किया गया, जिसके बाद कार्यकर्ता जुलूस के रूप में केमू स्टेशन से गांधी चौक, सदर बाजार होते हुए विजय चौक तक पहुंचे। इस दौरान सांसद अजय टम्टा एवं विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने लोगों का अभिवादन किया। विधायक नैनवाल व जिलाध्यक्ष लीला बिष्ट ने कहा कि आने वाले चुनाव में पिछले बार के मुकाबले दोगुने मतों से अजय को जीत मिलेगी।

सड़क न बनने पर निकाली रैली

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : सल्ट विधानसभा में करीब दस साल पहले स्वीकृत मंगरूखाल-तनशालीसैंण-कालिंका मोटर मार्ग का निर्माण ना होने से गुस्साए ग्रामीणों ने रविवार को उत्तराखंड जन कल्याण समिति के तत्वावधान में क्षेत्र के घटबगड़ से बजरखोड़ा तक जनाक्रोश रैली निकाली। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार और शासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और शीघ्र इस मार्ग का निर्माण ना किए जाने पर उग्र आंदोलन और चक्का जाम करने की चेतावनी भी दी।

रविवार को क्षेत्र के अनेक ग्रामीण विधानसभा के घटबगड़ कस्बे में एकत्र हुए। यहां उन्होंने पूर्व स्वीकृत सड़क का निर्माण ना होने पर सरकार और सरकारी तंत्र के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। उसके बाद ग्रामीणों ने बजरखोड़ा तक जनाक्रोश रैली का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र के महिला, पुरुष, बच्चे व अनेक सामाजिक संगठनों के लोगों ने भी प्रतिभाग किया। बजरखोड़ा में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस मार्ग को वर्ष 2014 में स्वीकृति मिल गई थी। लेकिन सरकारी हीलहवाली के कारण इसका निर्माण नहीं हो पाया। जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने वर्ष 2018 में ईखूखेत बाजार में करीब बीस दिन का लंबा आंदोलन भी किया। आंदोलन के दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने इस मार्ग के शीघ्र निर्माण का आश्वासन दिया था। लेकिन पिछले चार पांच सालों में सभी आश्वासन हवाई साबित हुए हैं। जनाक्रोश रैली में सुनील टम्टा, राजेंद्र नेगी, विजय उनियाल, राकेश बिष्ट, शाकम सिंह, विनोद राम, नरेंद्र सिंह, गोविंदी देवी, राजुली देवी, मतेश्वरी देवी, धना देवी, हितेश बिष्ट, रमेश भंडारी समेत अनेक ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

सड़क की मांग को लेकर रैली निकालते ग्रामीण। ● अमृत विचार

ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

बागेश्वर, अमृत विचार: राजस्व पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत देवपुरी गांव निवासी कृष्ण दयाल सिंह पुत्र दरबान सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। राजस्व पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी। परिजनों के अनुसार मृतक के पास 50 हजार रुपये थे, लेकिन 18 हजार रुपये ही उन्हें मिले हैं। उन्होंने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस जांच में जुट गई है।

मनी रिकवरी के 26 वादों का निस्तारण

चम्पावत, अमृत विचार : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष जिला जज कहकशा खान की अध्यक्षता और प्राधिकरण की सचिव सिविल जज शिवानी पसबोला के निर्देशन में जिला न्यायालय चम्पावत व टनकपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिसमें कई वाद आपसी सहमति से निपटाए गए।

आयोजित लोक अदालत में जिले के तमाम न्यायालयों में 93 वादों को निस्तारित कर 1774093 रुपये का सेटलमेंट किया गया। इसके अतिरिक्त प्री लिटिगेशन के अंतर्गत मनी रिकवरी के 26 वादों का निस्तारण कर 2113000 रुपये का सेटलमेंट किया गया। निपटारे के दौरान सभी पक्ष संतुष्ट नजर आए।

लोक अदालत में 198 वादों का समाधान

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में 198 वादों का निस्तारण कर 1 करोड़ 56 लाख 71 हजार 712 रुपये वसूले गए। अल्मोड़ा के लिए दो और वाह्य के लिए लगाई गई तीन बेंच में लंबित वादों पर सुनवाई हुई।

जिला विधिक प्राधिकरण सचिव शचि शर्मा ने बताया कि जिला न्यायालय में जिला एवं सत्र न्यायाधीश की गठित प्रथम बेंच में एनआई एक्ट और आपराधिक सम्मन के दो मामलों पर सुलह कराई गई। सुलह समझौते की रकम 1,52,243 रुपये वसूले गए। द्वितीय बेंच में 27,63,552 लाख रुपये से फौजदारी संबंधी 74 लंबित वादों का निस्तारण किया गया। सविल जज अल्मोड़ा की ओर से गठित तृतीय बेंच में बैंक संबंधी आठ वादों में 10,50,329 रुपये और बैंक प्री लिटिगेशन संबंधी आठ व भारत संचार निगम लिमिटेट के एक कुल 99 अन्य मामलों में 1,11,77,738 रुपये से समझौता कराया गया। सिविल जज रानीखेत की बेंच चतुर्थ में नौ लंबित मामलों में 1,39,850 रुपये से निस्तारण किया गया। सविल जज द्वाराहाट की पंचम बेंच में 3,88000 रुपये से एनआई एक्ट व मोटर वाहन के छह मामलों को निपटाया गया।

वर्ग पहेली-6

बाएं से दाएं

2. (संगीत) मध्य रात्रि में गाई जाने वाली षाड़व जाति की एक रागिनी।
3. 1. रोब, डींग, झूठी शान, अकड़ 2. घमंड, अभिमान।
4. 1. तंत्र-मंत्र या जादुई तरकीबों द्वारा किया जाने वाला कोई काम, जादू करने की कला 2. (अंधविश्वास) टोटका, झाड़-फूंक।
6. 1. देहरहित 2. आकृतिविहीन।
7. 1. तेज़ होने का भाव, गतिशीलता 2. उग्रता, प्रबलता, तीव्रता 3. प्रखरता, तीक्ष्णता, पैनापन 4. शीघ्रता, जल्दी 5. दक्षता, होशियारी 6. अधिक चंचलता या चपलता 7. चलन से अधिक भाव हो जाना, महंगाई, 'मंदी' का विलोम 8. उत्साह; जोश।
8. 1. काजल रखने का डंडीदार लोहे का पात्र 2. गोदने की स्याही रखने का पात्र।

ऊपर से नीचे

1. 1. अनंत 2. पूरा, समूचा, मुकम्मल 3. अपार 4. असंख्य।
2. हर हाल में।
5. 1. किसी पंजी या तालिका आदि में नाम लिखा जाना, (एनरोलमेंट) 2. किसी पंजी या तालिका आदि में नाम लिखने के लिए शुल्क के रूप में लिया जाने वाला धन।
6. 1. आवश्यकता से अधिक होने की अवस्था।



वर्ग पहेली -5 का हल

1 बु	2 स	ना			3 फ़
	ह		4 सू	बे	दा	री
	जा		बे			द
	ति		दा		5 हि	
6 इ	क	रा	र	ना	मा	
षु					ल	
		7 अ	वि	धे	य	

सुडोकू -85

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	5		3		4			6
		8		6			3	
			2		1		9	
7		3		9		5		
	9							
		6		2		9		8
	4		5		8			
	7			3		2		
9			7		2		8	

सुडोकू -84 का हल

3	9	1	7	4	5	6	2	8
6	8	4	2	3	1	9	5	7
2	5	7	8	6	9	4	3	1
1	7	3	6	8	2	5	4	9
8	4	5	3	9	7	2	1	6
9	2	6	1	5	4	8	7	3
5	3	9	4	7	6	1	8	2
4	1	8	9	2	3	7	6	5
7	6	2	5	1	8	3	9	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 10.44 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 23.02 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष — आज आर्थिक स्थिति बेहतर होने की संभावना है। यदि आपके बच्चे कॉलेज में पढ़ रहे हैं तो उनको लेकर तनाव हो सकता है। घर के सभी सदस्यों के साथ इसको लेकर चर्चा होगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

वृष — आज कारोबार में बड़ी डील हो सकती है। सावधानी के साथ धन का इस्तेमाल करने की आवश्यकता है अन्यथा बड़ा नुकसान होने की प्रबल संभावना है। यदि पैसों को कहीं निवेश किया हुआ है तो वहां से नुकसान झेलना पड़ेगा।

मिथुन — आज दोस्तों से आर्थिक सहायता मिलने की उम्मीद है। पूरा दिन जोश से भरा हुआ होगा तथा जो काम कुछ दिनों से करने का सोच रहे थे वह कर देंगे। ऑफिस में कनिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। माता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

कर्क — आज किसी के साथ अनबन होने की संभावना है। ऐसे में पहले से ही किसी प्रकार के वाद-विवाद में पड़ने से बचें। शेयर मार्केट में निवेश करने से बचें। जीनवसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। परिवार में शांति का माहौल रहेगा।

सिंह — आज कुछ बातें अपने दोस्तों के साथ साझा करना चाहेंगे। इसके लिए व्यवहार में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है अन्यथा बातों को सही तरीके से समझा नहीं पाएंगे। पुराना डूबा हुआ धन मिलने की प्रबल संभावना है।

कन्या — आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहने वाला है तथा कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में पराक्रम में वृद्धि देखने को मिलेगी। घर में सुख-शांति से रहेगी। अविवाहितों का विवाह तय हो सकता है।

तुला — आज व्यवहार में चिड़चिड़ापन देखने को मिलेगा। किसी के साथ कहासुनी भी हो सकती है। ऐसे में यदि आपने गुस्से को नियंत्रण में नहीं रखा तो बात बढ़ भी सकती है। धैर्य का परिचय देंगे तो बेहतर रहेगा।

वृश्चिक — आज आप अपने घर में परिवर्तन संबंधी कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं या फिर कोई नया घर लेने का विचार भी किया जा सकता है। इसको लेकर सभी के बीच गहन चर्चा भी संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

धनु — आज भाग्य आपके साथ हैं। बिगड़े हुए काम भी आसानी से बन जाएंगे। पैसा कहीं अटका हुआ है तो वह भी मिल जाएगा। पुरानी स्मृतियों को सोच मन कुछ व्यथित हो सकता है। एलर्जी की समस्या हो सकती है।

मकर — आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। कुछ बातों को लेकर खुशी मिलेगी तो कुछ में असफलता भी हाथ लग सकती है। ऐसे में बुद्धिमता से काम लेंगे तो बेहतर रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों को आप पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

कुंभ — आज कई ऐसे अवसर आएंगे जब आपको स्वयं को परखने की आवश्यकता पड़ेगी। इससे मन खट्टा तो होगा, लेकिन मनोबल में वृद्धि देखने को मिलेगी। घर के लोगों का पूरा साथ मिलेगा। संबंधों में नई ताजगी महसूस करेंगे।

मीन — आज मानसिक रूप से दबाव का अनुभव करेंगे तथा काम में मन नहीं लगा पाएंगे। आपको लेकर घर वाले परेशान रह सकते हैं। किसी बात को लेकर ठोस निर्णय ले सकते हैं। भावनाओं के बजाय समझदारी से काम करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- मजाल — सुबह : 10.49
- आज का रावण — रात : 07.10

SONY MAX
- 1942 : ए लव स्टोरी — सुबह : 10.17
- रॉकी हैंडसम — रात : 10.07

SONY PIX
- स्पाइडर-मैन : होमकमिंग — सुबह : 11.16
- सिसु — रात : 07.40

ZEE CINEMA
- सत्याग्रह — सुबह : 10.30
- लॉस्ट — शाम : 04.30

colors CINEPLEX
- सनम बेवफा — सुबह : 11.50
- अग्निपथ — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात 10.07 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी- कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू- हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी- अपनी आदत से।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

ईसी के इस्तीफे पर सवाल

लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल का इस्तीफा बहुत सारे सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि उनके इस्तीफा देने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। परंतु उनका इस्तीफा अप्रत्याशित तो है ही। विपक्षी दलों ने रविवार को पूछा कि क्या उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) या केंद्र सरकार के साथ किसी मतभेद के कारण यह कदम उठाया है। उनका कार्यकाल 5 दिसंबर, 2027 तक था और अगले साल फरवरी में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद वह मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) बन जाते। गौरतलब है कि अरुण गोयल 1985 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने 21 नवंबर 2022 को चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाला था। उनकी नियुक्ति विवादों में थी क्योंकि अपनी नियुक्ति से पहले यानी 18 नवंबर 2022 को ही उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनकी नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी लेकिन 3 अगस्त 2023 को मंजूरी दे दी गई। गोयल पिछले पांच वर्षों में पद छोड़ने वाले दूसरे चुनाव आयुक्त हैं। अशोक लवासा ने एशियाई विकास बैंक में शामिल होने के लिए 2020 में इस्तीफा दे दिया था। फरवरी माह में अनूप पांडे की सेवानिवृत्ति और गोयल के इस्तीफे के बाद तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग समिति में अब केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार हैं। यानि लोकसभा चुनाव से पहले भारत का चुनाव आयोग पूरी तरह से मुख्य चुनाव आयुक्त के हाथों में आ गया है। कहा जा रहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ मतभेद के कारण अरुण गोयल को इस्तीफा देना पड़ा। पिछले दिनों मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त संसदीय चुनावों की तैयारियों की निगरानी के लिए कई राज्यों के दौरे पर थे। अरुण गोयल मुख्य निर्वाचन आयुक्त के साथ-साथ रहे। गोयल ने पश्चिम बंगाल में तैयारियों के बारे में मीडिया को जानकारी देने के लिए कोलकाता में प्रेस क्रांफ्रेस में भाग लेने से इनकार कर दिया था। सीईसी ने उल्लेख किया था कि गोयल स्वास्थ्य संबंधी कारणों से दिल्ली लौट आए थे। अब उन्होंने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गोयल ने ऐसे समय मे इस्तीफा दिया है जब चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बांड की जानकारी आयोग की वेबसाइट पर देनी है और लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले सप्ताह होने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। ऐसे में केवल मुख्य चुनाव आयुक्त सारी जिम्मेदारियों को अकेले कैसे निपटाएंगे क्योंकि चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति में आमतौर पर समय लगता है।

भारत की विरासत में रचा-बसा है वैज्ञानिक दृष्टिकोण

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

युवजनों को उन प्रक्रियाओं से वाकिफ होना होगा जिनसे गुजर कर मौलिक वैज्ञानिक सोच और विमर्श के जरिए विशिष्ट प्रकार की एक क्षेत्रीय और यूनिवर्सल जानकारी का सृजन होता है और इसके महत्व का आकलन भी। ज्ञान के एक अंश का प्रतिपादन किस तरह से होता है और इसके बल पर एक कृति और रचना का विकास कैसे होता है, यह जानना अहम् है।

भारत के आमजन में विज्ञान के प्रति समझ की भारी कमी है और विकसित देशों के लोगों में यह अधिक है। परन्तु कोई भी बौद्धिक यह स्पष्ट नहीं कर पाता कि कौन से विज्ञान की समझ कम होने की बात वे करना चाहते हैं? देशज और पारंपरिक विज्ञान की अथवा, मॉडर्न एवं अत्योन्नत आधुनिक विज्ञान और टेक्नोलॉजी की। 'आमजन', 'टेम्परामेंट', 'विज्ञान', 'साईंस पॉपुलराईज़ेशन', 'पॉपुलर साईंस एंड टेक्नालजी' में मूर्त और अमूर्त का ख्याल और मजमून अर्थात टेंजिबल और ईंटेंजिबल कंटेंट को समझना है तो विज्ञान के देशज और आधुनिक दोनों ही प्रकार के इतिहास को समानांतर रूप से समझना होगा और देशज शब्दावली को भी अपने प्राचीन ग्रंथों के अध्ययन के जरिए से जानना होगा।

युवजनों को उन प्रक्रियाओं से वाकिफ होना होगा जिनसे गुजर कर मौलिक वैज्ञानिक सोच और विमर्श के जरिए विशिष्ट प्रकार की एक क्षेत्रीय और यूनिवर्सल जानकारी का सृजन होता है और इसके महत्व का आकलन भी। ज्ञान के एक अंश का प्रतिपादन किस तरह से होता है और इसके बल पर एक कृति और रचना का विकास कैसे होता है, यह जानना अहम् है। इन दोनों में अन्वेषण की प्रक्रियाओं और मूल प्रवृत्तियों में क्या भेद है, इसने मनुष्य की समझ में किस प्रकार का और मात्रात्मक रूप से कैसे और कितना इजाफा किया, जानना भी आमजन के लिए अब जरूरी हो गया है। उदाहरण के लिए कृषि क्षेत्र में 21 फसलों के लिए मिनिमम सपोर्ट-प्राइस के कांसेप्ट के उदय में परिवार और समाज का ताना-बना, पर्यावरणी और मौसमी घटकों के बाद साइंस और टेक्नोलॉजी तो है ही लेकिन मानव व्यवहार और इकोनॉमिक्स की अपेक्षाकृत इसमें प्रबल भूमिका है जिसे आमतौर से कम महत्व मिला है। इन तत्वों के दृष्टिगत गहन परीक्षा किए जाने के उपरांत भी किसान इसलिए अशांत है कि प्रत्येक घटक अपनी जगह कायम होने के बावजूद किसान का जीवन-यापन कठिनता से होता है। इसीलिए इस मामले को सुलझाने के लिए हमें नए घटक तलाशने होंगे और किसान के जीवन से जुड़े हर उस पहलू को बचाना होगा जिससे देश की फूड सिक्यूरिटी के अलावा इनके कल्याण का मामला संबंद्ध है। इसी से जुड़ा हुआ एक मसला है फसलों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी कीट-पतंगों के जीवन चक्र को पेस्टिसाइड के इस्तेमाल से नष्ट कर देना जिसके बारे में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का इस्तेमाल नहीं किया गया। परिणाम को देखकर अब उन कीट-पतंगों और क्षेत्र-रक्षक जीवों को फिर से इंट्रोड्यूस करने की कवायद जारी है जिन्हें किसान और फसलों का 'शत्रु' करार दिया गया था।

आमतौर से विज्ञान दिवस के मौके पर व्याख्यान और विमर्श की व्यवस्था की जाती रही है। स्कूली बच्चों को मीडिया के जरिये से इश्तिहार देकर आयोजन में अगर निमंत्रित किया है, तो मौके पर मौजूद वैज्ञानिक ही उनके प्रश्नों के उत्तर भी देते हैं। सुविधा होने पर विजुएल्स और वीडियोज भी दिखाए जाते हैं।

आमतौर से विज्ञान दिवस के मौके पर व्याख्यान और विमर्श की व्यवस्था की जाती रही है। आमजन और स्कूली बच्चों को मीडिया के जरिये से इश्तिहार देकर आयोजन में अगर निमंत्रित किया गया है, तो मौके पर मौजूद वैज्ञानिक ही उनके प्रश्नों के उत्तर भी देते हैं। सुविधा होने पर विजुएल्स और वीडियोज भी दिखाए जाते हैं। कोशिश की जाती कि कुछ घंटे के लिए या एक दिन के लिए माहौल को 'विज्ञानमयी' बनाया जाए ताकि इसका स्मृति-अंश उपस्थित आमजन के जीवन में प्रवेश करे और इसकी छाप दैनंदिन दिखाई दे। ऐसा करने से उपस्थित जनों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत होने का अनुमान तो होता है लेकिन इसे कभी आंशिक रूप से मापा नहीं गया है जैसे कि हमारे घरों में पारंपरिक रसोई में फ़ूड प्रसंस्करण की प्रक्रिया के वैज्ञानिक लाभ या फिर पैर में डाले वाले जाने वाले अनेक प्रकार के उन जूतों की बनावट और इनके असर को ज्ञात करना जो सिंथेटिक या नेचुरल मेटेरिअल से बने होते हैं। जूतों को रक्षात्मक कवच के तौर पर पहनने के लिए और आहार को पेट भरने से अधिक आमजन कुछ अधिक नहीं जानना चाहते। मन में साइंटिफिक इंवेस्टिगेटर बनने के लिए रुझान तो पैदा हो सकता है, लेकिन वह वैज्ञानिक बन कर कोई खोज या अन्वेषण कर सकेगा या रोजमर्रा के जीवन में वैज्ञानिक जानकारी का प्रयोग भी एक व्यक्ति करेगा, यह 'प्रीडिक्ट' करना नामुमकिन है। विज्ञान की समझ पैदा करना अर्थात पब्लिक अंडरस्टेंडिंग ऑफ़ साइंस और विज्ञान का एकतरफा 'लोकप्रियकरण' दो अलग स्थितियां हैं। इन दो किस्म के आयोजनों में विषयों और ऑब्जेक्ट्स की और ऑडियंस की भिन्नता ही दृष्टिगत नहीं रहती वरन विज्ञान के इतिहास, हमारे जीवन में इसके क्रिटिकल रोल, वैज्ञानिक अनुसंधान की डायनामिक्स, ऐसी समस्याओं की पहचान की पद्धति जिन्हें वैज्ञानिक रीति से सुलझाने के लिए स्टडीज की डिजाईनिंग किस प्रकार से की जा सकती है, इस बारे में जानकारी का संप्रेषण और ग्रहण, वैज्ञानिक शोध के प्रकाशन के तौर-तरीकों, डेटा मैनेजमेंट एंड सिक्यूरिटी और व्यावहारिक विज्ञान और, वैज्ञानिक विमर्श में क्रिटीकैलिटी जैसे महत्वपूर्ण नुक्तों को छुआ तक नहीं जाता। नए ज्ञान का सृजन करने के लिए स्वतःस्फूर्त पड़ताल प्रक्रिया की प्रवृत्ति और पैनी निगाह का युवजनों में विकसित होना देश में वैज्ञानिक प्रगति के मौजूदा मुकाम से आगे निकलने के लिए अत्यावश्यक है। जाहिर है सन 1929 से ही देश में राजनैतिक नेतृत्व के लिए यह विमर्श का विषय रहा है। इस आशय का पहला संदेश लाहौर में कांग्रेस पार्टी के अधिवेशन के दौरान प्रथम प्रधानमंत्री बने जवाहरलाल नेहरु ने देश के लोगों के सामने रखा था।

विज्ञान दिवस जैसे आयोजन का तात्पर्य मनोरंजन और भाषण बाजी नहीं बल्कि दीर्घ काल से पोषित और संवर्द्धित होती रही उस भावना को ताजा करने की एक प्रक्रिया मात्र है जो भारत की विरासत में रचा-बसा है। इसीके अंतर्गत देश के लिए नेशनल साइंस पालिसी डॉक्यूमेंट में उचित समय पर आवश्यक संशोधन किए जाते रहे। विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए दूसरी पंचवर्षीय योजना के ड्राफ्ट में ही उक्त आशय के लिए एक नीति निर्देश नेहरू जी ने डलवा दिया था। यह सब इस बात से अधिक ताल्लुक रखने वाला है कि उक्त निर्देश का पालन करने के लिए देश में किस किस्म के प्रोग्राम डिजाईन किए जाने जरूरी समझे गए और इनका क्या असर जनमानस पर हुआ। निश्चित रूप से यह बढ़ा है, जैसा कि तीस-बत्तीस वर्ष पूर्व नेशनल कौंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन द्वारा प्रायोजित एक सर्वेक्षण से मालूम हुआ था जिसे प्रयाग में संपन्न हुए महाकुंभ मेले के दौरान सूचनाएं जुटाने के बाद की गई एनालिसिस ने जाहिर किया। विभिन्न आयोजनों के अंतराल के बीच भारत सरकार ने देश में कुछेक स्थानों पर नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च जैसे संस्थानों की स्थापना की है और प्रांतीय स्तर पर राज्य कौंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की भी, परन्तु राज्य स्तर के संस्थान विज्ञान लोकप्रियकरण के मामले में बेहद सुस्त पाए गए हैं जिनकी राज्यवार स्थापना का कार्य सन 1871 से ही शुरू हो गया था। पाया गया कि इन कौंसिल्स का विज़न 'फ्रैक्चर्ड' अर्थात विखंडित रहा जिसकी वजह इनका सुस्त रवैय्या रहा। अपने राज्य के लोगों में विज्ञान के प्रति रुझान को उत्तरोत्तर बढ़ाने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को संवारने और संवृद्ध करने में इनमें से अधिकांश नाकामयाब रहे हैं। इनसे बढ़िया असर तो 'विज्ञान एक्सप्रेस' रेलगाड़ी का रहा जिसे पहली बार सन 2007 से 2010 और पुनः सन 2011 से 2014 तक पूरे देश में 100 स्टेशनों पर दो-तीन दिन के लिए थामा गया था। इसकी 'इम्पैक्ट एसैस्मेंट स्टडी' उत्साहवर्द्धक रही थी। विज्ञान संबंधी नियमित किस्म की ऐसी गतिविधियों से अवगत कराने के लिए जोकि 'पब्लिक इंटरेस्ट' की होती हैं, मीडिया द्वारा ज्यादातर गौण समझ कर छोड़ दी जाती रही हैं।

देश में विज्ञान नगरियों (साइंस सिटी) की स्थापना का काम भारत में पूर्व प्रधानमन्त्री इंद्र कुमार गुजराल के समय में शुरू हुआ था। मतलब यह कि भारत में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति आमजन में समझ को वर्टीकल और हॉरिजॉन्टल दोनों ही तरीके से ऊपर उठाए जाने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद है।

प्रसंगवश

गरचे टेलीफोन न बनता

ग्राहम बेल को न केवल टेलीफोन, बल्कि ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबॅल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी जाता है।

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

सोचिए यदि टेलीफोन न होता तो ? दुनिया दूरियों में खो जाती। पृथकता गहराती। फासले लंबाते। मानवता बस चिंदी चिंदी ही रह जाती। 148 साल पूर्व 10 मार्च को एक घटना ने सब कुछ बदल डाला। तभी 29-वर्षीय एलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने टेलीफोन को इजाद किया। उनका तुक्का भिड़ गया। उनकी टोपी में तुर्रा तभी से लग गया। एकदा वे तार का एक सिरा पकड़े अलग कमरे में दूसरा छोर पकड़े मित्र से बोले :' वाटसन मैं मिलना चाहता हूं।' चंद लम्हों में ही वाटसन आ गए और हर शब्द दुहराए जो उन्होंने सुने थे। बस दूरभाष अवतीर्ण हो गया। ग्राहम बेल की विवशता थी कि उसकी मां और पुत्री बधिर थीं। एक वाणी चिकित्सक होने के नाते ग्राहम बेल बहरों से संकेतों द्वारा बातें करने का प्रयास करते थे। यही इस युगांतरकारी अविष्कार की जननी रही।

ग्राहम ने "बेल कंपनी" स्थापित की। सफर मीलों चला। पेटेंट मिला। मगर अमेरिका के विधि अधिकारियों ने अड़चने पैदा की। अंततः कामयाबी मिल ही गई। तेरह साल की आयु में ही ग्रेजुएट बनने वाले ग्राहम बेल तीन साल बाद मशहूर संगीत अध्यापक भी बन गए। अर्थात ध्वनि, वाणी और संचार के निष्णात। उन्होंने कम्युनिकेशन तकनीक में भी दूरगामी और लाभकारी अविष्कार किए। संचार क्रांति के जनक कहलाए।

ग्राहम बेल को न केवल टेलीफोन, बल्कि ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबॅल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी जाता है। ये सभी ऐसी तकनीक पर आधारित हैं, जिसके बिना संचार-क्रंति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अलेक्जेंडर ग्राहम बेल को शायद अंदाजा नहीं रहा होगा जब उस जमाने की अपेक्षाकृत कम चर्चित उनकी दूसरी खोज मेटल डिटेक्टर आने वाले समय में आतंकवाद सहित अन्य प्रकार के अपराधों से लड़ने में कारगर उपकरण साबित होने वाली है। पुलिसिया जांच में आज बड़ी कारगर है। टेलीफोन की खोज के बाद बेल उसमें सुधार के लिए प्रयासरत रहे और 1915 में पहली बार टेलीफोन के जरिए हजारों किलोमीटर की दूरी से बात की।' न्यूयार्क टाइम्स' ने इस घटना को काफी प्रमुखता देते हुए इसका ब्यौरा प्रकाशित किया था। इसमें न्यूयार्क में बैठे बेल ने सैनफ्रांसिस्को में बैठे अपने सहयोगी वाटसन से बातचीत की थी। उनकी विभिन्न खोजों पर उनके निजी अनुभवों का भी प्रभाव रहा। मसलन जब उनके नवजात पुत्र की सांस की समस्याओं के कारण मौत हो गई तो उन्होंने एक मेटल वैक्यूम जैकेट तैयार किया जिससे सांस लेने में आसानी होती थी। उनका यह उपकरण 1950 तक काफी लोकप्रिय रहा और बाद के दिनों में इसमें और सुधार किया गया। अपने आसपास कई लोगों को बोलने एवं सुनने में कठिनाई होते देख उन्होंने इस दिशा में भी अपना ध्यान दिया और सुनने की समस्या के आकलन के लिए आडियोमीटर की खोज की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के अलावा वैकल्पिक ऊर्जा और समुद्र के पानी को मीठा बनाने की दिशा में भी काम किया। ग्राहम बेल की जीवनी लिखने वाले कैरलोट ग्रे के अनुसार बेल के नाम 18 पेटेंट दर्ज हैं। इसके अलावा 12 पेटेंट उनके सहयोगियों के साथ दर्ज हैं। इन पेटेंटों में टेलीफोन, फोटोफोन, फोनोग्राफ और टेलीग्राफ शामिल हैं। उन्होंने आइसबर्ग का पता लगाने वाला एक उपकरण भी बनाया था। जिससे समुद्री यात्रा करने वाले नाविकों को खासकर अत्यधिक ठंडे प्रदेशों में विशेष मदद मिली।

अक्सर पत्रकारी नजरिए से हमें ख्याल आता है कि यदि ग्राहम बेल के ईजाद न होते तो मीडिया दुनिया ही विकलांग रहती। यही सवाल मेरी यांत्रिकी इंजीनियर बेटी (रेलवे बोर्ड में राष्ट्रीय धरोहर विभाग की कार्यकारी निदेशिका) विनीता ने वर्षों पूर्व मुझसे पूछा था : ' पिताजी यदि ग्राहम बेल न होते तो ?' मेरा खरा जवाब था :'आज वैश्विक मीडिया गूंगी रहती।' मगर संचार क्रांति में निरंतर विकास देखकर आह्लादित होना हर पत्रकार के लिए स्वाभाविक है। एलेक्जेंडर ग्राहम बेल को सलाम।

नियमों से बंधे हुए हैं अधिकारी और कर्मचारी

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

मिलिट्री में सामान्य अवधारणा ये है कि अपने अधिकारी के आदेशों का पालन करना ही यहां की पहली शर्त है।

सरकारी संस्थाओं के बेजा इस्तेमाल से विरोधी पक्ष को दबाने की प्रवृत्ति इन दिनों दुनिया में काफी बढ़ गई है। और ये सब अनुशासन बहाली के नाम पर किया जा रहा है। जय प्रकाश नारायण के बिहार आंदोलन के समय उन्होंने पुलिसबल से आदेशों को नही मानने का आह्वान किया था। सरकार ने उन पर अनुशासनहीनता और देशद्रोह का आरोप लगा कर उन्हें गिरफ्तार किया था।

इस आंदोलन के बाद एक सवाल बहुत जोर से उभरा कि क्या सरकारी कर्मचारी सरकार के नियम विरुद्ध/गैरकानूनी आदेशों को भी मानने के लिए बाध्य है। जो इसका जवाब हां में देते हैं वो मुख्यतः तीन तर्क देते हैं। अगर एक सरकारी कर्मचारी अपने सुपीरियर के नियम सम्मत या विपरीत किसी आदेश को नही मानेगा तो अनुशासन नहीं रह पाएगा। और ऐसी अनुशासनहीनता करने पर वो दंड का अधिकारी होगा। तीसरा आदेश के सही गलत होने पर निर्णय लेने का उसका अधिकार नहीं। इससे बहुत समस्या पैदा होगी।

प्रथम दृष्टता ये बात सही प्रतीत होती है कि अनुशासन का होना जरूरी है। लेकिन वास्तव में ये कुछ ऐसा है कि अगर प्रत्येक कर्मचारी अनुशासन से बंधा है तो प्रत्येक अधिकारी भी कानून से बंधा हुआ है। वो कानून विरुद्ध कोई मनमाना आदेश नही दे सकता। अगर अधिकारियों को ये अधिकार दे दिया जाए तो देश मे अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी।

आदेशों को नहीं मानने के संबंद में एक तर्क ये दिया जाता है कि इससे मातहत दंड अधिकारी होगा। लेकिन ये कानून की गलत व्याख्या है। मातहत केवल नियम सम्मत आदेशों को ही मानने के लिए बाध्य है। और अधिकारी भी केवल नियम सम्मत आदेश देने के लिए। नियम विरुद्ध आदेशों को नहीं मानना अधिकारी की अवहेलना हो सकती है, कानून की नहीं। देखा जाए तो कर्मचारी और अधिकारी दोनों नियमों से बंधे हुए हैं। नियम विरुद्ध कोई भी बात मानना बाध्यकारी नहीं है। अनुशासन से यहां मतलब कानून के प्रति अनुशासन, ना कि किसी व्यक्ति विशेष के प्रति जो उस वक्त पद पर है। इस बहस का कानूनी पक्ष ये है कि नियम विरुद्ध आदेश को मानने से इनकार करने पर कर्मचारी किसी अनुशासन को भंग नही करता बल्कि वो कानून के शासन की वकालत करता है।

चरणदास नारायण सिंह बनाम राज्य - हवलदार हरनाम सिंह ने अपने मातहत चरण दास को उन परिस्थितियों में गोली चलाने का आदेश दिया, जिसे कोर्ट ने नियम विरुद्ध माना। कोर्ट ने माना कि हरनाम सिंह के आदेश का उन परिस्थितियों में कोई औचित्य नहीं था और चरण दास ने उस आदेश का पालन नहीं कर कानून का पालन ही किया है। आर्मी एक्ट 1950 का सेक्शन 41 भी केवल नियम सम्मत आदेशों के उल्लंघन को ही अनुशासनहीनता मानता है। क्वीन इम्प्रेस बनाम सुभा नाइक - स्टेशन अफसर ने अपने मातहत कॉन्स्टेबल को फसल काटने वालों पर गोली चलाने का आदेश दिया। एक व्यक्ति मारा गया। कोर्ट ने माना कि आदेश नियम सम्मत नहीं था और कॉन्स्टेबल के साथ उसके मातहत को भी अपराधी माना। मातहत को इस आधार पर छूट नही मिली की उसने तो केवल अपने सुपीरियर के आदेश का पालन किया था। चमन लाल बनाम एम्परर - न्यू सेंट्रल जेल, मुल्तान के डिप्युटी सुपरिटेंडेंट चमन लाल और उनके हेड वार्डन सेवा राम दोनों पर कैदियों को बेरहमी से पीटने का आरोप था। इसमे दो कैदियों की मृत्यु हो गई थी। कोर्ट ने दोनों को दोषी पाया और सेवा राम को इस आधार पर माफी नहीं मिली कि उसने तो केवल अपने अधिकारी के आदेश का पालन किया था।

मिलिट्री में सामान्य अवधारणा ये है कि अपने अधिकारी के आदेशों का पालन करना ही यहां की पहली शर्त है। लेकिन इसका कानूनी पक्ष ये है कि अपराधी ठहराएं जाने पर उसे इस आधार पर माफी नहीं मिलेगी क़ि उसने तो केवल अधिकारी के आदेश का पालन किया था।बहरहाल ऐसे बहुत से उदाहरण हैं जहां हम देखते हैं कि आदेशों को नहीं मानने को भी नियम सम्मत माना गया। लेकिन इसके लिए जिगरा चाहिए जो खुद सही और गलत के बीच निर्णय ले अपने अधिकारी के आदेश को मानने से इनकार करे। वैसे एक सच ये भी है कि एक पुलिस/मिलिट्री की सेवा के हालात बहुत कठिन होते हैं। अपने अधिकारी के आदेशों को नही मानने पर वो सेवा शर्तों के अनुसार दंड का अधिकारी होता है और मानने पर कई बार वो कोर्ट की नजर में अपराधी सिद्ध होता है।

सोशल फोरम

एक सांस की अहमियत

हफीज किदवई
लेखक

बचपन में सब पूछते थे की कौन सा खिलौना पसंद है। ज़रा बड़े हुए तो पूछा कौन से कपड़े पसंद हैं। हाईस्कूल पास करके आगे बढ़े तो पूछा क्या बनना चाहते हो। मेरे पास गिनाने को खिलौने थे, कपड़ों की डिज़ाइन थी और करियर के हज़ार ऑप्शन थे बस यह नही पता था कि एक अदद सांस को कैसे ज़िंदा रखा जाए। झूठ, धोखे, मतलब परस्ती के बीच ज़िंदगी के एक, सिर्फ़ एक क़तरे को कैसे बचाए रखा जाए। किसी ने नहीं पूछा कि इन सांसों को कैसे बचाओगे, जब यह छूट रही होंगी। किसी ने नहीं कहा जब खिलौने, कपड़े, करियर अपना रंग छोड़ेंगे, तब ज़िंदा कैसे रहोगे।

एक सांस के लिए जब जी तड़पेगा। तब कैसे ख़ुद को संभालोगे। किसी ने उस सांस का मोल क्यों नही समझाया, जो दुनिया की हर ख़्वाहिश, हर ज़रूरत से बड़ी थी। मौत सामने हो और पीठ पीछे सारी ख्वाहिशें, सारे ख़्वाब, सारी हसरतें, उनका क्या ही करें। यह लगने लगे कि ज़माने की दौड़ में आपकी आवाज़ के लिए कोई कान नहीं है। लड़खड़ाते वक्त पकड़ने को कोई हाथ नही है। डगमगाते वक्त रोकने वाला कोई नहीं है। जिनपर वक्त ख़र्च किया, उनके पास आपके लिए ही वक्त नहीं है। जिनके साथ एतबार का रंग पक्का किया, वह रंग उतरकर फीके पड़ जाए। कोई अपना ही उम्मीद की सुनहरी चिड़िया के पर नोच दे। तो क्या करना है। मुझे नही पता कि ज़िंदगी की एक सांस की अहमियत क्या है। वरना जब कोई बचपन में पूछता कि क्या चाहिए, मैं कहता कि ज़िंदगी। हाईस्कूल में कोई पूछता की क्या बनोगे, तो मैं कहता कि सांसों को बुनूंगा। कोई मुझसे कपड़े के बारे में पूछता, तो कहता यार, सांसों के रंग को उकेरूंगा। मैं समझदार होता, तो बतलाता की सब कुछ होगा, बस नहीं होगी जब एक अदद सांस, तो उसकी फ़िक्र करता, उसके लिए मनसूबे बनाता। मैं समझदार होता, तो बतलाता की सब कुछ होगा, बस नहीं होगी जब एक अदद सांस, तो उसकी फ़िक्र करता, उसके लिए मनसूबे बनाता।

वक्त होता तो मैं बचपन में ही बोल देता की हां मुझे खिलौना न दो, बस ज़िंदगी को खिलौना न बनने देना, कोई जीभर खेले और फिर मुंह मोड़कर कह जाए, दिल भर गया.... दुनिया में सबसे बेईमान चीज़ को अपने साथ सारी ज़िन्दगी लेता फिरा, फिर भी वह साथ छोड़ती नहीं और साथ देती भी नही, मेरी बेवफ़ा सांसें....

-फेसबुक वॉल से

किसे फिक्र है हमारी



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

'सिमोन द बोउआर' कहती हैं कि स्त्रियां पैदा नहीं होती हैं गढ़ी जाती हैं। सच ही तो है कि हमें अपने अस्तित्व का औचित्य साबित करने के लिए लोगों से प्यार करना होता है उनकी चिंता करनी होती है तभी हमारा समाज एक औरत को जीवन को सार्थक समझता है। भले ही बदले में हमें कुछ न मिले और खुद को छला हुआ महसूस करते रहें किसे फिक्र है हमारी? जमाने भर की चिंता फिकर हो या दुनिया भर का प्यार सब करके भी हम खुद को ठगा ही महसूस करते रहेंगे हमेशा। जब तक ये हम खुद नहीं समझेंगे कि हम भी उतने ही इंसान हैं जितना कि पुरुष। संवैधानिक रुप से हर वो नियम जो उन पर लागू है हम पर भी वही नियम लागू हो। लेकिन शुरू से ही कोई भेदभाव होता देखकर खुद को संतुष्ट कर लेना, दिल टूटने पर चुपचाप रोकर आंसू पी लेना और ससुराल में अच्छी बहू साबित होने के लिए खुशी खुशी सब स्वीकार लेना।और स्वतंत्रता के नाम पर महिला दिवस मना लेना।

घर परिवार और समाज पर जो धार्मिक मान्यताएं लादी गईं वे भी हमारे कंधे पर ही और हमारी फिल्मों और साहित्य ने हमें पीछे धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आदर्श स्त्री के लिए इन्होंने जितने मापदंड बनाए कि हर स्त्री आज बस कन्फ्यूजन की स्थिति में है कि क्या वो सच में आदर्श है ? कभी अच्छी बहू बनने के लिए वो घर का काम करना चुनती है तो कभी अच्छी मां बनने के लिए वो अपनी जॉब छोड़कर घर बैठना पसंद करती है। घर का कोई काम बिगड़ने पर और बच्चे के खराब रिजल्ट पर वो दोषी होगी जबकि सबकुछ अच्छा या बेहतरीन होने पर शायद ही उसे कोई श्रेय देगा! अब तो हम फिल्मों से सीखते हैं कि हमें क्या पहनना चाहिए और कौन से व्रत, पूजा और त्योहार करने चाहिए। इतिहास और राजनीति में हमें बेहद सीमित मौके मिले हैं और साहित्यकारों ने हमें कभी कामयाब और मजबूत रुप में नहीं गढ़ा है। मैंने पढ़ा है कि महान लेखक टॉलस्टाय ने अपनी सबसे मशहूर उपन्यास अन्ना कैरनिना लिखते समय अन्ना का चरित्र बेहद खराब बनाने की कोशिश करते हुए लिखा था पर जब उपन्यास पूरा हुआ तो अन्ना की इमेज एक मजबूत और शानदार महिला के रुप में निखर गई पर क्या ही फायदा जब लेखक उसे अंत में ट्रेन के सामने गिराकर आत्महत्या करने को मजबूर कर दे। जबकि वो बस दो पंक्तियां बदल कर उसे मजबूत बना सकता था पर उसे लगता रहा कि उसकी कृति को समाज स्वीकार नहीं करेगा क्योंकि वो खुद ही स्वीकार नहीं पा रहा होगा। इसी तरह चोखेर बाली उपन्यास लिखने के बाद टैगोर माफी मांगते हैं कि वो चोखेर बाली के साथ न्याय नहीं कर पाए! आखिर क्यों? किसने रोका था उन्हें? जबकि राजा राममोहन राय विधवा विवाह शुरू करवा चुके थे तो क्या आपसे दो पंक्तियां भी नहीं बदली जा रही थीं ? लेखन बस वो नहीं होता कि आप सच दिखाने के लिए ज्यों का त्यों लिखने की कोशिश करें लेखन वो होता है जो बदलाव ला सके लोगों की सोच समृद्ध कर सके। अफसोस! आप वहां तक सोच भी नहीं पाते हैं... हम सीता बनकर भी अग्नि परीक्षा देते रहे, गार्गी और अपाला बनकर गालियां खाते रहे, विद्योतमा और रत्नावली बनकर प्रेरणा बने रहे पर हमें किसी ने प्रेरित नहीं किया। आदमियों की सफलता में हमारा योगदान रहा और हमारी सफलता में आपने बाधा बनना चुना?

मजाज़ लखनवी का शेर याद आ रहा है ...
तेरे माथे पर ये आंचल बहुत खूब है,
तू इस आंचल से एक परचम बना लेती तो अच्छा था!

कल्कि धाम का शिलान्यास

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हाल ही में हुई धर्म अनुष्ठानों की धूम के बीच मुरादाबाद के संभल में कांग्रेसी नेता रहे आचार्य प्रमोद कृष्णम् के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे होने वाले भगवान विष्णु के दसवें अवतार 'कल्कि'के धाम का शिलान्यास किया। कल्कि भगवान भाद्रपद, शुक्ल पक्ष तृतीया को सायंकाल यहां एक सात्विकी ब्राह्मण विष्णुयश के घर उनके पुत्र रूप में अवतरित होंगे, जिनकी कथा कल्कि पुराण सहित तमाम धर्म ग्रंथों में आई है। उनकी माता का नाम सुमति होगा। श्रीभद्भागवत्-स्कंध-12 के अनुसारः

सम्भलग्राम मुख्यस्य ब्राह्मणस्य महात्मनः।/ भवने विष्णुयशसःकल्किः प्रादुर्भविष्यति।।

वे शीघ्र ही सभी विद्याओं में पारंगत हो जाएंगे। शस्त्र विद्या उन्हें परशुराम जी सिखाएंगे; फिर उनसे वे शिव जी की तपस्या करने को और वरदान में दिव्यास्त्र मांगने को कहेंगे। कल्कि वैसा ही करेंगे और परम शक्तिशाली बन जाएंगे। उनका विवाह पद्मा नामक कन्या से होगा। उनकी एक अन्य पत्नी वैष्णो देवी की रूप रमा भी होंगी। उनके चार पुत्र होंगे। वे देवदत्त नामक सफेद घोड़े की सवारी करेंगे। उनके पास धनुष वाण और तलवार भी होगी। वे कलि नामक राक्षस को मारेंगे तथा पापियों का संहार करेंगे। जयदेव रचित "गीत गोविंद"के अनुसार वे म्लेच्छों का संहार करेंगे।"म्लेच्छनिवचनिधने कलयसि करवालम्। धूमकेतुमिव किमपि करालम्।। केशव धृत कल्कि शरीरम्"।।

यह सब होगा तो निश्चय ही, क्योंकि शास्त्रीय मान्यता हैः किंतु इसका समय अभी बहुत दूर है। वे कलियुग के अंत में अवतरित होंगे। कलियुग चार लाख बत्तीस हजार साल का होता है, जिसके अभी कुल पाच हजार साल ही बीते हैं। तब तक अभी तक हो चुके नौ अवतारों की पूजा उपासना से काम चल सकता था। चार लाख सत्ताइस हजार साल के आसपास भविष्य में होने वाले अवतार का धाम निर्माण और पूजा आदि कम समझ में आ रहा है। देश में लगभग दस लाख मंदिर हैं। सभी में प्रतिष्ठित देवी देवता आदरणीय और पूज्य हैं।क्या यह संख्या कम है? महामानवो, अवतारों की अर्चना उपासना उनके कर्मों और स्थापित किए गए आदर्शों का सम्मान और अनुसरण होता है; जबकि कल्कि का यह समय अभी बहुत दूर है। वे तो हुए ही नहीं हैं। ग्रामीण कहावत है "जौं हैं खेत, ललन हैं पेट, मुड़ने(मुणडन) की धूम मची"। इस केस में तो ललन अभी पेट में ही लाखों साल बाद आएंगे। तब क्या यह शीघ्रता आसन्न चुनावों हेतु धर्मास्त्र है? मैं समझता हूं इसके लिए "रामास्त्र"ही काफी था। अब इस पर भरोसा न रहा हो तो बात दूसरी है।

एक नजर

सीआईएसएफ यूनिट ने मनाया 55वां स्थापना दिवस

बनबसा : सीआईएसएफ यूनिट ने 55वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। रविवार को सीआईएसएफ यूनिट ने टनकपुर पावर स्टेशन में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टनकपुर पावर स्टेशन एनएचपीसी के महाप्रबंधक राजिल व्यास ने सीआईएसएफ के जवानों को संबोधित कर कहा कि आपके कारण देश की सीमाएं और उद्योग सुरक्षित हैं। सीआईएसएफ के जवानों ने एसआई अजीत कुमार के नेतृत्व में परेड मार्च भी निकाला। यहां पीयूष कांत कुलश्रेष्ठ, सीआईएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट अविनाश कुमार, संजीव कुमार, मितेश प्रसाद, प्रदीप कुमार, अंशु कुमार सहित सीआईएसएफ परिवार के लोग रहे।

भाई-बहन को रेस्क्यू कर पुनर्वास केंद्र भेजा

बनबसा : घर से नाराज होकर टनकपुर पहुंचे नाबालिग भाई बहन को रीड्स संस्था ने रेस्क्यू कर उज्ज्वला पुनर्वास केंद्र बनबसा में संरक्षित किया। संस्था के समन्वयक जनक चंद ने बताया कि शनिवार को टनकपुर चीता पुलिस ने दोनों को आर्मी कैंट के समीप भटकते हुए देखा। पुलिस इसकी सूचना संस्था को दी। दोनों बच्चों ने बताया कि उनके पिता मजदूरी करते हैं और वह पढ़ाई छोड़ चुके हैं। नाबालिग बच्चों ने बताया कि शनिवार की सुबह वह अपने घर से पैदल भटकते हुए यहा पहुंच गए। संस्था समन्वयक ने बताया कि नाबालिग अपने परिजनों और घर की जानकारी स्पष्ट नहीं दे पा रहे हैं, संस्था उनके परिजनों से संपर्क कर बच्चों को सौंपने का प्रयास करेंगे। इस मौके संस्था की विनिता रजवार, सरोज चंद और प्रकाश चन्द्र आर्य मौजूद थे।

बाराकोट के प्रतीक की मौत पर शोक संवेदना प्रकट की

लोहाघाट : बाराकोट निवासी प्रतीक शर्मा (30वर्ष) पुत्र भुवन चंद्र शर्मा निवासी ग्राम बाराकोट की रविवार को लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश में प्रातः 5 बजे कार दुर्घटना में मौत हो गई। बताया जा रहा कि प्रतीक निजी वाहन से अपने साथियों के साथ अयोध्या में रामलला के दर्शन को जा रहे थे। तभी रास्ते में यह भीषण हादसा हो गया। प्रतीक का पार्थिव शरीर रविवार रात लखीमपुर खीरी से बाराकोट लाया जा रहा। लड़ीधूरा शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष नागेंद्र जोशी व मंच के सदस्यों तथा बाराकोट क्षेत्र के लोगों ने प्रतीक के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की।

सभी वर्गों के हित में किए जा रहे कार्य: धामी

मुख्यमंत्री ने लाभार्थी सम्मान समारोह में विभिन्न विभागों की योजनाओं से जुड़े 43 लाभार्थियों को किया सम्मानित

कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कोटद्वार में लाभार्थी सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रतिभाग कर पशुपालन विभाग, बाल विकास परियोजना पौड़ी, उद्यान विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग, समाज कल्याण और नगर निगम के 43 लाभार्थियों को लाभार्थी चेक वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के हित में लगातार कार्य कर रही है। सरकार अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए कृत संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नागरिक अनेक तरह से लाभान्वित हुए हैं और पिछले 10 वर्षों में भारत का ऐसा कोई भी नागरिक नहीं होगा जो किसी न किसी योजना से लाभान्वित ना हुआ हो।

लाभार्थी सम्मान समारोह में चेक वितरित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और विकास के लिए अनेक कार्य किए हैं। समान नागरिक संहिता का लाभ हर व्यक्ति को मिलेगा। सख्त नकल विरोधी कानून लाकर युवाओं का योग्यता आधार पर चयन सुनिश्चित किया है। धर्मांतरण ना हो पाए इसके लिए हमने सख्त कानून का प्रावधान किया है। संसाधनों को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर दंगा निरोधक कानून बनाया, जिसके अंतर्गत संसाधनों को नुकसान पहुंचाने वाले से ही उसकी वसूली की जाएगी। इस दौरान सीएम ने कोटद्वार स्थित गब्बर सिंह कैंप के पास पुल निर्माण कराने की घोषणा की।

पौड़ी गढ़वाल की 828 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास: मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्चुअल माध्यम से जनपद पौड़ी गढ़वाल की 828 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। रोड शो में मुख्यमंत्री का काफिला कोटद्वार में महाराज वेडिंग प्वाइंट से बद्रीनाथ मार्ग पर झंडा चौक तक होते हुए नगर निगम से समीप मोंटेसरी स्कूल पहुंचा। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उनके स्वागत और अभिनंदन में विशाल जैन समुदाय उमड़ पड़ा। इस दौरान राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट व पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद तीरथ सिंह रावत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक लैंसडाउन दिलीप सिंह रावत व विधायक यमकेश्वर रेनू बिष्ट, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अन्थवाल, पूर्व विधायक शैलेंद्र रावत, जिलाधिकारी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित था।

पंजीकृत श्रमिकों को टूल किट बांटे

बागेश्वर : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में 17 विभागों की 8275 .51 करोड़ की 122 विभिन्न योजनाओं का डिजिटल माध्यम से लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें 11 विभागों की 1048 .15 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण एवं 15 विभागों की 7227 .36 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग की 2027 करोड़ की प्रिपेड मीटर योजना का भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों को टूल किट का भी वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को सचिव ऊर्जा एवं एमडी पिटकुल पीसी ध्यानी की ओर से पांच करोड़ का लाभांश का चेक भी दिया गया। बागेश्वर में विकास भवन सभागार में कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से देखा गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुराधा पाल, क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास, विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया एवं उपाध्यक्ष पीएमजीएसवाई शिव सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष भाजपा इंद्रसिंह फर्स्वाण और मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी वर्चुल माध्यम से जुड़े रहे।

ड्रेनेज सिस्टम का काम अधूरा छोड़ने पर रोष

अल्मोड़ा, अमृत विचार : नगर के खत्याड़ी क्षेत्र में ड्रेनेज सिस्टम का कार्य आधा अधूरा छोड़ दिए जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। गुस्साए लोगों ने कहा कि अगर कार्यदायी संस्था की ओर से इस कार्य को समय से पूरा नहीं किया तो विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया जाएगा।

रविवार को खत्याड़ी क्षेत्र में आयोजित बैठक को संबोधित कर इंद्रा कॉलोनी निवासी केपी जोशी ने कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा इन दिनों यहां ड्रेनेज सिस्टम का काम किया जा रहा है, लेकिन पिछले दस दिनों से कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य आधा अधूरा छोड़कर बंद कर दिया गया है। बैठक में विनय किरौला, दिनेश बिष्ट, गिरीश धर्मशक्तू, श्याम रावत, देवी दत्त, दीवान भाकुनी, राम सिंह ,रमेश बिष्ट, अमर सिंह ,बबलू पंचपाल,विनोद जोशी,आनंद सिंह डसीला आदि मौजूद रहे।

छह माह में बन जाएगा सामुदायिक भवन : जोशी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : रविवार को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की ओर से मसूरी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत पुरकुल गांव में तीन करोड़ से बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि चन्द्रोटी क्षेत्र में मंडी, सीड्स और विधायक निधि से 5 करोड़ से अधिक के काम हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि पुरकुल-मसूरी रोपवे का निर्माण भी यहां से प्रारंभ होने जा रहा है। पुरकुल गांव के निकट ही भव्य सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि लम्बे समय से पुरकुलगांव वासियों द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण की मांग की जा रही थी और आज सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा अक्टूबर में सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया जाएगा। मंत्री ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को 6 माह के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री घोषणा से स्वीकृत चंद्रोटी पंचायत में 17.32 लाख की से पर्यटक स्थल के समीप सुरक्षात्मक कार्यतथा भितरली पंचायत के कडरीयाना में भूस्खलन बचाव के लिए 16.99 लाख की लागत से सुरक्षात्मक कार्य, गल्जवाड़ी पंचायत के झाड़ीवाल में रु.17.32 लाख से चेकडैम व सुरक्षा दीवार का कार्य और भितरली पंचायत में चमन सिंह भरत से आदि के घर के पास रु.14.50 लाख लागत से बाढ़ सुरक्षा कार्य का भी शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुंडीर, बीडीसी कनिका रावत, ग्राम प्रधान राधेश्याम जुयाल, देवी सिंह, थापली, शेर सिंह, लक्ष्मण सिंह रावत, प्रेम सिंह पंवार, चत्तर सिंह, हरेंद्र सिंह रावत, आलोक शर्मा, गजेंद्र बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

पुरकुलगांव में सामुदायिक भवन का शिलान्यास करते कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी।

महिला दिवस एवं होली कार्यक्रम में शिरकत की

देहरादून : कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को इंद्रा नगर गल्जवाड़ी में आयोजित महिला दिवस एवं होली कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम की आयोजक एवं ग्राम प्रधान लीला शर्मा द्वारा कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस दौरान फूलों की होली भी खेली गई और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भी आयोजित कार्यक्रम में नृत्य भी किया। इस अवसर पर प्रधान लीला शर्मा, बीसीसी ज्योति, मंडल महिला मोर्चा मंत्री विनीता अधिकारी, वार्ड सदस्य रेखा, दीपा, विमला, रेणु राणा, कविता, राजू, कर्नल माया गुरुंग आदि उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिया प्रशिक्षण

बनबसा : प्रधानमंत्री कौशल विकाश योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। ग्राम भजनपुर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई, बुनाई, ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनर नीतू कोहली ने बताया कि महिलाओं को निशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया गया। इसका मकसद अलग-अलग सामाजिक-आर्थिक स्तर और अलग-अलग उम्र की महिलाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराना है। जी एंड जी स्किल्स डिवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड से विमला बिष्ट, सलोनी, सुनीता थापा, सविता बिष्ट, माया सक्सेना आदि 35 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य रुचि धस्माना तथा कविता थापा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहयोग किया।

जागेश्वर धाम में बढ़ाई जा सकती है दक्षिणा की राशि

अल्मोड़ा : विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में जल्द ही पूजा और दक्षिणा की राशि बढ़ाई जा सकती है। मंदिर के पुजारियों द्वारा इसके प्रस्ताव बनाकर पुजारी प्रतिनिधि के माध्यम एसडीएम की मौजूदगी में आयोजित एक बैठक में सामने रखे। इन प्रस्तावों पर अंतिम निर्णय मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जिलाधिकारी अल्मोड़ा की मौजूदगी में होने बैठक में लिया जाएगा। दरअसल वर्ष 2014 में न्यायालय के निर्देश के बाद जागेश्वर धाम में मंदिर प्रबंधन समिति का गठन किया गया था। समिति के गठन के दस साल बीतने के बाद भी आज तक शुल्क में कोई वृद्धि नहीं की गई। शनिवार को जागेश्वर धाम में बैठक में प्रबंधक ज्योत्सना पंत, उपाध्यक्ष नवीन भट्ट के अलावा पुजारियों ने पुजारी प्रतिनिधि को यह प्रस्ताव सौंपे। जागेश्वर धाम में यह प्रस्ताव तैयार हो जाने के बाद इन्हें अमल में लाने के अंतिम निर्णय मंदिर के अध्यक्ष डीएम विनीत तोमर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया जाएगा।

डॉ. डीएन गहतोड़ी का सीएम ने किया सम्मान

टनकपुर : राजकीय महाविद्यालय चम्पावत में रसायन विज्ञान के सहायक प्रोफेसर डॉ. डीएन गहतोड़ी को टनकपुर सीएम कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। शिक्षण और शोध कार्य के लिए शानदार योगदान दे रहे डॉ. गहतोड़ी के 20 से अधिक शोध पत्र और दो पेटेंट प्रकाशित हो चुके हैं। सीएम ने उनके काम की सराहना की। इस मौके पर चम्पावत व्यापार संघ अध्यक्ष विजय चौधरी, भाजपा एससीएसटी मोर्चा जिला महामंत्री सूरज प्रहरी, पूर्व सभासद रोहित बिष्ट, विकास साह आदि मौजूद रहे। यहां बता दें कि पाटी विकासखंड के बड़ेत गांव के मूल निवासी डॉ. गहतोड़ी ने कैटालिसिस क्षेत्र में विभिन्न कार्बनिक एवं अकार्बनिक रूपांतरणों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण शोध किया है। उनके कई शोध पत्र लंदन की रॉयल सोसायटी ऑफ केमिस्ट्री में प्रकाशित हो चुके हैं। वर्ष 2024 में डॉ. गहतोड़ी को इंटरनेशल इंस्टीट्यूट ऑफ आर्गनाइज्ड रिसर्च की ओर से दिल्ली में हुए कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार दिया गया।

श्रद्धालुओं और पार्किंग कर्मियों में हाथापाई

टनकपुर : शनिवार को मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को उत्तर प्रदेश के हरदोई से आए श्रद्धालुओं व पार्किंग कर्मियों के बीच पार्किंग की पर्ची को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गई, जिसके बाद मामला ठूलीगाड़ चौकी पहुंच गया। रविवार की सुबह मामला टनकपुर कोतवाली स्थानांतरित कर दोनों पक्षों में सुलह करा ली गई। एसएसआई बीएस बिष्ट ने बताया कि दोनों पक्षों ने कोतवाली में अपने-अपने माफीनामे लिखकर मामले को रफा दफा कर लिया है। आरोप है कि ठेका कर्मी मनमाना पार्किंग शुल्क वसूल रहे हैं, जिसके कारण यह मामला सामने आया।

मृतक की पत्नी ने मुख्यमंत्री से लगाई मुआवजे की गुहार

लोहाघाट : शनिवार को मरोड़ाखान के पास वाहन की चपेट में आने से कृष्ण राम की मौत के बाद घर में मातम पसरा है। घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य की मृत्यु होने से परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया। मृतक की पत्नी गोविंदी देवी ने मुख्यमंत्री से मुआवजा देने की गुहार लगाई है। मरोड़ाखान के कालापानी के समीप शुक्रवार की रात राईकोट निवासी 42 वर्षीय युवक कृष्ण राम पुत्र रामी राम को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीड़िता ने पति को कुचलने वाले चालक के विरुद्ध कार्रवाई की भी मांग की है।

अल्मोड़ा के गांधी पार्क में धरने पर बैठे दुग्ध उत्पादक। ● अमृत विचार

उपेक्षा पर दुग्ध उत्पादकों का गांधी पार्क में प्रदर्शन

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : प्रोत्साहन राशि बढ़ाने समेत अपनी अनेक अन्य मांगों पर कार्रवाई ना होने से गुस्साए जिले के दुग्ध उत्पादकों ने अल्मोड़ा के गांधी पार्क में रविवार को धरना प्रदर्शन किया। उत्पादकों ने कहा कि दुग्ध उत्पादन ही उनकी आजीविका का एकमात्र जरिया है, लेकिन सरकार दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के बजाय हत्तोसाहित करने का काम कर रही है। जिसे वह किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले भर के दुग्ध उत्पादक रविवार को नगर के चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में एकत्र हुए। यहां उन्होंने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और बाद में धरने पर बैठ गए।

धरना सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि दुग्ध उत्पादक और सचिव दुग्ध उत्पादन की मुख्य धुरी हैं। लेकिन ना तो दुग्ध उत्पादकों को उनकी मेहनत के बराबर दूध का मूल्य मिल रहा है और ना ही सचिव को उनके कार्य के हिसाब से मानदेय दिया जा रहा है। धरना प्रदर्शन में अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, रवींद्र खाती, शिवराज बनौला, हरीश तिवारी, महेश पंत, गिरधर अधिकारी, हरेंद्र जीना, भवान सिंह धामी, नारायण राम, मोहन सिंह थापा समेत अनेक दुग्ध उत्पादक मौजूद रहे।

टनकपुर में शपथ लेते व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने शपथ ली

टनकपुर : प्रांतीय उद्योग व्यापार की नई कार्यकारिणी के गठन के बाद रविवार को उत्सव गार्डन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें टनकपुर व बनबसा के व्यापारियों सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे। समारोह में व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष नवीन वर्मा ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर उनको जीत के प्रमाण पत्र दिए गए। पदाधिकारियों ने व्यापारियों के हित में कार्य करने की बात कही। व्यापार मंडल अध्यक्ष वैभव अग्रवाल, उपाध्यक्ष अंकित अग्रवाल, महामंत्री संजय पांडेय, कोषाध्यक्ष गिरीश वर्मा ने शपथ ली। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, उत्तराखंड कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रमोद गोयल, प्रांतीय उपाध्यक्ष शंकर लाल वर्मा, शहिद हुसैन, पूर्व पालिकाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह रावत, रोहिताश अग्रवाल, संजय गर्ग, अतुल शारदा समेत आदि व्यापारी मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश

अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी, दो गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : मिलकखानम पुलिस ने तमंचे बनाने की फैक्ट्री का खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

थाना मिलकखानम पुलिस को सूचना मिली कि पीपली वन में कुछ लोग अवैध शस्त्र फैक्ट्री चला रहे हैं। इसमें धड़ल्ले से अवैध शस्त्र बनाने का कार्य किया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुलफाम निवासी ग्राम रतनपुरा थाना स्वार, शाजिद उर्फ पधान निवासी ग्राम रतनपुरा को पीपलीवन में बाबा नक्कारे शाह की मजार के पीछे से गिरफ्तार कर लिया। जबकि उनका साथी रणधीर उर्फ धीर सिंह निवासी ग्राम कलकत्ता थाना गदरपुर जिला उधमसिंह नगर जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस को मौके से रायफल, दो कारतूस, 12 बोर की बंदूक, दो कारतूस, तीन अधबने तमंचे, एक 12 बोर की नाल का टुकड़ा और एक ड्रिल मशीन मिली।

पुजारी ने जीभ काटकर देवी को चढ़ाई, हड़कंप

संवाददाता, निघासन

हालत गंभीर

- हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल किया रेफर
- राजेश्वरी मंदिर में 15 सालों से करते थे पूजा-अर्चना

अमृत विचार : थाना निघासन क्षेत्र की झंडी चौकी के तहत प्रसिद्ध मां राजेश्वरी देवी मंदिर गुलरीपुरवा के मुख्य पुजारी ने रविवार को देवी के सामने खड़े होकर पूजा-अर्चना की। बाद में चाकू से अपनी जीभ काटकर देवी के चरणों में अर्पित कर दी। इससे मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे परिजन पुजारी को लेकर सीएचसी आए, जहां से डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

पुजारी के बड़े बेटे शिवम राजपूत ने बताया कि उनके पिता करीब 15 सालों से राजराजेश्वरी देवी मंदिर में मुख्य पुजारी हैं। जब से पिता देवी की सेवा में लगे हैं तभी से अन्न ग्रहण करना छोड़ दिया था। वह फलाहारी रहकर ही देवी की पूजा-अर्चना करते हैं। करीब 15 दिनों से मंदिर में यज्ञ व मातारानी का पूजन चल रहा था। रविवार को नियमित पूजन व हवन होना शुरू हुआ। इतने में ही पिता हवन समापन के बाद अचानक से उठकर मंदिर के अंदर चले गए। भक्ति में लीन होकर जुबान को चाकू से काट दिया। खून से लथपथ होकर मंदिर में ही गिर गए। तभी छोटे भाई दुर्गेश व ग्रामीण पिता को सीएचसी लेकर पहुंचे। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. पीके रावत ने बताया कि जीभ के आगे का हिस्सा पूरी तरह से पूरी अलग है।

ब्लूटूथ से नकल करते चार गिरफ्तार

लखनऊ, अमृत विचार: आर्मी नर्सिंग असिस्टेण्ट की रविवार को आयोजित परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाईस का प्रयोग कर नकल करने वाले चार अभ्यर्थियों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। यह चारो आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज कैंट (लखनऊ) से पकड़े गए हैं। इनमें कन्नौज का अमित कुमार, आगरा का जयप्रकाश, जोधपुर राजस्थान का विकास बिश्नोई तथा पलवल जिले का अभिषेक हैं।

एसटीएफ के मुताबिक आर्मी नर्सिग असिस्टेण्ट पद हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा ब्लूटूथ डिवाईस का प्रयोग कर नकल करने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा सेना के अधिकारियों को इस बात से अगवत कराते हुए आर्मी इन्टेलीजेन्स लखनऊ टीम के साथ मिलकर आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज कैंट पहुंच गई।

मुद्रा लोन का झांसा देकर युवक से ठगी

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : थाना खीरी के गांव पचपेड़ा बुजुर्ग निवासी एक युवक से मुद्रा लोन दिलाने का झांसा देकर 61,800 रुपये ठग लेने का मामला प्रकाश में आया है। थाना खीरी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव पचपेड़ा बुजुर्ग निवासी अखिलेश सिंह ने बताया कि उनकी जान पहचान नितिन शुक्ला निवासी अमृतागंज थाना खीरी से हुई। वह अपने आप को मुद्रा योजना में फील्ड का काम करने वाला बताता है। आरोप है कि नितिन शुक्ला ने मुद्रा लोन दिलाने का झांसा दिया। उसे रुपये की जरूरत थी, इसलिए वह आरोपी के झांसे में आ गया। आरोपी ने उससे 61,800 रुपये ले लिए और एक महीने के भीतर लोन दिलाने का वादा किया, लेकिन जब लोन नहीं हुआ तो वह नितिन शुक्ला के पास गया तो उसने यह कहते हुए मिलने से ही इंकार कर दिया कि वह कुछ दिनों के लिए बाहर जा रहा है। अब वह कॉल भी नहीं रिसीव कर रहा है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाना खीरी पुलिस को तहरीर दी है। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने किया हवाई अड्डे का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार दोपहर को मुरादाबाद हवाई अड्डे का वर्चुअल लोकार्पण किया। स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि आज मुरादाबाद के विकास के सपनों को उड़ान मिल गई।

यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व व विकासपरक सकारात्मक सोच का परिणाम है। यह मुरादाबाद के लोगों सहित हम सबका सौभाग्य है। लोक निर्माण विभाग के मंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में मुरादाबाद सहित पांच हवाई अड्डों का लोकार्पण हुआ है। यह प्रदेश के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। उत्तर प्रदेश आज देश का ग्रोथ इंजन बन गया है। 157.65 एकड़ भूमि पर 28.93 करोड़ रुपये की लागत से यह हवाई अड्डा बना है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में प्रतिदिन सौ यात्रियों के आने की सुविधा मिली है। दूसरे चरण में 1600 यात्रियों के आने-जाने की सुविधा मिलेगी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डा. शेफाली सिंह, नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य सतपाल सैनी, गोपाल अंजान, डा. जयपाल सिंह व्यस्त, डॉ. हरी सिंह ढिल्लो, रामपुर के विधायक आकाश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

अवैध मदरसों पर नहीं रुकेगी कार्रवाई : गुलाब देवी

अयोध्या : माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि प्रदेश में संचालित हो रहे अवैध मदरसों पर कार्रवाई चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि अवैध मदरसों के संचालन को लेकर शासन गंभीर है। रविवार को यहां आईं माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि जैसी पारदर्शिता बोर्ड की परीक्षा में रही है वैसे ही पारदर्शिता मूल्यांकन में भी रहेगी उन्होंने कहा कि सारे मूल्यांकन निष्पक्ष रूप से होंगे और अच्छा रिजल्ट आएगा। उन्होंने बताया कि जो अवैध रूप से चल रहे हो चाहे वह मदरसे हो चाहे वह विद्यालय सभी पर एक्शन जारी रहेगा। लोकसभा चुनाव पर कहा जैसे ही चुनाव समाप्त होता है अगले चुनाव की तैयारी भारतीय जनता पार्टी शुरू कर देती है। उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी विकास के आधार पर है, हम लोग विकास को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत होगी। यहां सर्किट हाउस में उन्होंने माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधिकारियों के साथ मूल्यांकन और अवैध मदरसों के विषय पर समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने सख्ती के साथ अवैध मदरसों की जांच और कार्रवाई के लिए निर्देश दिया।

बलिया में छह साल की बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म

बलिया, एजेंसी : जिले में दो नाबालिग लड़कों के खिलाफ छह वर्षीया एक बच्ची से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म करने के लिए रिपोर्ट दर्ज की गई है। बलिया के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि दुबहर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली छह वर्षीया बच्ची से उसके पड़ोस में रहने वाले दो नाबालिगों ने सात मार्च की शाम को सामूहिक दुष्कर्म किया। अधिकारी ने बताया कि बच्ची के पिता की शिकायत पर शनिवार रात दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 डी (सामूहिक बलात्कार) के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की सुसंगत धारा में नामजद रिपोर्ट दर्ज की गयी है। दोनों आरोपी 18 वर्ष से कम आयु के हैं। पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेने का प्रयास कर रही है।

बस खाई में जाकर पेड़ से टकराई, 20 लोग घायल

बरेली/नवाबगंज : हाफिजगंज थाना क्षेत्र में बरेली-पीलीभीत हाइवे पर ब्लैक स्पॉट गौटिया तिराहे पर 190 सवारियों से भरी स्लीपर बस खाई में जाकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बीस सवारियां घायल हो गईं। अमन ट्रेवल्स की बस बहराइच से रोहतक जा रही थी। कुछ सवारियों ने भूसी भरे ट्रक को बचाने तो कुछ ने ड्राइवर के नशे में होने की वजह से हादसा होना बताया। गुस्साए लोगों ने बस में तोड़फोड़ भी की। हादसा रविवार सुबह करीब 9 बजे हुआ। बस में भूसे की तरह भरी सवारियों में अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने थाना पुलिस को सूचना दी और लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की। हाफिजगंज थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सवारियां को बस से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ सवारियां चालक दरवाजे से निकलीं तो अन्य सवारियों को बस के शीशे तोड़कर बाहर निकला गया।

बरेली में ससुर की कनपटी पर तमंचा रखकर बहू से की लूट

बरेली : फतेहगंज पूर्वी में ई-रिक्शा से रिश्तेदारी से लौट रही महिला से बदमाशों ने बुजुर्ग ससुर की कनपटी पर तमंचा लगाकर पर्स लूट लिया। पर्स में आभूषण, नकदी समेत मोबाइल था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। ग्राम कुठिला निवासी आरती रविवार दोपहर ससुर मूलचंद के साथ ई-रिक्शे से लौट रही थीं। रिक्शा उनके ससुर चला रहे थे। रास्ते में तीन लोगों ने ससुर से ई -रिक्शा रोकने को कहा तो उन्होंने सवारी बैठाने से मना कर दिया तो बदमाशों ने मूलचंद की कनपटी पर तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपियों ने आरती का पर्स छीन लिया और बाइक से भाग गए। आरती ने बताया कि उसके पर्स में पांच हजार रुपये, मोबाइल और जेवर थे। क्षेत्राधिकारी फरीदपुर गौरव सिंह ने पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर जांच की। क्षेत्राधिकारी ने बताया घटना की रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

एक नजर

गो फर्स्ट समाधान पेशेवर को कारण बताओ नोटिस जारी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने वित्तीय संकट से जूझ रही 'गो फर्स्ट' विमानन कंपनी के समाधान पेशेवर (आरपी) को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा है कि पट्टेदारों (किराए पर विमान मुहैया कराने वालों) के विमानों के निरीक्षण और रखरखाव की अनुमति देने संबंधी न्यायिक आदेशों की प्रथम दृष्टया जानबूझकर अवहेलना करने के लिए उसके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि अदालत के आदेशों को लागू करने की मांग करने वाले पट्टेदार द्वारा अवमानना कार्यवाही का अनुरोध किए जाने के बाद आरपी 12 अक्टूबर, 2023 के फैसले के कार्यान्वयन में कठिनाइयों की दलील नहीं दे सकता।

ट्रेन में गोलीबारी करने में दो सिपाही बर्खास्त

मुंबई। पिछले साल जुलाई में मुंबई-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन में चेतन सिंह चौधरी द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी के मामले में राजकीय रेलवे पुलिस (आरपीएफ) के दो सिपाहियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। चौधरी पर आरोप है कि उसने पिछले साल 31 जुलाई को ट्रेन मुंबई के पास पालघर में थी तब अपने वरिष्ठ अधिकारी एएसआई टीकाराम मीणा और तीन अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का है संकल्प

महतारी वंदन योजना की शुरुआत कर मोदी बोले-डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण

रायपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए 'महतारी वंदन' योजना की शुरुआत करते हुए कहा कि राज्य की 'डबल इंजन' सरकार (केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार) की प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण है। प्रधानमंत्री मोदी ने समारोह को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने देश में तीन करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का संकल्प लिया है।

मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में 'महतारी वंदन योजना' का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया। इस योजना के तहत पात्र विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपये की मासिक सहायता दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी से रिमोट दबाकर इस योजना की शुरुआत की और 70 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 655 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया। उन्होंने योजना की शुरुआत करते हुए कहा, ''छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों को मेरा प्रणाम..आज मुझे नारी शक्ति को सशक्त बनाने वाली 'महतारी वंदन योजना' को समर्पित करने का सौभाग्य मिला है। महतारी वंदन योजना के तहत छत्तीसगढ़ की 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों को हर महीने एक हजार रुपये देने का वादा किया गया था। भाजपा सरकार ने अपना वादा पूरा किया है। उन्होंने कहा कि आज महतारी वंदन योजना के तहत 655 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई है। उन्होंने कहा कि पात्र महिलाओं के खाते में अब हर महीने बिना किसी परेशानी के यह पैसा आता रहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली हवाई अड्डे के विस्तारित टर्मिनल-1 का उद्घाटन किया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली हवाई अड्डे के विस्तारित टर्मिनल-1 (टी-1) का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उद्घाटन किया। अब इसका कुल क्षेत्रफल तीन गुना होकर 2,06,950 वर्ग मीटर हो गया है। विस्तारित टर्मिनल-1 के उद्घाटन के साथ दिल्ली हवाई अड्डे की वार्षिक क्षमता मौजूदा चार करोड़ यात्रियों से बढ़कर 10 करोड़ हो जाएगी। हवाई अड्डा परिचालक डायल के अनुसार, सभी प्रवेश द्वारों पर चेहरा पहचानने की प्रणाली (डिजी यात्रा), 20 ऑटोमेटेड ट्रे रीट्राइवल सिस्टम्स (एटीआरएस), इंडीविजुअल कैरियर सिस्टम (आईसीएस), 108 कॉमन यूजेज सेल्फ सर्विस (सीयूएसएस) और 100 चेक-इन काउंटर हैं, जिनमें 36 सेल्फ बैगेज ड्रॉप (एसबीडी) कियोस्क शामिल हैं।

ग्वालियर, जबलपुर व पुणे, कोल्हापुर हवाई अड्डों की इमारतों का उद्घाटन

भोपाल/ पुणे। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश में ग्वालियर और जबलपुर हवाई अड्डों की टर्मिनल इमारतों का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आदि इस कार्यक्रम के लिए ग्वालियर हवाई अड्डे पर मौजूद रहे। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र में पुणे और कोल्हापुर हवाई अड्डों के नए टर्मिनल भवनों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। ये टर्मिनल भवन विभिन्न आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। सीएम यादव ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में ग्वालियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया के नाम पर नए हवाई अड्डे का उद्घाटन बदलते भारत के विकास का एक नया कीर्तिमान है।

दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति 15 मार्च तक होने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

- खोज समिति दोनों पदों के लिए पहले पांच-पांच नामों के दो अलग-अलग पैनल तैयार करेगी

चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे से बनी रिक्तियों को भरने के लिए 15 मार्च तक दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होने की संभावना है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले ही गोयल ने शुक्रवार सुबह चुनाव आयुक्त के पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया और कानून मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी घोषणा की। इससे मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार चुनाव प्राधिकरण के एकमात्र सदस्य रह गये हैं। पांडे 14 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए हैं। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के नेतृत्व में एक खोज समिति दोनों पदों के लिए पहले पांच-पांच नामों के दो अलग-अलग पैनल तैयार करेगी। इस समिति में गृह सचिव और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के सचिव शामिल होंगे। बाद में, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति, जिसमें एक केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल होंगे, चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए दो व्यक्तियों का नाम तय करेगी। इसके बाद नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। सूत्रों ने कहा कि चयन समिति सदस्यों की सुविधा के आधार पर 13 या 14 मार्च को बैठक कर सकती है और नियुक्तियां 15 मार्च तक होने की संभावना है।

संविधान में संशोधन के लिए भाजपा को दो-तिहाई बहुमत दिलाना जरूरी : हेगड़े

करवार (कर्नाटक)। भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने रविवार को कहा कि प्रस्तावना से 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को हटाने के लिये भाजपा संविधान में संशोधन करेगी। उन्होंने लोगों से लोकसभा में भाजपा को दो-तिहाई बहुमत देने का आह्वान किया, ताकि देश के संविधान में संशोधन किया जा सके। हेगड़े ने छह साल पहले भी इसी तरह का बयान दिया था। हेगड़े ने कहा कि भाजपा को संविधान में संशोधन करने के लिए और ''कांग्रेस द्वारा इसमें जोड़ी गईं अनावश्यक चीजों को हटाने के लिए'' संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी।

कांग्रेस के पूर्व मंत्रियों सहित कई पार्टी नेता भाजपा में शामिल

जयपुर, एजेंसी

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की राजस्थान इकाई को करारा झटका देते हुए राज्य की पूर्व सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र यादव और लाल चंद कटारिया सहित कई नेता रविवार को भाजपा में शामिल हो गए।

कांग्रेस के पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा, खिलाड़ी लाल बैरवा, पूर्व निर्दलीय विधायक और गुजरात की पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल के बेटे आलोक बेनीवाल, कांग्रेस सेवा दल के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चौधरी, पार्टी नेता रामपाल शर्मा, रिजु झुनझुनवाला और अन्य नेता भी भाजपा में शामिल हुए। जयपुर में भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने इन नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। भाजपा का दामन थामने वाले लाल चंद कटारिया और राजेंद्र यादव अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली पूर्व कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे थे।

राजस्थान में कांग्रेस को लगा बड़ा झटका

तेलंगाना में बीआरएस के चार और कांग्रेस का एक नेता भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के दो पूर्व सांसद समेत चार नेता और कांग्रेस के एक नेता रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केंद्र में सत्तारूढ़ दल दक्षिणी राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में है। भाजपा में शामिल होने वालों में बीआरएस के पूर्व सांसद जी. नरेश, सीताराम तथा पार्टी के पूर्व विधायक एस. रेड्डी और जलगाम वेंकट राव और कांग्रेस नेता श्रीनिवास गोमसे शामिल हैं। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। भाजपा नेता और पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य के. लक्ष्मण ने पार्टी में उनका स्वागत किया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर नई दिल्ली के पुराना किला में विकसित भारत के दृष्टिकोण से संचालित कलाकृतियों की एक शृंखला बनाने के लिए आयोजित एक दिवसीय शिविर के दौरान कलाकार द्वारा बनाई गई पेंटिंग को देखते हुए। ● एजेंसी

राहुल ने गुजरात में यात्रा के अंतिम दिन सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

तापी (गुजरात)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात चरण के अंतिम दिन रविवार को सूरत में स्वराज आश्रम का दौरा किया और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने यहां पत्रकारों को बताया कि चार दिन में गुजरात के सात जिलों से गुजरने के बाद यह यात्रा राज्य में समाप्त हो गयी है और यह एक दिन के विराम के बाद मंगलवार को महाराष्ट्र नंदुरबार जिले से फिर से शुरू होगी। राहुल ने सूरत जिले के बारदोली में स्वराज आश्रम का दौरा किया और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। रमेश ने कहा- कुछ मिनटों के लिए वह स्वराज निवास में गए जिसे 1922 में सरदार वल्लभभाई पटेल ने बनवाया था।

एसबीआई की अर्जी पर आज सुनवाई करेगा न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए समय-सीमा 30 जून तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि एसबीआई ने चुनावी बॉण्ड के जरिये राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विवरण निर्वाचन आयोग को छह मार्च तक सौंपे जाने संबंधी शीर्ष अदालत के निर्देश की ''जानबूझकर'' अवज्ञा की। सोमवार के लिए निर्धारित शीर्ष अदालत की मामलों की सूची के अनुसार, पीठ इन दोनों याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुबह साढ़े 10 बजे बैठेगी। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल हैं। कोर्ट ने गत 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में, चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

चुनावी बॉण्ड मामला

- याचिका में एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का किया गया है अनुरोध

अपनी गरिमा की रक्षा करना उच्चतम न्यायालय की जिम्मेदारी: कपिल सिब्बल



राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने चुनावी बॉण्ड विवरण का खुलासा करने की अवधि बढ़ाने का अनुरोध करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा बताए गए कारणों को ''बचकाना'' करार देते हुए रविवार को कहा कि अपनी गरिमा की रक्षा करना उच्चतम न्यायालय की जिम्मेदारी है और जब संविधान पीठ फैसला सुना चुकी है तो एसबीआई की याचिका को स्वीकार करना ''आसान नहीं होगा''। चुनावी बॉण्ड योजना के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में मामले में याचिकाकर्ताओं के लिए दलीलें सिब्बल के नेतृत्व में पेश की गईं। उन्होंने कहा कि एसबीआई का दावा है कि डेटा को सार्वजनिक करने में कई सप्ताह लगेंगे, जिससे ऐसा लगता है कि ''कोई किसी को बचाना चाहता है।'' सिब्बल ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए वीडियो साक्षात्कार में कहा कि यह स्पष्ट है कि एसबीआई का इरादा सरकार का बचाव करना है, अन्यथा बैंक ने चुनावी बॉण्ड विवरण का खुलासा करने की अवधि 30 जून तक बढ़ाए जाने का ऐसे समय में अनुरोध नहीं किया होता जब अप्रैल-मई में चुनाव होने हैं।

कारोबार/कृषि

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 110 मसूरी 98 बासमती 140-150, **दाल दलहन**-काला चना 110-120 साबुत चना दाल 110 मूंग साबुत 94-126 राजमा 156 दाल उड़द 124 साबुत मसूर दाल 115-117 मसूर दाल 73-118 उड़द साबुत 110-120 काबुली चना 63-144 अरहर दाल 157-163 लोबिया/करमानी 81-135 सोयाबीन 118 मूंगफली 77-130 मटर (सूखी) 61 मक्का 17-30 रुपये।

एक नजर

विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर 625.6 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढोतरी होने से 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6 .6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625 .6 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2 .97 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 619 .07 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6 .04 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 554 .2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 56 .9 करोड़ डॉलर बढ़कर 48 .42 अरब डॉलर हो गया।

इंडियन बैंक के नए कार्यकारी निदेशक बने ब्रजेश कुमार सिंह

चेन्नई। केंद्र सरकार ने ब्रजेश कुमार सिंह को सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। बैंक ने रविवार को यह जानकारी दी। सिंह इससे पहले बैंक ऑफ बड़ौदा में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के तौर पर सेवाएं दे रहे थे।

अगले 15 साल में मिलेगा 100 अरब डॉलर का निवेश

भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने निवेश और वस्तुओं एवं सेवाओं के दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। एफटीए के तहत ईएफटीए ने अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एफटीए पर हस्ताक्षर को 'ऐतिहासिक पल' करार देते हुए कहा कि यह भारत का ऐसे समूह के साथ पहला आधुनिक व्यापार करार है, जिसमें विकसित देश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यापार करार में यह पहला मौका है, जब ईएफटीए ने अगले 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं।

समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें माल में व्यापार, उत्पत्ति के नियम, बौद्धिक संपदा अधिकार, सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है।

ईएफटीए सदस्यों की ओर से संघीय काउंसलर गाई पार्मेलिन ने कहा- ईएफटीए देशों को वृद्धि के एक प्रमुख बाजार तक पहुंच मिली है। हमारी कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक जुझारू बनाते हुए उनमें विविधता लाने का प्रयास करेंगी। इसके एवज में भारत को ईएफटीए से अधिक विदेशी निवेश मिलेगा। इससे अंततः अच्छी नौकरियों में वृद्धि होगी... कुल मिलाकर टीईपीए से हमें अपनी आर्थिक क्षमता का बेहतर इस्तेमाल करने और अतिरिक्त अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी।

करार निष्पक्ष व्यापार के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र ने रविवार को भारत-ईएफटीए व्यापार समझौते को एक ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि यह एक मुक्त, निष्पक्ष और समानता वाले व्यापार के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल व्यापार, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तथा फार्मा जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेषण को लेकर ईएफटीए देशों की वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थिति से सहयोग के नए द्वार खुलेंगे। मोदी ने एक लिखित संदेश में कहा कि भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर करने में शामिल वार्ताकारों और हस्ताक्षरकर्ताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

समझौते से भारतीय बाजार में सस्ती होंगी स्विस घड़ियां, चॉकलेट

भारत ईएफटीए ब्लॉक के साथ अपने व्यापार समझौते के तहत कलाई घड़ियों, चॉकलेट, बिस्किट और दीवार घड़ियों जैसे उच्च गुणवत्ता वाले स्विस उत्पादों पर क्रमिक रूप से सीमा शुल्क को समाप्त कर देगा। इससे घरेलू ग्राहकों को कम कीमत पर इन उत्पादों तक पहुंच मिलेगी। भारत और चार-यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए ने आपसी व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। विभिन्न देशों में इस समझौते को मंजूरी देने की विस्तृत प्रक्रिया के कारण इसे लागू होने में एक साल तक का समय लगेगा।

भारत अपनी नीतियों को टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा: गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य मंत्री बोले-सभी वैश्विक ईवी कंपनियों का स्वागत

भारत अपनी नीतियों को अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा। देश के कानून और शुल्क संबंधी नियम सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को आकर्षित करने के लिए तैयार किए जाएंगे। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही है।

टेस्ला भारत में आने से पहले एक शुरुआती शुल्क रियायत मांग रही है। इससे उसे 40,000 अमेरिकी डॉलर से कम कीमत वाली कारों के लिए 70 प्रतिशत सीमा शुल्क और अधिक मूल्य की कारों के लिए 100 प्रतिशत सीमा शुल्क की 'भरपाई' करने में मदद मिलेगी। गोयल ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि सरकार एक मजबूत ईवी पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरत को समझती है, क्योंकि बैटरी से चलने वाले वाहनों के अधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन के साथ-साथ कच्चे तेल के आयात बिल में भी कटौती होगी। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इसके लिए सरकार ऐसी नीतियां नहीं बनाएगी, जो किसी एक कंपनी के लिए फायदेमंद हों, बल्कि ऐसी नीतियां तैयार की जाएंगी, जो दुनिया के सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को भारत में आने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई पहल पर काम जारी है।

कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो सप्ताह के भीतर

नई दिल्ली। कोयला मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो सप्ताह के भीतर घोषित होने की संभावना है। वाणिज्यिक कोयला खान नीलामी का ताजा दौर कोयला मंत्रालय के नामांकित प्राधिकारी द्वारा 20 दिसंबर, 2023 को शुरू किया गया था। नौवें दौर में 32 कोयला खदानों को नीलामी पर रखा गया। अधिकारी ने कहा-नौवें चरण के नतीजे घोषित होने में अभी दो हफ्ते और लगेंगे। इसके अंदर ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी। आधिकारिक सूचना के अनुसार, ऑफलाइन रूप में कुल 40 बोलियां प्राप्त हुई हैं।

शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 71,301 करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 71,301.34 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।

कम कारोबारी सत्रों के सप्ताह के दौरान सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड बनाने के सिलसिले के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 374.04 अंक या 0.50 प्रतिशत चढ़ गया। शुक्रवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर शेयर बाजार बंद थे। सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 74,119.39 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। उसी दिन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 22,493.55 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत घट गई।

एफपीआई ने मार्च में 6,100 करोड़ रुपये का किया निवेश

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (मार्च में) अबतक भारतीय शेयर बाजारों में 6,139 करोड़ रुपये डाले हैं। मजबूत आर्थिक वृद्धि, बाजार की मजबूती तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के चलते एफपीआई के बीच भारतीय शेयरों का आकर्षण बना हुआ है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले फरवरी में उन्होंने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे। वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। वहीं चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत पर रही है।

मोबाइल विनिर्माण 10 साल में 21 गुना हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईसीईए के मुताबिक, बढ़कर 4.1 लाख करोड़ रुपये हुआ

भारत में मोबाइल फोन विनिर्माण मूल्य के लिहाज से पिछले 10 साल में 21 गुना होकर 4.1 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उद्योग निकाय आईसीईए ने बयान में कहा कि सरकार के पीएलआई जैसे नीतिगत उपायों ने स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने कहा कि भारत अब अपनी कुल मोबाइल फोन मांग का 97 प्रतिशत स्थानीय स्तर पर उत्पादित करता है और चालू वित्त वर्ष (2023-24) में कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत निर्यात के लिए है। आईसीईए ने कहा-मोबाइल फोन का उत्पादन 2014-15 के 18,900 करोड़ रुपये से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में अनुमानित 4,10,000 करोड़ रुपये हो गया, जो 2,000 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2014-15 में भारत से मोबाइल फोन का निर्यात महज 1,556 करोड़ रुपये था। उद्योग को वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक 1,20,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निर्यात की उम्मीद है। इसका मतलब होगा कि एक दशक में निर्यात में 7,500 प्रतिशत की वृद्धि होगी। विनिर्माण पर एक नोट के अनुसार, स्मार्टफोन के क्षेत्र में एप्पल और सैमसंग ने देश से मोबाइल फोन निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत निर्मित उपकरणों को बड़ी मात्रा में ब्रिटेन, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया और इटली अमेरिकी बाजारों में निर्यात किया जा रहा है।

खेल डायरी

डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए एक्लेस्टोन, नवगिरे पर लगा जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी। यूपी वारियर्स की सोफी एक्लेस्टोन और किरण नवगिरे पर यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए रविवार को मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। दोनों पर शुक्रवार को हुए मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के बयान के अनुसार, सोफी और किरण दोनों ने अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत लेवल एक का उल्लंघन स्वीकार कर लिया है जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदानी उपकरण के दुरुपयोग से संबंधित है। इसके अनुसार, आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम और मान्य होता है।

एनसीएए चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर परवेज

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय एथलीट परवेज खान बोस्टन में अमेरिका की एनसीएए चैंपियनशिप में एक मील ट्रैक स्पर्धा के फाइनल में सातवें स्थान पर रहे। परवेज एनसीएए चैंपियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। फाइनल में उन्होंने 4 मिनट 03.05 सेकेंड का समय लिया और उन्हें सातवें स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। इस एथलीट ने इससे पहले प्रारंभिक दौड़ में 3 मिनट 57.126 सेकेंड में तीसरा स्थान पाया था। परवेज इस प्रतियोगिता में फ्लोरिडा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। हरियाणा के परवेज ने 2022 के राष्ट्रीय खेलों में 1500 मीटर में स्वर्ण जीता था।

नीरज चोपड़ा ने किया प्रतिभा पहचान कार्यक्रम का समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सरकार के राष्ट्रीय स्तर के खेल विकास कार्यक्रम कीर्ति का समर्थन करते हुए कहा कि इसमें देश के शैक्षणिक तंत्र में बड़े बदलाव लाने की क्षमता है। खेल मंत्रालय ने स्कूली बच्चों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर के प्रतिभा पहचान कार्यक्रम कीर्ति को शुरू किया है। इसके तहत प्रतिभा की पहचान करके उनके कौशल को निखारा जाएगा। साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया के वीडियो में चोपड़ा ने कहा कि हमें 13-14 आयु वर्ग के बच्चों को यह बताना होगा कि उन्हें खेल और शिक्षा दोनों पर ध्यान देने की जरूरत है। अगर स्कूल भी उनका समर्थन करके चीजों को संतुलित कर सकते हैं, तो यह बहुत अच्छा होगा।

सात्विक-चिराग की जोड़ी फ्रेंच ओपन के फाइनल में

पेरिस, एजेंसी। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की नंबर 1 भारतीय जोड़ी ने द. कोरिया के सियो सेउंग जे और कांग मिन ह्युक को सीधे गेम में हराकर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने इस साल तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। फ्रेंच ओपन में भी यह जोड़ी तीसरी बार फाइनल में पहुंची है। सात्विक और चिराग ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में कोरिया की जोड़ी को हराया। पुरुष एकल में हालांकि लक्ष्य सेन का अभियान मौजूदा विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न से हारने के बाद समाप्त हो गया। कुनलावुत ने सेमीफाइनल में एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज की। सात्विक और चिराग ने दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ जोड़ियों के बीच हुए मुकाबले में शुरू से ही दबदबा बनाए रखा तथा इस साल के शुरू में इंडिया ओपन में मिली हार का बदला लिया। मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी के खिलाफ पहला गेम आसानी से जीतने के बाद सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में भी कोरियाई जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला केवल 40 मिनट में अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी फाइनल में चीनी ताइपे के ली झे हुई और यांग पो ह्वान से भिड़ेगी, जिन्होंने सेमीफाइनल में जापान के ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी को हराया।

टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 भारत, तीनों प्रारूप में शीर्ष पर

भारत ने 5 मैच की श्रृंखला 4-1 से जीतकर आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष स्थान किया हासिल

दुबई, एजेंसी

भारत ने धर्मशाला में इंग्लैंड को करारी शिकस्त देकर 5 मैच की श्रृंखला 4-1 से जीतकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष स्थान पर अब भारत है। इस तरह से भारतीय टीम खेल के तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हो गई है। भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में पहले ही शीर्ष पर है।

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्राइस्टचर्च में चल रहे दूसरे टेस्ट मैच का परिणाम कुछ भी रहे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम शीर्ष पर रहेगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा विजेता ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन में पहला टेस्ट मैच 172 रन से जीता था और वह अभी श्रृंखला में 1-0 से आगे है। भारत के टेस्ट रैंकिंग में अब 122 रेटिंग अंक हो गए हैं जो ऑस्ट्रेलिया से 5 अधिक हैं। इंग्लैंड की टीम 111 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। वनडे में भारत के 121 रेटिंग अंक हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया 118 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में भारत के 266 अंक हैं। इंग्लैंड इस प्रारूप में 256 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत सितंबर 2023 से जनवरी 2024 के बीच टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर रहा था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला बराबरी पर छूटने के कारण भारत दूसरे नंबर पर खिसक गया था।

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करके भारत की जगह पहला स्थान हासिल किया था। इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 28 रन से हार गया था लेकिन इसके बाद उसने अगले चार टेस्ट मैच जीतकर शानदार वापसी करके आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान हासिल किया।

टेस्ट		वन-डे		टी-20	
टीम	रेटिंग	टीम	रेटिंग	टीम	रेटिंग
भारत	122	भारत	121	भारत	266
ऑस्ट्रेलिया	117	ऑस्ट्रेलिया	118	इंग्लैंड	256
इंग्लैंड	111	दक्षिण अफ्रीका	110	ऑस्ट्रेलिया	255
न्यूजीलैंड	101	पाकिस्तान	109	न्यूजीलैंड	254
दक्षिण अफ्रीका	99	न्यूजीलैंड	102	पाकिस्तान	249
पाकिस्तान	89	इंग्लैंड	96	दक्षिण अफ्रीका	249
वेस्ट इंडीज	81	श्रीलंका	91	वेस्ट इंडीज	245
श्रीलंका	79	बांग्लादेश	87	श्रीलंका	233
बांग्लादेश	51	अफ़ग़ानिस्तान	81	बांग्लादेश	228
ज़िम्बाब्वे	32	वेस्ट इंडीज	71	अफ़ग़ानिस्तान	218

हमें इस शब्द 'बैजबॉल' ने भ्रमित कर दिया: नासिर हुसैन

धर्मशाला। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में हार पर निराशा व्यक्त करते हुए टीम के बल्लेबाजों को व्यक्तिगत प्रदर्शन पर काम करने और 'बैजबॉल' के प्रति जुनून छोड़ने की सलाह दी। इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में बैजबॉल शैली को अपनाया लेकिन भारत के खिलाफ यह रणनीति नहीं चली और उसे हार मिली। बैजबॉल शब्द इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रैंडन मैकुलम के उपनाम 'बैज' से लिया गया है। हुसैन ने कहा कि हम इस शब्द बैजबॉल से भ्रमित हो गए। टीम और टीम प्रबंधन को बैजबॉल रास नहीं आ रहा है। उन्हें अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन पर ध्यान देने की जरूरत है। विपक्षी टीम को देखिए। उन्होंने जिंदगी के हर पहलू की तरह प्रयास किया और उनसे सीख ली। फिर हमारा पतन क्यों हुआ। जैक क्रॉली अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में क्यों नहीं बदल पाए। बेन डकेट ने तब आक्रामक रवैया अपनाया जब गेंद काफी नई थी। बेन स्टोक्स पूरी श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।

जिस दिन लगेगा अच्छा नहीं खेल पा रहा हूं, संन्यास ले लूंगा : रोहित

धर्मशाला, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह इस समय अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहे हैं लेकिन जिस दिन उन्हें लगेगा कि वह अच्छा नहीं खेल पा रहे, वह तुरंत खेल को अलविदा कह देंगे। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने पांचवें और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड को एक पारी और 64 रन से हराकर श्रृंखला 4-1 से जीत ली। रोहित ने मैच के बाद जियो सिनेमा से कहा कि एक दिन जब मैं सुबह उठूंगा और मुझे लगेगा कि मैं अब अच्छा नहीं खेल सकता तो मैं तुरंत रिटायर हो जाऊंगा, लेकिन पिछले कुछ साल से मैं अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहा हूं। रोहित ने 2019 के बाद से टेस्ट क्रिकेट में नौ शतक लगाए हैं। बीसीसीआई ने पुष्टि की है कि रोहित इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में भारत की कप्तानी करेंगे। श्रृंखला जीतने का श्रेय टीम को देते हुए उन्होंने कहा कि जब आप इस तरह टेस्ट जीतते हैं तो सब कुछ सही हो जाता है। एक समय पर लोग जाएंगे और आएंगे, यह हम जानते हैं। इन युवा खिलाड़ियों के पास भले ही अनुभव नहीं है लेकिन उन्होंने काफी क्रिकेट खेला है और मैंने देखा है कि दबाव का बखूबी सामना किया है। जीत का श्रेय पूरी टीम को जाता है।

मुझे नहीं लगता रोहित बेहतर कप्तान थे, उनके गेंदबाजों ने कमाल किया: स्वान

इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर ग्रीम स्वान का मानना है कि टेस्ट श्रृंखला में रोहित शर्मा की कप्तानी बेन स्टोक्स से बेहतर नहीं थी, लेकिन उनके गेंदबाजों ने कमाल किया जिससे भारत ने जीत दर्ज की। शुरू से लेकर अंत तक स्टोक्स की नेतृत्व शैली ने सभी का ध्यान खींचा, लेकिन रोहित की अगुवाई वाली टीम 4 मैच जीतकर बड़े अंतर से श्रृंखला नाम की। स्वान ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि एक कप्तान के रूप में वह बेहतर थे क्योंकि उनके गेंदबाजों ने कमाल किया। उनके पास अच्छी मारक क्षमता थी। मुझे गलत मत समझो, रोहित अच्छा कप्तान है लेकिन मेरा मानना है कि अगर आप इस संदर्भ में कहते हैं कि स्टोक्स ने खराब कप्तानी की तो मुझे लगता है कि आप गलत कह रहे हैं। पहले मैच में वे नहीं चल पाए लेकिन अंतिम 4 मैच में उन्होंने शानदार गेंदबाजी करके कप्तान का काम आसान किया।

बजरंग, रवि ओलंपिक क्वालीफिकेशन दौड़ से बाहर

सोनीपत (हरियाणा), एजेंसी

ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और रवि दहिया रविवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल में अपने मुकाबले हारने के बाद पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो गए। पूनिया को पुरुषों के फ्रीस्टाइल 65 किग्रा सेमीफाइनल में रोहित से 1-9 से हार मिली। इससे पहले वह रविंदर से मुश्किल से जीत पाए थे। अगर रविंदर ने चेतावनी से अंक नहीं गंवाया होता तो पूनिया पहले ही बाहर हो गए होते। हारने के बाद पूनिया गुस्से में तुरंत भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से चले गए। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों ने पूनिया के डोप नमूने लेने की कोशिश की लेकिन वह नहीं रूके। पूनिया ने ट्रायल्स के लिए रूस में ट्रेनिंग ली थी। ये ट्रायल्स भारतीय ओलंपिक संघ के तदर्थ पैनल द्वारा कराए जा रहे हैं। पूनिया ने हालांकि दिल्ली हाईकोर्ट में यह कहते हुए मुकदमा जीता था कि निलंबित डब्ल्यूएफआई के पास ट्रायल्स का अधिकार नहीं है। पुरुष 57 किग्रा (नोर्डिक प्रारूप में) हमेशा मुश्किल वर्ग रहा है जिसमें तोक्यो के रजत पदक विजेता रवि दहिया और अमन सेहरावत दौड़ में थे। चोट से वापसी कर रहे दहिया बड़े स्कोर वाले पहले मुकाबले में अमन से 13-14 से और अगले मुकाबले में उदित से हार गए।

युवा और अनुभव के मिश्रण ने दिलाई भारत को यादगार जीत

भारत ने अपनी धरती पर सबसे लंबे प्रारूप में बादशाहत फिर की साबित

धर्मशाला, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ जीवंत पिचों पर खेली गई श्रृंखला में भारत ने घरेलू धरती पर अपनी यादगार जीत दर्ज करके सबसे लंबे प्रारूप में अपनी बादशाहत फिर से साबित की।

युवा और अनुभव से मिश्रित भारतीय टीम ने पहला मैच गंवाने के बाद इंग्लैंड को 5 मैच की श्रृंखला में 4-1 से हराकर उसकी बैजबॉल रणनीति पर सवालिया निशान लगा दिया। भारत की जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विराट कोहली और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ी श्रृंखला में नहीं थे जबकि केएल राहुल और रविंद्र जडेजा भी पहले मैच के बाद चोटिल हो गए थे। रोहित शर्मा की टीम ने धैर्य बनाए रखा और 4 मैच जीते। भारत ने इस श्रृंखला में 5 खिलाड़ियों को पदार्पण का मौका दिया जिनमें से 4 सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, आकाश दीप और देवदत्त पडिक्कल ने दिखाया कि वह शीर्ष स्तर पर खेलने को तैयार हैं। इनके बीच कप्तान रोहित, उप कप्तान जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन ने अच्छा प्रदर्शन करके उदाहरण पेश किया। वहीं यशस्वी जायसवाल ने खुद को रन मशीन साबित किया जबकि कुलदीप यादव ने कलाई का जादू बिखेरा। इससे यह स्पष्ट हो गया कि भारत की अगली पीढ़ी जिम्मेदारी लेने को तैयार है। भारत की यह घरेलू धरती पर लगातार 17वीं जीत है।

भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि सबसे खुशी की बात यह रही कि भारत ने 10 वर्षों से दबदबा बनाए रखा और इस बीच कोई श्रृंखला नहीं गंवाई जबकि इस बीच विदेशी खिलाड़ियों को आईपीएल से भारतीय परिस्थितियों में खेलने का अच्छा अनुभव मिला। जायसवाल भारत की नई रन मशीन बनकर उभरे। उन्होंने श्रृंखला में 712 रन बनाए और सुनील गावस्कर के बाद किसी एक श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बने। इस बल्लेबाज ने लगातार दो मैच में दोहरे शतक लगाए। उन्होंने श्रृंखला में 26 छक्के जड़े जिससे पता चलता है कि वह गेंदबाजों पर किस कदर हावी रहे। अश्विन और जडेजा ने क्रमशः 26 और 19 विकेट लेकर फिर से साबित किया कि घरेलू परिस्थितियों में उनका कोई जवाब नहीं है। कुलदीप यादव ने अंतिम 4 मैच में अच्छा प्रदर्शन करके टीम में तीसरे नंबर के स्पिनर के तौर पर जगह मजबूत की।

टेस्ट मुश्किल, सफलता को एक-दूसरे की जरूरत : द्रविड़

धर्मशाला। भारत की इंग्लैंड पर जीत के बाद ड्रेसिंग रूम में प्रेरणादायक भाषण देते हुए राहुल द्रविड़ ने युवा खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट की मुश्किल डगर में फतह हासिल करने के लिए एकजुट बने रहने और एक इकाई के तौर पर खेलने की अहमियत बताई। हैदराबाद में पहले टेस्ट में हारने के बाद मेजबान टीम ने चार मैच जीतकर श्रृंखला कब्जाई। द्रविड़ ने कहा कि इस तरह श्रृंखला को जीतना होता है और यह मुश्किल है। यह आपके कौशल के मामले में, शारीरिक और मानसिक रूप से भी मुश्किल होता है जैसा कि आपने देखा है। द्रविड़ ने कहा कि लेकिन अंत में यह संतोषजनक होता है। आपको श्रृंखला जीतने के बाद जो संतुष्टि मिलती है, मुझे लगता है कि यह अभूतपूर्व होती है। जैसे इस श्रृंखला में एक मैच में हार से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 4-1 से जीतना, कितना संतोषजनक है।

शार्दुल के खेल से विदर्भ के खिलाफ मुंबई का पलटवार

रणजी फाइनल



मुंबई, एजेंसी

श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे का रणजी में खराब प्रदर्शन जारी रहा लेकिन शार्दुल ठाकुर के खेल के दम पर मुंबई फाइनल के शुरुआती दिन विदर्भ के खिलाफ वापसी में सफल रहा। शार्दुल ने 69 गेंद में 5 चौके और 3 छक्के की मदद से 75 रन बनाए, जिससे 111 रन पर 6 विकेट गंवाने वाली मुंबई ने 224 रन बनाए।

शार्दुल ने गेंदबाजी कर विदर्भ के ध्रुव शोरे को पगबाधा किया। दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने 3 विकेट पर 31 रन बनाए। टीम मुंबई से 193 रन पीछे है। स्टंप्स के समय अथर्व तायडे (21) और रात्रि प्रहरी आदित्य ठाकरे क्रीज पर थे। तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने अमन मोखाडे (8) और करुण नायर (0) को विकेटकीपर हार्दिक तामोरे के हाथों कैच कराकर मुंबई का दबदबा बनाया। मुंबई ने बिना नुकसान के 81 रन बना लिए थे, लेकिन लंच के पहले और बाद में टीम 111 रन तक 6 विकेट गंवा दिए। राहणे और अय्यर ने 7-7 रन बनाए। दिन के पहले सत्र में उमेश यादव (43 रन पर 2 विकेट) की गेंदबाजी के खिलाफ मुंबई के पृथ्वी साव (46) और भूपेन लालवानी (37) ने रन बनाए। इस गेंदबाज ने लंच के बाद अय्यर का विकेट लिया। 20वें ओवर में तेज गेंदबाज यश ठाकुर (54 रन पर 3 विकेट) ने लालवानी को आउट कर पहले विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी को तोड़ा। कप्तान अक्षय वाखरे ने स्लिप में उनका शानदार कैच लपका। साव वामहस्त स्पिनर हर्ष दुबे (62 रन पर 3 विकेट) की गेंद पर बोल्ड होकर अर्धशतक से चूक गए। मुशीर खान (6) हर्ष की फिरकी से पगबाधा हो गए। महज 30 रन के अंदर 6 विकेट मुंबई ने गवां दिए। क्रीज पर आए शार्दुल ने कुछ चौके लगाकर विदर्भ के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। एक छोर से वह तेजी से रन बना रहे थे तो वही दूसरे छोर से पुछल्ले बल्लेबाजों का विकेट गिर रहा था। वह आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

बॉलीवुड हलचल

पृथ्वीराज की 'द गोट लाइफ' का ट्रेलर जारी

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'द गोट लाइफ' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पृथ्वीराज सुकुमारन इन दिनों इस फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन बेहतर जीवन के तलाश में जुटे हुए हैं, लेकिन उनके सामने जीवन की कई मुश्किलें सामने आ रही हैं और वे खुद भी कष्टों में जूझ रहे हैं। फिल्म लोकप्रिय बेस्टसेलर उपन्यास 'आदु जीविथम' पर आधारित है। मशहूर लेखक बेन्यामिन द्वारा लिखित यह उपन्यास एक युवक नजीब के जीवन की सच्ची कहानी है, जो 90 के दशक की शुरुआत में विदेश में भाग्य की तलाश में केरल के हरे-भरे तटों से पलायन करता है। पृथ्वीराज ने कहा कि यह एक लंबी यात्रा रही है और आसान नहीं है। एक दशक के लंबे इंतजार के बाद दर्शकों को हमारी कड़ी मेहनत और उथल-पुथल का फल देखने को मिलता है। कोविड के दिनों से लेकर आज तक 'द गोट लाइफ' अप्रत्याशित और अविस्मरणीय यात्रा रही है। एआर रहमान जैसे उस्ताद को संगीत को जीवंत करते देखना सम्मान की बात है।

ऐश्वर्या, प्रियंका और दीपिका से मिलती है आलिया भट्ट को प्रेरणा

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री आलिया भट्ट को ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण से प्रेरणा मिलती है। आलिया भट्ट ने बताया कि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्रियों ने बेहतरीन काम किया है और वो मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं। ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण, ऐसी कलाकार हैं जो मेरी दोस्त भी हैं। मैं भी उनकी तारीफ करती हूं इसलिए मुझे उन्हें बहुत अधिक श्रेय देना होगा क्योंकि उन्होंने एक तरह से रास्ता बनाया है। आलिया ने कहा कि मुझे यह भी लगता है कि हम ऐसे समय में रह रहे हैं जहां विविधता समय की मांग है। आप दुनिया के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग चेहरों को अलग-अलग लहजे में बोलते हुए देखना चाहते हैं। लेकिन सभी एक ही का हिस्सा हैं।

फिल्म बड़े घर की बेटी में अंजना और यामिनी

मुंबई, एजेंसी। बी4यू मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत नीलम तिवारी फिल्म प्राइवेट लिमिटेड (ओपीसी) के बैनर से बनने वाली भोजपुरी फिल्म बड़े घर की बेटी की शूटिंग शुरू हो गई है। बड़े घर की बेटी में अंजना सिंह और यामिनी सिंह मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह, अंजनी तिवारी और नीलाभ तिवारी हैं, जबकि निर्देशक संजीव बोहरपी हैं। फिल्म के निर्देशक संजीव बोहरपी ने बताया कि फिल्म की शूटिंग चल रही है। बचपन में मुंशी प्रेमचंद की कहानी बड़े घर की बेटी पढ़ा था, फिर इस टाइटल से हिंदी सिनेमा में फिल्म भी बनी थी। लेकिन हमारी यह फिल्म इन दोनों से अलग है और फ्रेश कहानी के साथ हम दर्शकों के सामने आएंगे। फिल्म की कास्टिंग भी कहानी के हिसाब से ही की गई है इसलिए हमें लगता है कि यह फिल्म दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स को भी पसंद आएगी। वहीं फिल्म को लेकर अंजना सिंह ने कहा कि कथ्य प्रधान फिल्मों में काम करने का अपना ही अंदाज होता है। मैंने भोजपुरी में बहुत सारी फिल्में की हैं, लेकिन यह फिल्म उन सभी से अलग है और मैं उम्मीद करती हूं कि जब भी रिलीज होगी, दर्शक इसे जरूर सिनेमाघर में जाकर देखेंगे। यामिनी सिंह ने कहा कि अलग-अलग तरह की कहानी के किरदार को जीना मेरी प्राथमिकता रही है। उम्मीद है यह फिल्म भी दर्शकों को बेहद पसंद आए। फिल्म बड़े घर की बेटी का कथा संवाद अरविंद तिवारी ने लिखा है और कला अंजनी तिवारी का है। डीओपी विजय मंडल का है। नृत्य कानू मुखर्जी, सोनू प्रीतम, संगीत साजन मिश्रा और गीत प्यारेलाल यादव, अरबिंद तिवारी का है। फिल्म के कार्यकारी निर्माता-अभिषेक त्रिपाठी हैं इस फिल्म में अंजना सिंह, यामिनी सिंह, अविनाश साही राकेश बाबू, संतोष श्रीवास्तव, प्रेम दुबे, कंचन मिश्रा, सोनाली मि मिश्रा मिश्रा, भूपेंद्र सिंह बीना पांडे मुख्य भूमिका में हैं।

भोजपुरी फिल्म रंग दे बसंती के टाइटल पर सेंसर बोर्ड का एतराज



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती के टाइटल पर सेंसर बोर्ड ने एतराज जताया है। निर्माता रोशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंह, निर्देशक प्रेमांशु सिंह और खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती 22 मार्च को पैन इंडिया रिलीज होनी है, लेकिन उससे पहले फिल्म के टाइटल पर सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने एतराज जता दिया है। फिल्म के निर्माता रोशन सिंह ने बताया कि उन्हें न्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से एक कॉल आया था, जिसमें पहले लीज हुई हिंदी फिल्म के समान शीर्षक होने से फिल्म के शीर्षक में बदलाव का अनुरोध किया गया। उन्होंने कहा कि मुझसे रवि नाम के किसी व्यक्ति ने संपर्क किया था, जिसने मेरी फिल्म के शीर्षक में बदलाव का अनुरोध किया था। रोशन सिंह ने बताया कि फिल्म रंग दे बसंती की स्क्रीनिंग हो चुकी है, और हमें यूए प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए आवश्यक कुछ कट्स के बारे में सूचित किया गया। जो बोर्ड के ऑफिसियल वेबसाइट पर भी दर्ज है। उन्होंने कहा कि जब हमने इस बाबत जानकारी के लिए सेंसर बोर्ड कार्यालय में संपर्क किया तो बताया गया कि आपका मामला सेंसर बोर्ड अध्यक्ष के कार्यालय से लंबित है। जो ऑफिसियल वेबसाइट पर भी दर्ज है। मैंने 5 मार्च को एक पत्र के माध्यम से इसकी जानकारी चाही मगर कारण क्या है अभी तक बताया नही जा रहा है और 8 मार्च को मुझे फोन कर फिल्म का शिर्षक बदलने का अनुरोध किया गया।

अंकुश राजा का होली गाना रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायक अंकुश राजा का गाना देवरे से डलवाईब रिलीज हो गया है। गाना देवरे से डलवाईब का थीम होली के दौरान भाभी के साथ देवर की ठिठोली का है, जिसे अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाना देवरे से डलवाईब वाई आर म्यूजिक फैक्ट्री के ऑफिशियल ट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। अंकुश राजा ने कहा कि होली के गानों की अपनी विधा है, जो हमारे यहां लोक संस्कृति में व्याप्त है। इस गाने में भी हुआ ऑडियंस को देखने को मिल रहा है और लोग इसे कनेक्ट भी कर पा रहे हैं तभी इस गाने को लाखों व्यूज मिल चुके हैं और यह गाना तेजी से आगे बढ़ रहा है। देवरे से डलवाईब गाना के म्यूजिक वीडियो में अंकुश राजा, रक्षा गुप्ता के नजर आए हैं। देवरे से डलवाईब के गीतकार छोटू यादव हैं और संगीतकार विकी बॉक्स हैं। डायरेक्टर संदीप राज हैं और कोरियोग्राफर योगेश हैं।

कतर में दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस लॉन्च

दोहा। दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस कतर एयरवेज ने लॉन्च कर दी है। कंपनी ने दुनिया की पहली डिजिटल ह्यूमन केबिन क्रू आईटीबी बर्लिन 2024 के दौरान पेश की है। इसका नाम समा है।

कंपनी ने एआई बेस्ड एयर होस्टेस का डेमो कतर वेब समिट के दौरान दिया था। ये केबिन क्रू ह्यूमन एयर होस्टेस को रिप्लेस नहीं करेगा। इसे बतौर फ्लाइट अटेंडेंट ट्रेनिंग दी गई है। यह खुद को अपडेट करती रहती

लापता मछुआरों की खोज के लिए पाकिस्तान भारत से मांगेगा मदद

- हिजामक्रो क्रीक में नाव पलटने से पांच मार्च को हुआ था हादसा, अब तक 31 लोगों के शव बरामद

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान सरकार 14 मछुआरों के शव बरामद करने के लिए भारत से मदद मांग सकती है, जो नाव पलटने के बाद से लापता हैं। सिंध के गांव इब्राहिम हैदर के 45 मछुआरे मछली पकड़ने गए थे, लेकिन पांच मार्च को थट्टा में केटी बंदर के पास हिजामक्रो क्रीक में नाव पलट गई। 31 मछुआरों को बचा लिया गया, जबकि 14 लापता हैं।

अधिकारियों ने कहा कि लापता लोगों को ढूंढने के लिए पाकिस्तानी नौसेना, समुद्री सुरक्षा एजेंसियों के गोताखोरों द्वारा अभियान चलाया गया, लेकिन 14 लापता मछुआरों का पता नहीं चल सका। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के विधायक आगा रफीउल्ला ने कहा कि शनिवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह से बात की थी और उनसे भारतीय अधिकारियों से संपर्क करने और लापता मछुआरों का पता लगाने के लिए उनकी मदद लेने को कहा था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शरीफ ने उन्हें आश्वासन दिया है कि सरकार मामले को भारतीय अधिकारियों के साथ उठाएगी, क्योंकि ऐसी आशंका है कि ज्वार की लहरें मछुआरों को भारत की क्षेत्रीय सीमा तक ले गई होंगी। रफीउल्ला ने कहा कि लापता मछुआरे के रिश्तेदारों के संपर्क में हैं।

अमेरिकाः एडल्ट स्टार सोफिया लियोन का निधन

वाशिंगटन। एडल्ट फिल्म स्टार सोफिया लियोन का निधन हो गया है। 26 साल की सोफिया इस महीने की शुरुआत में अपने अपार्टमेंट में बेहोश मिली थीं। सौतेले पिता माइक रोमेरो ने उनके निधन की पुष्टि की है। फिलहाल मौत का कारण सामने नहीं आया है। सोफिया की मौत के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। पिछले तीन महीने में ये तीसरा मामला है जब किसी एडल्ट स्टार की मौत हुई है। सौतेले पिता ने गोफंडमी पर उनके मेमोरियल के लिए पैसे की मांग की है। उन्होंने कहा कि सोफिया एक मार्च को अपने अपार्टमेंट में बेहोश मिली थीं। फिर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच कर रही है।

स्मिशिंग से यूजर्स को फांस रहे साइबर ठग, संदिग्ध लिंक से बचें

भारत समेत दुनिया में एसएमएस धोखाधड़ी बढ़ रही है। इसे 'स्मिशिंग' कहा जाता है। साइबर सुरक्षा कंपनी प्रूफपॉइंट के अनुसार, दुनिया में रोज 4 लाख एसएमएस हमले होते हैं। साइबर लुटेरों के फैलाए इस जाल में फंसकर लोग अपने बैंक खातों से पैसा गंवा रहे हैं। जानते हैं 'स्मिशिंग' क्या है और इससे कैसे बचें...

4 लाख एसएमएस हमले करके दुनिया में रोज साइबर लुटेरों लोगों को फंसा रहे

स्मिशिंग, ईमेल ठगी से भी ज्यादा खतरनाक

स्मिशिंग ईमेल ठगी से अधिक खतरनाक मानी जाती है, क्योंकि ऐसे साइबर अपराधियों की पहचान करना मुश्किल होती है। जबकि, पीड़ितों को लगता है कि उनके नंबर का उपयोग केवल ज्ञात लोग ही कर सकते हैं।

क्या है स्मिशिंग ठगी

स्मिशिंग साइबर हमला है, जो मोबाइल टेक्स्ट मैसेज भेजकर किया जाता है। इसे एसएमएस फिशिंग भी कहते हैं। इससे लोगों और कंपनियों दोनों को निशाना बनाया जाता है। ठग लोगों को भ्रामक संदेश भेजता है, जिसे पढ़कर लगता है कि किसी भरोसेमंद स्रोत से भेजा गया है। इनमें अक्सर एक लिंक होता है, जो यूजर को फर्जी वेबसाइट पर ले जाता है। जब यूजर अपनी जानकारी (पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड डिटेल आदि) डालता है, तो ठग इसे चुरा लेता है। कुछ मामलों में मैसेज में मैलवेयर भेजा जाता है। पिछले साल 39% यूजर को कम से कम ठगी का एक मैसेज आया है।

ठगी से कैसे बचें

अनचाहे संदेशों से सावधान रहें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। बैंक से जुड़ा संदिग्ध मैसेज मिले तो बैंक से संपर्क करें। निजी लेनदेन के लिए अलग ईमेल का इस्तेमाल करें। ऑपरेटिंग सिस्टम, सॉफ्टवेयर को अपडेट रखें, ताकि संबंधित मामले में बचा जा सके।

ऑनलाइन शिकायत दर्ज कैसे करें

चक्षु पोर्टल का लिंक sancharsaathi.gov.in पर उपलब्ध है। सरकार चक्षु के लिए एक एप बनाने पर काम कर रही है। अगर आपके पास धोखाधड़ी के इरादे से कोई कॉल, एसएमएस या व्हाट्सएप मैसेज आता है तो पोर्टल पर उसकी रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। शिकायत में कॉल या एसएमएस आने का समय, तारीख और इससे जुड़ी सभी जानकारियां देनी होती हैं। रिकॉर्ड के तौर पर ऐसे कॉल या मैसेज का स्क्रीनशॉट भी देना होगा। अगर साइबर ठगी का शिकार हो चुका है तो उसे 'चक्षु' पोर्टल की बजाय भारत सरकार के साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट दर्ज करवानी चाहिए।

एक नजर

नरसंहार से नेतन्याहू इजराइल को नुकसान पहुंचा रहेः बाइडन

विलमिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को कहा कि उन्हें लगता है कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में हमास के खिलाफ अपने युद्ध के तरीके से इजराइल की मदद करने के बजाय उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। बाइडन ने कहा- इजराइल गाजा में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की मौत होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय सहयोग खो सकता है। उनकी ताजा टिप्पणी दोनों नेताओं के बीच तनावपूर्ण होते संबंधों की ओर इशारा करती है। बाइडन ने गाजा में लोगों के बड़ी संख्या में मारे जाने पर बात की।

पाकिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर 10 आतंकवादी ढेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में 10 आतंकवादी मारे गए हैं, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी सेना ने कहा, उत्तरी वजीरिस्तान जिले में खुफिया-आधारित अभियान चलाया। सेना कहा- पहले ऑपरेशन में आतंकवादियों के बीच झड़प में चार आतंकवादी मारे गए, जबकि अनुवर्ती सफाया अभियान के दौरान चार और आतंकवादी ढेर कर दिए गए। आईएसपीआर ने कहा कि एक अलग ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर घुसपैठ करने की कोशिश में दो आतंकियों की मौत हुई है, जबकि पांच को हिरासत में लिया गया है।

पश्चिम बंगाल में पहली बार राम नवमी पर सार्वजनिक अवकाश

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने आगामी 17 अप्रैल को राम नवमी के अवसर पर पहली बार सार्वजनिक छुट्टी की घोषिणा की है। शनिवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि 17 अप्रैल 2024 को राम नवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ऐसा अपनी हिंदू विरोधी छवि को भुनाने के लिए किया है, लेकिन अब बहुत देर हो गई है। बंगाल में हमेशा से दुर्गा पूजा, काली पूजा और सरस्वती पूजा बड़े त्योहार के रूप में मनाए जाते हैं।

इंडोनेशिया में भूस्खलन और बाढ़ से 19 की मौत, सात लापता

पदांग (इंडोनेशिया)। इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लापता हैं। स्थानीय आपदा प्रबंधन एजेंसी बताया है कि शुक्रवार देर रात कई टन मिट्टी, चट्टानें और उखड़े हुए पेड़ एक पहाड़ से लुढ़ककर एक नदी तक पहुंच गए। एजेंसी ने कहा इस आपदा में मरने वालों की संख्या 19 हो गई है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अचानक आई बाढ़ से कम से कम दो ग्रामीण घायल हो गए और बचावकर्मी ऐसे सात लोगों की तलाश कर रहे हैं जो र अब भी लापता हैं। एजेंसी ने कहा- राहत बचाव कार्य जारी है।

टिकटॉक से प्रचार कर रहे बाइडन ट्रंप महिलाओं की आजादी के विरोधी

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावः ट्रंप विरोधी नारों के बीच युवाओं को लुभाने में जुटे हैं राष्ट्रपति

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव लगभग तय हो गया है कि जो बाइडन का मुकाबला पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होगा। भले ही हाल के कई सर्वे में बाइडन की उम्र (81 वर्ष) को लोगों ने बड़ा मुद्दा माना हो, लेकिन बाइडन ने जेन-जी युवाओं को लुभाने में ताकत लगा दी है। इसके लिए बाइडन अपने प्रचार में ट्रंप के भूलने की समस्या का जिक्र करते हैं।

ट्रंप को महिलाओं की आजादी का विरोधी बताते हैं। गर्भपात कानून का जिक्र करते हैं। इजराइल-फिलीस्तीन मुद्दे पर युद्ध- विराम के अपने प्रशासन के प्रयासों को बताते हैं। बॉर्डर पर दीवार का विरोध करते रहे हैं। युवाओं तक पहुंच बनाने के लिए टिकटोंक पर भी प्रचार अभियान शुरू किया है। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति जो बाइडन को बहस की चुनौती दी है। ट्रंप ने कहा कि यह हमारे देश और लोगों के लिए अच्छा रहेगा कि बाइडन और मैं अमेरिका के लिए अहम मुद्दों पर बहस करें। मैं कहीं भी, कभी भी डिबेट के लिए तैयार हूं।

अमेरिका में 20 फीसदी युवा मतदाता चुनाव में करेंगे खेला

20 साल से कम के 20% वोटर जो बाइडन को दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए युवा मतदाताओं का समर्थन जरूरी है। कुल अमेरिकी वोटरों में 18 से 19 साल तक युवा मतदाता करीब 20 फीसदी हैं। ये चुनाव के नतीजे को बना या बिगाड़ सकते हैं। वहीं, युवाओं के संगठन सनराइज मूवमेंट ने बाइडन लिए एक रोडमैप पेश किया है। इसमें 2035 तक ग्रीन एनर्जी अपनाने, आपदा प्रभावित त लोगों को मुफ्त इलाज और सस्ता आवास देने की मांग की गई है। गाजा-वेस्ट बैंक में स्थायी और तुरंत युद्धविराम तथा इजराइल को सैन्य और हथियार मदद रोकने की मांग शामिल है।

बाइडन-ट्रंप में आरोप-प्रत्यारोप

राष्ट्रपति पद के प्रबल दावेदारों में 81 वर्षीय बाइडन और 77 वर्षीय ट्रंप आरोप-प्रत्यारोप से खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। लोकप्रियता में कमी के बावजूद पार्टियों पर पकड़ बनाए हुए हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि हमें बाइडन को हराना ही होगा। वह (बाइडन) इतिहास के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा, यदि हम ये चुनाव हारते हैं तो आपको एक फिर डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल के साथ जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

किसी भी उम्मीदवार को पैसे दान नहीं करूंगाः एलन

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि राष्ट्रपति पद के किसी उम्मीदवार को पैसा दान करने की उनकी कोई योजना नहीं है। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा, बस पूरी तरह से स्पष्ट होने के लिए आपको बता रहा हूं कि मैं अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में किसी भी उम्मीदवार को पैसा दान नहीं कर रहा हूं। दो दिन पहले ट्रंप से मिले थे।

चीनी एप पर अमेरिका लगाएगा पाबंदी, पेश किया विधेयक

वाशिंगटन। अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में रूस ने सोशल मीडिया के माध्यम से दखल दिया था। स्पेशल काउंसिल रॉबर्ट मुलर ने 2018 में पेश आरोप पत्र में बताया कि किस तरह रूसियों ने सोशल मीडिया पर हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ और डोनाल्ड ट्रंप के पक्ष में प्रचार किया था।

अब 2024 के राष्ट्रपति चुनाव पर ऐसा ही खतरा मंडरा रहा है। कई विशेषज्ञ चीनी कंपनी बाइटडांस के एप टिकटॉक को गंभीरता से लेने की सलाह दे रहे हैं। अमेरिका में टिकटॉक के लगभग 17 करोड़ मासिक यूजर्स हैं। यह युवाओं में ज्यादा पॉपुलर है। खासकर कॉलेजों में इसके जरिये राजनीतिक प्रचार हुआ है। इसे ध्यान में रखकर 5 मार्च को रिपब्लिकन पार्टी के माइक गैलागर और डेमोक्रेटिक पार्टी के राजा कृष्णमूर्ति सहित 18 अन्य सांसदों ने बाइटडांस से संबंध नहीं तोड़ने की स्थिति में टिकटॉक पर पाबंदी लगाने का विधेयक प्रतिनिधि सदन में पेश किया है। विधेयक पास होने पर टिकटॉक बैन हो जाएगा। भारत ने 2020 में टिकटोंक पर प्रतिबंध लगाया था, अब अमेरिका तैयारी कर रहा है।

एआई से बन रहे सबसे ज्यादा चुनावी फेक फोटो और वीडियो

- टेक वॉचडॉग की रिपोर्ट में खुलासा सॉफ्टवेयर से सबसे ज्यादा चुनावी कंटेंट किए जा रहे तैयार

वाशिंगटन, एजेंसी

अगले कुछ महीनों में भारत-अमेरिका समेत दुनिया के दर्जन भर से ज्यादा देशों में होने जा रहे चुनाव इस बार मुद्दों से ज्यादा एआई से लड़े जाएंगे। इसके लिए एआई के जरिए फेक न्यूज और फेक फोटोज क्रिएट किए जा रहे हैं। टेक वॉचडॉग सेंटर फॉर डिजिटल हेट की रिपोर्ट के अनुसार, एआई इमेज क्रिएटर इस वक्त सबसे ज्यादा फेक पॉलिटिकल इमेज जेनरेट कर रहे हैं।

इनके जरिए चुनाव से संबंधित फेक इमेज सबसे ज्यादा तैयार किए जा रहे हैं। मिडजर्नी, स्टैबिलिटी एआई की ड्रीम स्टूडियो, ओपेन एआई की चैट जीपीटी प्लस, माइक्रोसॉफ्ट इमेज क्रिएटर जैसे एआई इमेज जेनरेटर भ्रम पैदा करने वाले इमेज तैयार कर

रहे हैं। इनमें ज्यादातर अमेरिका के चुनाव या वोटिंग सुरक्षा को लेकर हैं। यह हाल तब है, जब इन कंपनियों ने यह वादा किया है कि उन्होंने अपने एआई सॉफ्टवेयर में पर्याप्त सुरक्षा का इंतजाम किया है और इनसे फेक फोटोज नहीं बनाई जा सकेंगी। सेंटर फॉर डिजिटल हेट ने कहा- इन एआई सॉफ्टवेयर में कुछ टूल्स हैं, जो फेक इमेज तैयार करने से रोकते हैं, लेकिन ये पर्याप्त नहीं हैं।

वर्जीनिया की सीनेट में भारतवंशी पत्रकार सम्मानित

वाशिंगटन। भारतीय-अमेरिकी पत्रकार टी विष्णुदत्त जयरामन एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दरअसल, वर्जीनिया के सदन ने जयरामन के पत्रकारिता और विदेश नीति के प्रति समर्पण के लिए उनके काम की सराहना करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव भारतीय अमेरिकी सांसद सुहास सुब्रमण्यम ने चार मार्च को पेश किया था। बता दें, सुब्रमण्यम वर्जीनिया के 10वें कांग्रेस निर्वाचन क्षेत्र से अमेरिकी कांग्रेस के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार भी हैं। बाद में आठ मार्च को सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर दिया। सीनेट में जयरामन का परिचय देते हुए सुब्रमण्यम ने पत्रकारिता और विदेश नीति के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। साथ ही उन्हें सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रतिष्ठित अशोक पुरस्कार प्राप्त करने वाले पत्रकार के रूप में संदर्भित किया।

उग्र छात्रों ने घेरा संसद...

एथेंसः ग्रीस के छात्रों ने निजी विश्वविद्यालयों की योजनाबद्ध शुरुआत के खिलाफ एथेंस में प्रदर्शन किया। करीब 20 हजार छात्रों ने संसद का घेराव करने का प्रयास किया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर उन्हें रोकने की कोशिश। इससे छात्र हिंसा पर उतर आए। उन्होंने पुलिस पर पेट्रोल बम, पटाखे फेंके और जवानों से भिड़ गए। जनवरी से ही सरकार के निजी विश्वविद्यालयों को खोलने की मंजूरी से जुड़ा प्रस्ताव आने के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। ● एजेंसी

इजराइल ने बेन डेविड की हत्या का लिया बदला, आतंकी ढेर

तेल अवीव। इजराइली सेना ने उस आतंकवादी को हवाई हमले में मार गिराया है, जिसने गाजा में एक रिजर्व अधिकारी की हत्या की थी। रविवार सुबह इजराइल रक्षा बलों ने यह जानकारी दी है। आईडीएफ सैनिकों ने मेजर (रेस.) अमीशर बेन डेविड की हत्या के बदले में मारा है।

43 वर्षीय बेन डेविड कमांडो ब्रिगेड प्रमुख की फॉरवर्ड कमांड टीम के प्रमुख थे। वह शुक्रवार को दक्षिणी गाजा में मारे गए थे। बेन डेविड को रविवार दोपहर यरुशलम के माउंट हर्जल सैन्य कब्रिस्तान में दफनाया गया। इस बीच, मध्य गाजा में, इजरायली बलों ने पिछले दिन विमान और लड़ाकू जेट, स्नाइपर फायर और टैंक फायर के माध्यम से 13 आतंकवादियों को मार गिराया है।

ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थकों के 300 खाते सीज, 100 करोड़ जब्त

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की ऋषि सुनक सरकार ने भारत विरोधी खालिस्तान समर्थकों पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई विशेष टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते सीज कर लगभग सौ करोड़ रुपये की रकम जब्त की है। टास्क फोर्स ने इन सभी बैंक खाते से कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को हुए संदिग्ध ट्रांजेक्शन को ट्रैक किया था।

टास्क फोर्स के अनुसार, पिछले साल गठित टीम की वॉच लिस्ट में पांच हजार से ज्यादा बैंक खाता हैं। टास्क फोर्स ने इन खातों को दो तरह से बांटा है। पहला- वो खाता जो सीधे तौर पर घोषित खालिस्तानी नेताओं के हैं और दूसरा- वे खाते जो खालिस्तान समर्थकों के हैं। बैंक अकाउंट से एक बार

- सुनक सरकार का एक्शन कनाडा सहित कई देशों में ट्रांजेक्शन ट्रैक

में 50 हजार रुपए से ज्यादा का लेनदेन होने पर जानकारी निकलवाई जाती है।

टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के अमेरिका में नेटवर्क के भंडाफोड़ के लिए जांच एजेंसी एफबीआई से भी संपर्क साधा है। टास्क फोर्स के एक अफसर ने बताया कि भारत में प्रतिबंधित संगठनों के अमेरिका में बसे नेताओं की फंडिंग को रोकने के लिए एक दल अगले महीने अमेरिका जाएगा। बैंक अकाउंट सीज होने की कार्रवाई तेज होने पर आशंका है कि हवाला के जरिए फंडिंग हो सकती है।

एक साल के भीतर तीसरी बार विश्वासमत हासिल करेंगे दहल

- मंत्रिमंडल का किया विस्तार, 13 को सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य का लिया फैसला

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड इस बार सत्ता में आने के बाद 15 महीने के भीतर तीसरी बार 13 मार्च को संसद में विश्वासमत हासिल करने की योजना बना रहे हैं। 25 दिसंबर 2022 को तीसरी बार प्रधानमंत्री बने प्रचंड ने हाल ही में नेपाली कांग्रेस से नाता तोड़ पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन कर लिया।

प्रचंड की पार्टी सीपीएन-माओवादी सेंटर की संसदीय दल की बैठक में 13 मार्च को अपने सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य करने के लिए व्हिप जारी करने का फैसला लिया गया। संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की 13 मार्च के सत्र की बैठक बुलाई गई है। नेपाली

मीडिया के अनुसार, नए गठबंधन के पास संसद में 275 सदस्य हैं।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने रविवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। वरिष्ठ मधेसी नेता और जनता समाजवादी पार्टी के चेयरमैन उपेंद्र यादव को जनसंख्या एवं स्वास्थ्य और उन्हीं की पार्टी के किशोर शाह को वन मंत्री बनाया है। इसके साथ ही प्रचंड मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या 22 हो गई है।

अध्ययन हालिया सर्वे में सामने आए आंकड़े, इसकी बड़ी वजह बाकी कर्मीयों के मुकाबले अधिक कामगर होना

विश्व में मैनेजर लेवल जॉब के लिए भारतीय कर्मी पहली पसंद

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय कामगार न केवल भारत में बल्कि देश के बाहर भी परचम लहरा रहे हैं। इनकी डिमांड अब देश के बाहर भी बड़े पैमाने पर हो रही है। हालिया एक सर्वे में सामने आया है कि दुनियाभर की कंपनियों में मैनेजर स्तर की जॉब के लिए भारतीय पहली पसंद हैं।

इसके पीछे की बड़ी वजह इन्हें बाकियों के मुकाबले अधिक कामगर होना है। इसके अलावा भारतीय कर्मचारी का कल्चरली सेंसेटिव होना है, जिस वजह से यह ऑफिस में कल्चरली आसानी से घुल-मिल जाते हैं। इसके साथ ही भारतीय कर्मचारी काफी विनम्र होते हैं और काम करने के लिए कहीं भी जाने को तैयार रहते हैं। पिडिलाइट के डायरेक्टर भरत पुरी,जो पहले कैडबरी और मॉडेलेज के साथ काम कर चुके हैं। वे कहते हैं, पिडिलाइट के एशिया-पैसिफिक के तमाम रिजनल ऑफिस में एक-तिहाई मैनेजर भारतीय हैं। वो कहते हैं कि भारतीय मैनेजर यूरोपीय समकक्षों की तुलना में विदेश में नौकरी के लिए जल्दी और अच्छी तरह से तैयार होते हैं।

पूरी कहते हैं कि 20 साल पहले किसी मल्टीनेशनल कंपनी में भारतीयों की संख्या एक या दो होती थी, लेकिन यह संख्या अब 60-70 हो चुकी है। लग्जरियस फैशन ब्रांड शनैल की सीईओ लीना नायर कहती हैं कि हालिया दौर में जहां कॉम्पिटिशन बहुत ज्यादा है उस दौर में भारतीय अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। भारतीय मैनेजर्स की विविधता और कौशल को देखकर मैं भी प्रभावित होती हूं। बता दें कि बाहर नौकरी पाने के लिए सबसे बढ़िया सोर्स उस देश की एंबेसी की वेबसाइट खोज कर ज्यादातर भारतीय है।

वहां से पता किस तरह की जॉब मिल सकती हैं, वीजा के लिए कैसे अप्लाई करना है, बगैर-बगैरा जानकारी आसानी से मिल जाती है। इनके अलावा ईमेल आईडी पर कम्यूनिकेशन कर लेते हैं। देशों की वेबसाइट्स और वहां मौजूद जॉब जब आप किसी भी देश की वेबसाइट पर जाएंगे तो वहां ऊपर ही वीजा के लिए आवेदन करने जैसे ऑप्शन होते हैं।

सीईओ में भी भारतीय पहली पसंद बन रहे

न केवल मैनेजर लेवल की जॉब के लिए भारतीय पहली पसंद हैं बल्कि सीईओ के रूप में भी दुनियाभर की कंपनियों के लिए भारतीय पहली पसंद हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, गूगल के सुंदर पिचई, यूट्यूब के नील मोहन, एडोब के शांतनू नारायण, स्टारबक्स के लक्ष्मण नरसिम्हन और आइबीएम के अरविंद कृष्णा सभी भारतीय मूल के हैं।

लेह में 'सरगर्मी' तेज, माइनस 15 डिग्री में उपवास पर बैठे वांगचुक

लेह, एजेंसी

लद्दाख को पूर्ण राज्य बनाने की मांग तेज हो गई है। इसको लेकर मशहूर इनोवेटर सोनम वांगचुक लेह में माइनस 15 डिग्री की हाड़ कंपाने वाली सर्दी में खुले आसमान के नीचे 21 दिनों के उपवास पर बैठ गए हैं।

वांगचुक की मांग है कि केंद्र जल्द से जल्द लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दे या इसे विधानसभा के साथ केंद्रशासित प्रदेश बनाए। इसके अलावा छठी अनुसूची लागू करने

- लद्दाख को मिले राज्य का दर्जा केंद्र सरकार को दी चेतावनी अनिश्चितकालीन चलेगा आंदोलन

की भी मांग हो रही है। उन्होंने ने चेताया कि यदि केंद्र सरकार लद्दाख के लोगों से किए गए वादे पूरे नहीं करती तो आंदोलन अनिश्चितकालीन चलेगा। बता दें कि लद्दाख, पहले जम्मू-कश्मीर राज्य का हिस्सा था, अब इसको अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्ज दे दिया गया है।